# स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

सोमवार, 11 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 255 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3




लोकतंत्र के शुभ को आहत करने वाले....-पेज-6


Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

Holi Special Offer

1,00,000 tak ki Maha Bachat on 2023 Make Models
Limited Stock Available

HONDA
The Power of Dreams




Starts from ₹11 57 900*
Starts from ₹7 15 900*
Starts from ₹11 70 900*

/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 | Service: +91 8009090093



आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)
सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219
9455555965, 9415133977


# दिन दूनी रात चौगुनी गति से आगे बढ़ रहा भारत : राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ में आयोजित समारोह के दौरान लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल-3 का आभासी माध्यम से लोकार्पण किया। लखनऊ में मौजूद रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लखनऊ के साथ-साथ पूरा भारत दिन दूनी रात चौगुनी गति से आगे बढ़ रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि 2014 में जहां इस देश में सिर्फ 74 एयरपोर्ट हुआ करते थे, वहीं आज उनकी संख्या दो गुनी से अधिक होकर 149 तक पहुंच गई है। पहले यह माना जाता था कि एयरपोर्ट या हवाई यात्रा यह सब उच्च वर्ग के लिए ही है, आम आदमी तो इसमें चल ही नहीं सकता। हवाई यात्रा, गरीब और अमीर के बीच एक खाई के रूप में काम करती थी। हमने उस खाई को क्षेत्रीय कनेक्टिविटी उड़ान के माध्यम से पाट दिया है। यही चीज आप इंटरनेट कनेक्टविटी में भी देख सकते हैं। पहले इंटरनेट तक सिर्फ अमीरों की पहुंच रहती थी। किसी गरीब के पास इंटरनेट हो, हम यह कल्पना भी नहीं कर सकते थे। हमारी सरकार द्वारा किए गए कार्यों का ही परिणाम है कि आज अमीर और गरीब सबके पास इंटरनेट का कनेक्शन



है। पहले, जो गरीब बैंक नहीं जाते थे, हमने जनधन योजना के माध्यम से उन गरीबों को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा। हम क्लास बैंकिंग से मास बैंकिंग की ओर आगे बढ़े। हमने इस देश के गरीबों को इस देश के उच्च वर्गीय परिवार के बराबर लाकर खड़ा कर दिया। रक्षामंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी सरकार की यही विशेषता रही है कि हमने मुश्किलों को अवसर में बदला है। देश में पहले से ही चला आ रहा एक सिस्टम था उसको बदलने का काम किया गया है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार द्वारा की जा रही जनसेवा का ही यह परिणाम है कि पूरा देश मोदी के नेतृत्व में लगातार विकसित हो रहा है। राजनाथ सिंह ने कहा कि उनका सौभाग्य है कि वह उस लखनऊ के सांसद हैं, जिस लखनऊ का प्रतिनिधित्व कभी अटल बिहारी वाजपेयी किया करते थे। लखनऊ का सांसद रहते हुए भगीरथ के रूप में उन्होंने इस क्षेत्र में विकास की जो गंगा बहाई थी, हमें उस विकासगंगा को और आगे ले जाने का अवसर मिल रहा है। सिंह ने कहा, मैं लखनऊ का जनप्रतिनिधि हूँ, इस नाते मुझे इस एयरपोर्ट के विकास को देखकर तो खुशी होती ही है लेकिन उससे भी ज्यादा संतोष एक नागरिक के रूप में होता है कि मेरा लखनऊ और मेरा भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार विकसित हो रहा है।

## लखनऊ एयरपोर्ट का शुरू हुआ नया टर्मिनल टी-3

लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का शुभारंभ हो गया है। इस टर्मिनल को टी-3 के नाम से जाना जाएगा। नए टर्मिनल टी-3 का पीएम नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ से रिमोट से शुभारंभ किया। इसी के साथ-साथ उन्होंने लखनऊ से यूपी के पांच जिलों की सस्ती उड़ानों का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर अमौसी एयरपोर्ट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित रहे। अमौसी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया जा रहा है। इसका लुक बेहद खास है। हाल ही टर्मिनल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जो यात्रियों को बहुत पसंद आई। इंटीरियर से लेकर यात्री सुविधाओं तक पर विशेष रूप से कार्य किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लखनऊ से पांच शहरों की फ्लाइटों को भी हरी झंडी दिखाई।

## संक्षिप्त आवाज़

### एनआरसी लागू नहीं होने देंगे: ममता

**कोलकाता।** कोलकाता के मशहूर ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आज तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की एक विशाल रैली शुरू हुई। इस रैली के साथ ही टीएमसी अपने लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान का आगाज हो गया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी च्जन गर्जन सभाज् नामक इस विशाल रैली में लोगों को संबोधित किया। कहा कि हम एनआरसी लागू नहीं होने देंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि मैं आज बंगाल के 42 लोकसभा सीटों के लिए तृणमूल के 42 उम्मीदवारों को सामने लेकर आऊंगी।

### चार दिनों की सीबीआई हिरासत में भेजा गया शाहजहां शेख

कोलकाता। यहां की एक अदालत ने संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर भीड़ के हमले के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख की सीबीआई हिरासत रविवार को और चार दिनों के लिए बढ़ा दी। अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अनुरोध पर यह आदेश जारी किया। कोर्ट में पेश हुए उसके वकील ने दावा किया कि ईडी अधिकारियों पर हमले से शाहजहां का कोई लेना-देना नहीं है लेकिन केंद्रीय एजेंसी ने उसके कॉल रिकॉर्ड का जिक्र करते हुए बताया कि जब ईडी के अधिकारी छापेमारी करने पहुंचे थे, तब उसने कई लोगों को कॉल किया।

### लालू के करीबी सुभाष को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार 9 मार्च को कई स्थानों पर छापेमारी के बाद राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के करीबी सुभाष यादव को पटना से गिरफ्तार कर लिया। उन्हें आज अदालत में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में अवैध रेत खनन से संबंधित धनशोधन मामले की जांच के तहत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से कथित तौर पर जुड़े सुभाष यादव नाम के व्यक्ति को पटना से गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को राज्य की राजधानी में यादव और उनके सहयोगियों के आधा दर्जन परिसरों पर छापे मारे।

# दूसरी मिट्टी का बना है मोदीः पीएम

## चुनाव में नेता पत्थर लगाकर गायब हो जाते थे, मैं तेज दौड़ रहा, देश को दौड़ा रहा

- 2024 में भी किए जा रहे शिलान्यासों को भी कोई चुनाव के चश्मे से न देखे
- आज आजमगढ़ देश के लिए विकास का नया अध्याय लिख रहा है

**आजमगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ में देशभर के 15 एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि मैं दूसरी मिट्टी का बना हूं। क्योंकि पहले चुनाव के मौसम में नेता पत्थर लगा देते थे। फिर पत्थर भी गायब और नेता भी गायब हो जाते थे। उन्होंने कहा कि मैं 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के लिए तेज गति से दौड़ रहा हूं और देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं। 2024 में किए जा रहे शिलान्यासों को कोई चुनाव के चश्मे से न देखें। क्योंकि 2019 में हमने जो शिलान्यास किए थे, उनके उद्घाटन हो चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज केवल आजमगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ यहां से हो रहा है। जिस आजमगढ़ को देश के पिछड़े इलाकों में गिनते थे, आज वही देश के लिए विकास का नया अध्याय लिख रहा है। आज आजमगढ़ से कई राज्यों में करीब 34 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। पीएम ने कहा कि आपका ये प्यार और आजमगढ़ का ये विकास... जातिवाद, परिवारवाद और वोटबैंक के भरोसे बैठे इंडी



गठबंधन की नींद उड़ा रहा है। पूर्वांचल ने दशकों तक जातिवाद और तुष्टीकरण की राजनीति देखी है और पिछले 10 वर्षों से ये क्षेत्र विकास की राजनीति भी देख रहा है। यहां के लोगों ने माफियाराज और कट्टरपंथ के खतरों को भी देखा है और अब यहां की जनता कानून का राज भी देख रही है। पीएम मोदी ने कहा कि विकास परियोजनाओं के लिए उत्तर प्रदेश और देश के सभी राज्यों की जनता को धन्यवाद देता हूं। मैं आजमगढ़ की जनता को धन्यवाद देता हूं, जो यहां इतनी भारी संख्या में यहां आए हैं। एक और गारंटी सुनाऊं। देखिए ये कल का आजमगढ़ अब वो गढ़ है, ये आजन्मगढ़ है। यह विकास का गढ़ रहेगा। आजन्म रहेगा। अनंत काल तक विकास का गढ़ रहेगा। यह मोदी की गारंटी है दोस्तों। पीएम ने कहा कि पूर्वांचल ने जातिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति देखी है। पिछले 10 साल में ये क्षेत्र विकास की राजनीति देख रहा है। यहां के लोगों ने माफियाराज और कट्टरपंथ के भी खतरों को देखा है। अब यहां की जनता कानून का राज देख रही है। जिस तरह हमारी जनकल्याण की योजनाओं को मेट्रो शहरों से आगे बढ़ाकर छोटे शहरों और गांव-देहात तक ले गई। वैसे ही आधुनिक इंफ्रास्ट्रचकर के काम को छोटे शहरों तक ले गए। भारत में तेजी से अर्बनाइजेशन हो रहा है। यह काम 30 साल पहले होना चाहिए था। अबर्नाइजेशन एक अवसर बन जाए। इसके लिए हम काम कर रहे हैं। अकेले आजमगढ़ को पीएम किसान सम्मान निधि का 2 लाख करोड़ रुपया मिला है। भ्रष्टाचार में डूबी परिवारवादी सरकारों में इतने बड़े पैमाने पर विकास संभव नहीं था। पिछली सरकारों में पूर्वांचल और आजमगढ़ की छवि खराब की गई। जिन सरकारों ने आतंक, बाहुबल को संरक्षण दिया, इस परिस्थिति को बदलने के लिए, यहां के युवाओं को सम्मान के लिए हमारी सरकार काम कर रही है। हमारी सरकार में महाराजा सुहेलदेव यूनिवर्सिटी का शुभारंभ किया गया। पीएम ने भाषण के दौरान लोगों से पूछा कि आप लोग बताईं कि इ यूनिवर्सिटी बन जाए से आजमगढ़ और मऊ के साथियन के लाभ होई की नाहीं। यूपी में जबसे डबल इंजन की सरकार आई है, तब से यूपी की तस्वीर और तकदीर बदल गई है। मैं इसलिए नहीं कह रहा कि यूपी का सांसद हूं बल्कि आंकड़े बोल रहे हैं। हमारी सरकार ने लाखों करोड़ के विकास कार्य कराए हैं। आज यूपी की पहचान रिकॉर्ड मात्रा में आ रहे निवेश से हो रही है। यूपी की चर्चा बेहतरीन कानून व्यवस्था से होती है। अयोध्या में राम मंदिर का काम पूरा हो गया। अयोध्या, मथुरा, काशी का पर्यटन बढ़ रहा है। 10 साल पहले मोदी ने इसकी गारंटी दी थी, जो अब पूरी हो रही है। पीएम मोदी ने कहा कि आप लोगों को याद है ना कि कैसे इसी उत्तर प्रदेश में सरकार चलाने वालों ने गन्ना किसानों को रुलाया था। उनका पैसा ही तरसा-तरसा कर दिया जाता था या मिलता ही नहीं था। ये भाजपा की सरकार है जिसने गन्ना किसानों का हजारों करोड़ का बकाया खत्म कराया है। आज गन्ना किसानों को सही समय पर गन्ने का मूल्य मिल रहा है। पीएम ने कहा कि यूपी जैसे-जैसे विकास की बुलंदियों को छू रहा है। तुष्टिकरण का जहर कमजोर हो रहा है। परिवारवादी लोग बौखलाए हुए हैं। आए दिन मोदी को गाली दे रहे हैं। ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का परिवार नहीं है।

# पीएम मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करें किसान

- सीएम ने कृषि विश्वविद्यालय समेत 2236 करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास और लोकार्पण

**कुशीनगर ब्यूरो (स्पष्ट आवाज़)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कुशीनगर में महात्मा बुद्ध कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय समेत 2236 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करते हुए प्रदेश के किसानों से आह्वान किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर में मेधा और उर्वरता की कमी नहीं है, किंतु तकनीकी और प्रौद्योगिकी न मिलने के कारण जनपद से पलायन हुआ। कृषि विश्वविद्यालय और गन्ना बीज अनुसंधान केन्द्र किसानों की आमदनी बढ़ाने का कार्य करेगा। विकास के मामले में सरकार ने कुशीनगर को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। कृषि विश्वविद्यालय इंटरनेशनल एयरपोर्ट मेडिकल कालेज जैसे विकास के कार्य हो रहे हैं, जिससे जनपद विकास का नया अध्याय लिख रहा है। यह डबल इंजन की सरकार के कारण संभव हुआ है। कहा कि भारत आज दुनिया को अपनी



ताकत का अहसास करा रहा है। आज का भारत किसी के सामने झुकता नहीं।अपने कार्य से डिगता नही। कृषि एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में कुशीनगर का नाम देश व दुनिया में जाना जाएगा।देश को फिर एक बार मोदी सरकार की भावना के साथ काम करने का वक्त है। मुख्यमंत्री ने कृषि मेला का उद्घाटन किया और उल्लेखनीय कार्य करने वाले किसानों के साथ अन्य योजनाओं से संबंधित लाभार्थियों को सम्मानित किया। जनसभा को कृषि मंत्री एसपी शाही जिले के प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने भी सम्बोधित किया इस दौरान कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह अलख अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी राज्य सभा सांसद कुँवर आरपीएन सिंह आदि मौजूद रहे।

## बंगाल की 42 लोकसभा सीटों के लिए टीएमसी ने उतारे उम्मीदवार

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव को लेकर तमाम राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। दो मार्च को भाजपा ने अपने 195 उम्मीदवारों के नामों के साथ पहली लिस्ट जारी की थी। वहीं कांग्रेस ने भी पहली सूची में 39 उम्मीदवारों का एलान किया था। इस बीच रविवार को विपक्षी गठबंधन को जोरदार झटका लगा है। सहयोगी दल टीएमसी ने कोलकाता में आयोजित रैली में बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने नामों की घोषणा की। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से विपक्षी



गठबंधन के सहयोगियों में सीट बंटवारे को लेकर चर्चा चल रही थी। डायमंड हार्बर से अभिषेक बनर्जी, कूचबिहार से जगदीश बसुनिया, अलीपुरद्वार से राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बड़ाई, जलपाईगुड़ी से निर्मल चंद्र, बहरामपुर से युसूफ पठान, रायगंज से कृष्णा कल्याणी, मालदा उत्तर से प्रसून बनर्जी, दार्जिलिंग से गोपाल लामा, बालूरघाट से बिप्लब मित्रा, राणाघाट से मुकुल मणि अधिकारी, कृष्णानगर से महुआ मोइत्रा, दुर्गापुर से कीर्ति आजाद, दमदम से सौगत रॉय, आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, हुगली से रचना बनर्जी को चुनावी मैदान में उतारा गया है।

## तानाशाही से लोकतंत्र को बदलने के विरुद्ध लड़ते रहेंगे लड़ाई : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का मकसद संकीर्ण तानाशाही करके लोकतंत्र को बदलना है लेकिन कांग्रेस इसके खिलाफ लड़ाई लड़ती रहेगी और उसके इन मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी।श्री गांधी ने ट्वीट किया,भाजपा सांसद का बयान कि उन्हें 400 सीट संविधान बदलने के लिए चाहिए, नरेंद्र मोदी और उनके च्संघ परिवारज् के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक ऐलान है। श्री मोदी और भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबा साहेब के संविधान को ख़त्म करना है। उन्हें न्याय, बराबरी, नागरिक अधिकार और लोकतंत्र से नफ़रत है।

## श्रीराम के जीवन से कलाकारों को रूबरू कराएगी सरकार

लखनऊ। अयोध्या में श्रीरामलला के अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होने के उपरांत योगी सरकार नवोदित कलाकारों को श्रीराम के जीवन दर्शन से रूबरू कराएगी। रामोत्सव-2024 के अंतर्गत राज्य ललित कला अकादमी की ओर से 11 से 16 मार्च तक राष्ट्रीय चित्रकला शिविर इसका माध्यम बनेगा। इसमें देश के विभिन्न प्रदेशों से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार हिस्सा लेंगे। अयोध्या में देश के सभी प्रदेशों से आए सुप्रसिद्ध कलाकार भगवान श्रीराम के जीवन दर्शन एवं उनसे संबंधित पात्रों को चित्र के माध्यम से जीवंत एवं मूर्त रूप में सृजित करेंगे। चित्रकला शिविर में



नवोदित कलाकार एवं कला के विद्यार्थियों को चित्रकला की बारीकियों को देखने एवं सीखने का सुअवसर प्राप्त होगा। श्रीराम का जीवन दर्शन शिविर के तहत 51 वरिष्ठ कलाकार चित्रकला के जरिए युवाओं को श्रीराम का जीवन दर्शन बताएंगे। अयोध्या में होने वाले शिविर में प्रोफेसर एस प्रणाम सिंह, किशन सोनी, राजेंद्र प्रसाद, कन्नू पटेल, नवल किशोर सरीखे कलाकार हिस्सा लेंगे। शिविर अवधि में सभी प्रतिभागी कलाकारों द्वारा एक-एक कलाकृति का सृजन किया जाएगा। साथ ही कम से कम एक-एक स्केच भी चित्रित किया जाएगा। शिविर अवधि में सृजित चित्र और स्केच अकादमी के होंगे। इन्हें शिविर के पश्चात प्रदर्शित भी किया जाएगा। राज्य ललित कला अकादमी की निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला ने बताया कि रामोत्सव 2024 के जरिए अयोध्या में देश-प्रदेश के कलाकारों को कला-संस्कृति, साहित्य का बड़ा मंच उपलब्ध कराया जा रहा है।



## प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति को किया ध्वस्त : नकवी

**नई दिल्ली।** केंद्र में पिछली कांग्रेस सरकार के शासनकाल को देश में च्नीतिगत पंगुता का युगज् करार देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने च्भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीतिज् को ध्वस्त किया है। कांग्रेस, वामपंथियों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर निशाना साधते हुए नकवी ने कहा कि मोदी के समावेशी कार्यों के गणित ने सामंती परिवारों की च्केमिस्ट्रीज् को खराब कर दिया है। पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर और बहरामपुर में भाजपा के चुनाव संबंधी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि वंशवादी सरकारों ने देश को नीतिगत पंगुता के युग में धकेल दिया था। नकवी ने कहा कि भ्रष्टाचार और वंशवादी राजनीति की प्रथा को नष्ट कर मोदी च्सुशासन और समावेशी सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से सुधार और परिवर्तन के एक वैश्विक ब्रांड बन गए हैं। उन्होंने दावा किया पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में कुछ टीएमसी नेताओं द्वारा कथित रूप से गांववालों पर अत्याचार ममता बनर्जी सरकार के लिए च्नासूरज् साबित होगा। उन्होंने कहा कि जनता आगामी आम चुनावों में ईवीएम के माध्यम से अत्याचारों के लिए जिम्मेदार लोगों को सबक सिखाएगी।

## जौनपुर : कार- ट्रक की भिड़न्त, सात लोगों की मौत

**जौनपुर।** जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के जौनपुर आजमगढ़ हाईवे पर केराकत तिराहे पर शनिवार की रात लगभग ढाई बजे हुई एक घटना में बिहार से प्रयागराज लड़की देखने एक ही कार में सवार होकर जा रहे एक ही परिवार के सदस्यों से भरी कार उस समय दुर्घटना का षिकार हों गयी जब जौनपुर से केराकत की तरफजाने के लिए मुड़ी और तेज रफ्तार ट्रक ने कार में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। कार के परखचे उड़ गये और घटना के बाद मौके पर मची चीख पुकार पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को निकालकर जिला अस्पताल भिजवाया। इस हादसे में 6 लोगों की मौके पर जबकि एक बालक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया तथा की



हालत गंभीर बनी है। बताते है कि बिहार के सीतामढ़ी निवासी गजाधर शर्मा अपने परिवार के नौ सदस्यों के साथ सात सीटर कार से परिवार के ही किसी सदस्य की शादी के लिए लड़की देखने प्रयागराज के झूंसी जा रहे थे। जब उनकी कार केराकत तिराहे पर पहुंची तभी जौनपुर की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक केराकत की तरफ जाने के लिए मुड़ गया।

# वायु सेना को मिलेंगे 2 तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान

- हवाई बेड़े में शामिल करने से पहले कठोर निरीक्षण और परीक्षण करेगी वायु सेना
- दोनों फाइटर जेट को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगली बेंगलुरु यात्रा का इंतजार

**नई दिल्ली ।** हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भारतीय वायु सेना को इसी महीने के अंत तक पहले बैच में दो तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान सौंप देगा, जो स्वदेशी एलसीए तेजस का एक बेहतर संस्करण है। रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग इस महीने 4.5 पीढ़ी के इस फाइटर जेट की पहली उड़ान के साथ शुरू होने जा रहा है। पूरी तरह से तैयार दो एमके-1ए फाइटर जेट एलसीए डिवीजन के अंदर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



की अगली बेंगलुरु यात्रा का इंतजार कर रहे हैं, इसलिए यह एक हाई प्रोफाइल कार्यक्रम हो सकता है। रक्षा मंत्रालय ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट के लिए 03 फरवरी, 2021 को एचएएल के साथ डील फाइनल की थी। इसी सौदे का पहला ट्विन-सीटर ट्रेनर पिछले साल 04 अक्टूबर को एचएएल ने वायुसेना को सौंप दिया था। केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद पिछले साल 30 नवंबर को 97 और तेजस एमके-1ए खरीदने को मंजूरी दे दी है। एचएएल के साथ अतिरिक्त 97 तेजस एमके-1ए के सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कुल 180 विमानों का उत्पादन किया जाना है। एचएएल ने 83 विमानों का ऑर्डर मिलने पर प्रतिवर्ष 16 जेट तैयार करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन 97 विमानों का और ऑर्डर मिलने के बाद प्रति वर्ष 32 जेट का उत्पादन करने की तैयारी है। एचएएल से पहले बैच में मिलने वाले दोनों तेजस एमके-1ए को भारतीय वायुसेना अपने हवाई बेड़े में शामिल करने से पहले कठोर निरीक्षण और परीक्षण करेगी। आधुनिक वायु युद्ध के लिहाज से एलसीए तेजस एमके-1ए फाइटर जेट में एवियोनिक्स, हथियार और रखरखाव में 43 तरह के सुधार किये गए हैं। अब तेजस एमके-1ए में अत्याधुनिक एईएसए रडार होगा, जो तेजस एमके-1 के इजरायली ईएल/एम-2032 राडार से बेहतर होगा। पहले बैच में इजरायली ईएल/एम-2052 राडार होगा, जबकि बाकी में स्वदेशी %उत्तम% राडार होगा। तेजस एमके-1ए में इजरायली ईएलएल-8222 जैमर पॉड होगा, जो बीवीआर या एसएएम मिसाइलों के राडार सिग्नल को बाधित करेगा। एचएएल के मुताबिक तेजस एमके-1ए में एक नया डिजिटल फ्लाइट कंट्रोल कंप्यूटर (डीएफसीसी) होगा, जो इसकी चपलता और कंप्यूटिंग शक्ति को बढ़ावा देगा। नया डीएफसीसी पावरवीसी आर्किटेक्चर का उपयोग करेगा, जिससे इसे हवा में ज्यादा समय तक बनाए रखना आसान हो जाएगा। विमान में लगा राडार चेतावनी रिसीवर (आरडब्ल्यूआर) दुश्मन के विमानों को ट्रैक और पहचान करेगा। यह रिसीवर पायलट को आने वाली मिसाइलों या रडार लॉक के बारे में चेतावनी देगा और दुश्मन के राडार को जाम करने के लिए सेल्फ-प्रोटेक्शन जैमर को सक्रिय करेगा।

तेजस एमके-1ए में युद्ध के लिए नजदीकी, बीवीआर और लंबी दूरी की बीवीआर बेहतर मिसाइलें होंगी।

# कौशल महोत्सव में 6300 उम्मीदवार हुए शॉर्टलिस्ट

● कौशल महोत्सव शिक्षित भारत और कौशल भारत के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का उदाहरण है : राजनाथ सिंह



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** दो दिवसीय मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव, कौशल महोत्सव रविवार को लखनऊ में शानदार सफलता के साथ संपन्न हुआ जिसमें 6300 से अधिक उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया गया। 9 मार्च को लखनऊ विश्वविद्यालय में शुरू हुए इस महोत्सव में 12,000 से अधिक जॉब एस्पिरेंट्स बड़ी संख्या में पहुंचे। रिक्रूटमेंट ड्राइव के इस समापन समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित थे, जिन्होंने व्यक्तिगत रूप से चयनित उम्मीदवारों को 2 लाख से 3 लाख रु प्रति वर्ष तक की जॉब की पेशकश के साथ लेटर ऑफ इंटेंट दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि युवा इस सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहे हैं।

इस तरह की कौशल महोत्सव पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा समर्थित शिक्षित भारत और कौशल भारत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में हम न केवल अपने युवाओं को रोजगार प्रदान कर रहे हैं बल्कि उद्यमिता की संस्कृति को भी बढ़ावा दे रहे हैं। स्टार्टअप इंडिया, मुद्रा योजना और स्टैंडअप योजना जैसी पहलों ने अनगिनत व्यक्तियों को उद्यमशीलता के अपने सपनों को साकार करने के लिए सशक्त बनाया है।

मंत्री ने आगे कहा कि, अकेले मुद्रा योजना के माध्यम से, सरकार ने हमारे युवाओं के हाथों में 23 लाख करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि पहुंचाई है, जिससे उद्यमिता और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को अपने सपनों को साकार करने और स्वतंत्र भारत में आगे बढ़ने का एक अनूठा अवसर दिया गया है। आज, भारत गर्व से स्टार्टअप के ग्लोबल हब के रूप में खड़ा है। मैं उन लोगों से जिन्होंने आज रोजगार हासिल कर लिया है, उनसे विशेष आग्रह करता हूँ कि वे न केवल अपनी आकांक्षाओं को साकार करें बल्कि अपने परिवार का सहयोग करें और समाज में अपना योगदान दें। आइए हम आपसी विकास और समृद्धि सुनिश्चित करते हुए इम्प्लॉयर्स और इम्प्लाइज के बीच सहजीवी संबंधों को बढ़ावा देने का प्रयास करें। इसके अलावा, मैं आप सभी से अपने कौशल को निखारने और नए कौशल हासिल करने का आग्रह करता हूँ। सीखने की यात्रा कभी समाप्त नहीं होती है, और मैं आपसे उद्यमी और जॉब क्रिएटर बनने के लिए आवश्यक कौशल से खुद को सुसज्जित करने का आग्रह करता हूं।


मैं एक ऐसे भविष्य की कल्पना करता हूं जहां आज के जॉब सीकर्स कल के जॉब प्रोवाइडर बन जाएंगे और दूसरों के लिए अवसर बढ़ाने के लिए भविष्य के रोजगार मेलों में भाग लेंगे। आवास और शहरी राज्य मंत्री कौशल किशोर और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर लखनऊ महानगर के भाजपा अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह और एनएसडीसी के सीईओ और एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी वेद मणि तिवारी भी उपस्थित थे।

# सवा साल में देश ने देखे दो प्रधानमंत्री

**नवीं लोकसभा सन् - 1989**

विशेष संवाददाता





● बड़ा दल होने पर भी कांग्रेस ने नहीं बनाई सरकार
● नेता विपक्ष के रूप में राजीव थे पहले पूर्व प्रधानमंत्री

**लखनऊ।** बोफोर्स कांड, आतंकवाद, मंदिर आदोंलन, जैसे मुद्दों के बीच मे हुए नौवी लोकसभा चुनाव में पांच दलों को मिलकर बनाए गए राष्ट्रीय मोर्चा वीपी सिंह के नेतृत्व में सरकार बनी। बहुमत की जादुई संख्या से दूर होने के कारण भाजपा ने बाहर से समर्थन देकर राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार बनवाई। सरकार के गठन के बाद भाजपा ने लालकृष्ण आडवाणी की अगुवाई में सोमनाथ से अयोध्या की यात्रा निकाली तो उस समय बिहार के मुख्यमंत्री लालू यादव ने उन्हे गिरफ्तार करवा लिया। इसके बाद वीपी सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया जिसके बाद उन्हे इस्तीफा देना पड़ा। प्रधानमंत्री के रूप के वीपी सिंह एक साल का भी कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए। वीपी सरकार के पतन के बाद कांग्रेस ने समर्थन देकर चन्द्रशेखर के नेतृत्व में सरकार बनवा दी। बाद में कांग्रेस ने चन्द्रशेखर पर राजीव गांधी की जासूसी कराने का आरोप लगाकर समर्थन वापस ले लिया। और चार महीने में ही उनकी सरकार सत्ताच्युत हो गयी। इस चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़े दल के रूप में उभरी थी उसे 197 सीटे मिली थी लेकिन उसने सरकार बनाने की दिशा में दिलचस्पी नहीं दिखाई। राजीव गांधी विपक्ष के नेता के रूप में सदन मे बैठने वाले पहले पूर्व प्रधानमंत्री थे। 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस ने फिर छलांग मारी और स्पष्ट बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की। लेकिन 1984 और 1990 के दौरान ऐसे कई सामाजिक और राजनीतिक परिवर्तन हुए जिनकी वजह से कांग्रेस की जमीन ढीली होती गई और क्षेत्रीय पार्टियां मजबूत होती गई। नौवीं लोकसभा यानी 1989 के लोकसभा चुनावों ने भारतीय राजनीति में एक नए युग की शुरुआत की। वो शुरुआत थी गठबंधन सरकारों का दौर। इसी के साथ हुई मंडल और कमंडल की राजनीति की शुरुआत। सामाजिक न्याय के एक नए मसीहा ने भारतीय राजनीति में कदम रखा। जो नाम सामने आया वो था विश्वनाथ प्रताप सिंह का। सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ी जातियों के लिए वी पी सिंह ने नए अवसरों के द्वार खोल दिए। लेकिन कई लोगों के मुताबिक वीपी सिंह ने अपनी मंडल की राजनीति से जाति विभेदों को और बढ़ावा दिया। वी पी सिंह ने पिछड़ी जातियों को आरक्षण पर बनी मंडल कमीशन की सिफारिशों को लागू कर दिया। इसकी जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई। आरक्षण विरोधी उनके खिलाफ सड़कों पर उतर आए लेकिन पिछड़े वर्गो के लिए वे नए मसीहा थे। देश भर में छिड़ी आरक्षण की बहस ने पिछड़े वर्ग को अपनी पहचान का एहसास दिलाया। और इस पहचान के एहसास ने उन लोगों का काम आसान कर दिया जो इस वर्ग को राजनीति में लाना चाहते थे। पिछड़े वर्ग को अच्छी शिक्षा रोजगार के वायदे के साथ कई नई नई पार्टियां इस दौर में अस्तित्व में आई।

लोहा गरम था इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश की बीजेपी ने। बीजेपी ने जोरशोर से अयोध्या में राममंदिर का मुद्दा उछाला। मंडल के साथ अब कमंडल की राजनीति ने भी जोर पकड़ना शुरू कर दिया। अयोध्या में बाबरी मस्जिद कई सालों से विवादों में है। मामला कोर्ट में होने की वजह से 1940 के आखिरी दशक में मस्जिद में ताला लगा दिया गया।

लेकिन फरवरी 1986 में फैजाबाद की जिला अदालत के आदेश के बाद मस्जिद का दरवाजा खोल दिया गया। जैसे ही मस्जिद का ताला खुला दोनों ही तरफ से प्रयास तेज हो गए। कई हिंदू और मुस्लिम इदारों ने बाबरी मस्जिद के सवाल पर अपने-अपने समुदाय को मोबलाइज़ करना शुरू कर दिया। और इस तरह अचानक ही इस स्थानीय मुद्दे ने व्यापक राष्ट्रीय शक्ल अख्तियार कर ली और जल्द ही इसने सांप्रदायिक रंग भी ले लिया। बीजेपी ने राम मंदिर के सवाल को अपना मुख्य राजनीतिक और चुनावी मुद्दा बना लिया। आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद सहित कई दूसरी संस्थाओं के साथ मिलकर बीजेपी ने राम मंदिर के मुद्दे पर अनेक कार्यक्रम और सभाएं आयोजित कीं। इस व्यापक मोबलाइज़ेशन से पूरे देश में माहौल काफी संवेदनशील हो गया और कई जगहों पर सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं हुईं। बीजेपी की कमंडल की राजनीति का परिणाम ये हुआ कि 1984 में सिर्फ 2 लोकसभा सीट हासिल करने वाली बीजेपी ने 1989 के चुनावों में 85 सीटों पर जीत दर्ज की। कांग्रेस ने सबसे ज्यादा सीटें तो हासिल कीं लेकिन वो स्पष्ट बहुमत हासिल करने में नाकाम रही और यहीं से गठबंधन सरकारों का दौर शुरू हुआ। 1989 के लोकसभा चुनावों में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। बड़ी पार्टियां खासकर के कांग्रेस अपनी जमीन खो रही थी। मंडल और कमंडल की राजनीति जोर पकड़ रही थी। क्षेत्रीय पार्टियां तेजी से उभर रही थीं और इसके साथ ही गठबंधन सरकारों का दौर शुरू हुआ। इस नए दौर में क्षेत्रीय पार्टियों के सहयोग के बिना केंद्र में सरकार बनाना मुश्किल थ। 1989 में कांग्रेस पार्टी स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं कर सकी और इसके साथ ही भारत के पार्टी सिस्टम में कांग्रेस का एकछत्र राज खत्म हो गया। लेकिन इसका मतलब ये नहीं था कि कांग्रेस के खाली स्थान को किसी एक पार्टी ने भर दिया। इसका मतलब था मल्टी पार्टी सिस्टम दौर की शुरुआत। वैसे भारत में हमेशा से सैकड़ों पार्टियां चुनावों में हिस्सा लेती हैं। कई पार्टियों के नुमाइंदे संसद में चुनकर आते हैं। लेकिन 1989 या उसके बाद कोई भी एक पार्टी स्पष्ट बहुमत नहीं हासिल कर सकी और इसके बाद से कई स्थानीय और छोटी पार्टियों ने सीटें जीतकर सत्ता में अपनी दावेदारी ठोंकनी शुरू कर दी। भारतीय राजनीति की इसी प्रवृत्ति से गठबंधन सरकारों का दौर शुरू हुआ जिसमें क्षेत्रीय पार्टियों ने केंद्र की सत्ता में अहम भूमिका अदा करनी शुरू कर दी। 1989 के चुनावों के बाद राष्ट्रपति आर वेंकटरामण ने सबसे बड़ी पार्टी को सरकार बनाने के न्यौता दिया। ऐसा पहली बार था जब भारत के किसी राष्ट्रपति ने सरकार बनाने के लिए सबसे बड़ी पार्टी को न्योता दिया था। लेकिन

**किसको कितनी सीट**

| कुल सीटें | 543 |
|---|---|
| इंडियन नेशनल कांग्रेस | 197 |
| जनता दल | 143 |
| भारतीय जनता पार्टी | 85 |
| सीपीआई | 12 |
| सीपीआई (एम) | 32 |
| टीडीपी | 02 |

कांग्रेस ने विपक्ष में बैठने का फैसला किया। इसके बाद राष्ट्रपति ने वी पी सिंह को सरकार बनाने का न्यौता दिया। केंद्र में जनता दल और दूसरी क्षेत्रीय पार्टियों की मदद से केंद्र में नेशनल फ्रंट की सरकार का गठन हुआ। वी पी सिंह इस गठबंधन के नेता बनाए गए। नेशनल फ्रंट की सरकार को दो विपरीत विचारधारा की पार्टियों ने समर्थन दिया। ये पार्टियां थीं बीजेपी और लेफ्ट फ्रंट। असल में बीजेपी और लेफ्ट दोनों कांग्रेस को सत्ता में आने से रोकना चाहती थीं इस वजह से विचारों का टकराव होने के बावजूद दोनों ने नेशनल फ्रंट को समर्थन दिया। लेकिन दोनों ने ही नेशनल फ्रंट सरकार को सिर्फ बाहर से समर्थन दिया। इस तरह से 1989 के लोकसभा चुनावों के बाद गठबंधन सरकारों का लंबा दौर शुरू हुआ जो अब तक जारी है। 1989 से गठबंधन सरकारों का दौर शुरू हो चुका था। गठबंधन सरकारों में क्षेत्रीय पार्टियों को भी सत्ता में साथ निभाने का मौका मिलने लगा। लेकिन ये गठबंधन की राजनीति देश को स्थिर सरकार देने में नाकाम रहीं। बहुत जल्द वीपी सिंह ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। 11 महीने पुरानी वी पी सिंह के नेतृत्व वाली नेशनल फ्रंट की मिली जुली सरकार सदन में विश्वास मत हार गई तो जनता दल (सोशलिस्ट) के चंद्रशेखर को अल्पमत सरकार के प्रधानमंत्री के तौर पर शपथ दिलाई गई। लेकिन राजीव गांधी से मतभेदों की वजह से उन्होंने बहुत जल्द इस्तीफा दे दिया। आखिरकार राष्ट्रपति आर वेंकटरमण को मजबूरन लोकसभा भंग करनी पड़ी।

## कद्दावर सपा नेता बीनू शुक्ल भाजपा में शामिल



● उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक युवा नेता नीरज सिंह ने पटका पहनाकर किया शामिल

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत दुबग्गा बाजार में भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर द्वारा सदस्यता ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक विशिष्ट अतिथि युवा नेता नीरज सिंह लखनऊ महानगर के अध्यक्ष आनंद द्विवेदी लखनऊ जिला के पूर्व अध्यक्ष श्रीकृष्ण लोधी पूर्व विधायक सिद्धार्थ शंकर उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में विनीत शुक्ला बीनू पूर्व प्रदेश महासचिव प्रसपा एवं सपा के साथ सत्यजीत सिंह अतवारा विनोद मिश्रा कल्पेश द्विवेदी महेंद्र शुभम मिश्रा के साथ के सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम में अतुल मिश्र आकाश सिंह पश्चिम मंडल दो के अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत मो. अनीश प्रमोद प्रजापति वार्ड अध्यक्ष दुर्गा शंकर मिश्रा कुलदीप श्रीवास्तव आशीष तिवारी मनोज चौरसिया उपस्थित रहे।

## एसबीआई ने वृद्धाश्रम को दिया वाटरकूलर, गीजर, ब्लोवर और आलमारी

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** भारतीय स्टेट बैंक, प्रशासनिक कार्यालय लखनऊ के उप महाप्रबंधक आर. नटराजन ने गुरुवार को समर्पण, वृद्धजन परिसर आदिल नगर लखनऊ में रहने वाले वृद्धजनों के लिए ब्लोवर, गीजर, आलमारी और वाटरकूलर बैंक की सीएसआर नीति के तहत भेंट किया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक की महिला क्लब की अध्यक्षा श्रीमती अंजू चाण्डक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। महिला क्लब से श्रीमती मिनी साहू, श्रीमती विद्या नटराजन एवं अन्य सदस्य भी मौजूद थे। समर्पण, वृद्धजन परिसर के प्रबंधक डॉ. यू.सी. वाजपेयी ने प्रदान की गई वस्तुओं के लिए बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह वृद्धजनों के लिए बैंक का बड़ा सहयोग है। इस अवसर पर एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक विक्रांत तिवारी, सहायक महाप्रबंधक आलोक चंद्रा, मुख्य प्रबंधक श्रीमती पूजा वशिष्ठ, राजभाषा अधिकारी दिनेश मणि पाठक, आशुलिपिक शेर बहादुर तथा वृद्धाश्रम से मेजर वीके खरे, पीके श्रीवास्तव, राधेश्याम वाजपेयी, डीसी तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

## अवध कॉलेजिएट ने मनाया स्थापना दिवस




**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** अवध कॉलेजिएट विद्यालय का 32वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से अयोध्या धाम भगवान श्री रामचंद्र जी की जन्म भूमि में मनाया। स्थापना दिवस को यादगार बनाने के लिए विद्यालय के प्रबंधक सर्वजीत सिंह एवं निर्देशिका जतिंदर वालिया ने इस वर्ष विद्यालय की सभी शाखाओ के प्रधानाध्यापकों, अध्यापकों एवं सभी कर्मचारियों को अयोध्या धाम के दर्शन करने के लिए ले जाया गया। अयोध्या धाम की यात्रा में लगाई गई सभी बसों को उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री श्री बृजेश पाठक जी ने अवध कॉलेजिएट के प्रबंधक श्री सर्वजीत सिंह जी ,निर्देशिका जतिंदर वालिया , संयुक्त निर्देशिका ब्रह्म जोत कौर एवम श्री ईशप्रीत सिंह जी की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर रामलला परिसर अयोध्या के लिए रवाना किया। इस अवसर पर जय श्री राम के नारों एवम जयकारों से वातावरण राम मय हो गया। स्थापना दिवस पर कई रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विद्यालय प्रबंधक श्री सर्वजीत सिंह व निदेशिका श्रीमती जतिंद वालिया ने अवध एंथम लोकार्पण किया गया।

## पूर्व विधायक ओमेन्द्र कांग्रेस में शामिल

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** कांग्रेस की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए रविवार को यहाँ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश के जनपद हरदोई से भाजपा नेता पूर्व विधायक सांडी हरदोई ओमेन्द्र वर्मा के साथ आए उनके समर्थकों ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय एवं राष्ट्रीय सचिव सह प्रभारी उत्तर प्रदेश तौकीर आलम के समक्ष कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इसी क्रम में जनपद बहराइच के राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष डॉ अजीमुल्ला खान के साथ आये लोगों ने भी कांग्रेस का दामन थामा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय, वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रवक्ता अंशू अवस्थी, सचिन रावत, विक्रम पांडेय मौजूद रहे। सदस्यता ग्रहण करने वालों का अजय राय ने स्वागत करते हुए उनके गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। पूर्व विधायक ओमेन्द्र वर्मा के साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्व चीफ इंजीनियर यूपीपीसीएल रामनाथ वर्मा, पार्षद सांडी साजिद हुसैन मंसूरी, पूर्व मंडी इन्सपेक्टर हरदोई शिवराज वार्मा, ग्राम प्रधान हरी सिंह, पूर्व बीडीसी सदस्यों के साथ सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

## माँ भगवती के विशाल जागरण में भव्य झांकियो ने भक्तगणों का मन मोहा

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** आशियाना क्षेत्र के शारदा नगर रुची खंड में दक्षिण मुखी बालाजी ट्रस्ट द्वारा शनिवार को 5वां माँ भगवती का विशाल जागरण आयोजन किया गया। जिसमे हजारो की संख्या में रातभर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति गानो पर झूमते नाचते रहे। जागरण में उपस्थित कलाकारों ने माँ भगवती की मनोरम झांकियां प्रस्तुत की और सोनू की टोली ग्रुप द्वारा आये गायक कलाकारों में (मिनी लख्खा) राम प्रताप लख्खा, सोनू पंडित एवं व्रतिका तिवारी ने जागरण मंच से भक्तिमय गानों की प्रस्तुति दे पुरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया और श्रोता व श्रद्धालुगण भक्तिरस में डूब नाचने झूमने को मजबूर हो गए। इस दौरान मिनी लख्खा के गाने ऊँचे पर्वत भवन निराला व माँ की चुनरिया लाल लाल लाल गाने ने पुरे वातावरण को गुंजयमान कर दिया और लोग झूमने को मजबूर हो गए। जागरण का आयोजन ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित रमेश मिश्रा, संरक्षक एवं उपाध्यक्ष संजय तिवारी, नितिन सिंह सोनू गौड़ समाजसेवी चुनमुन शुक्ला एवं अनुज शुक्ला व उनके सहयोगी टीम द्वारा किया गया।

## लोहिया में किडनी डिजीज पर संगोष्ठी आयोजित



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** डा राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नेफ्रोलाजी विभाग एवं किडनी डिजीज एजुकेशन एण्ड वेलफेयर सोसाईटी के संयुक्त तात्वधान से उत्तर प्रदेश में मृतक दाता के बारे में जागरूकता के उददेश्य से संगोष्ठी का आयोजन कराया गया। संगोष्ठी संस्थान के नवनियुक्त निदेशक प्रो सीएम सिंह के नेतृत्व में हुई। निदेशक ने अपने सम्बोधन में नेफ्रोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिलाष चंद्रा को संगोष्ठी के आयोजन हेतु बधाई दी। साथ ही संगोष्ठी मे देश के अग्रणी राज्य तमिलनाडु, तेलंगाना, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और दिल्ली-एनसीआर से आये प्रवक्ता, प्रतिभागीयों, संकाय सदस्यों का धन्यवाद किया। उन्होंने बताया कि भारत में गुर्दे की बीमारी बहुत आम है और अब समाज में इसकी व्यापकता बढ़ रही है। गुर्दे का प्रत्यारोपण इसका सबसे अच्छा इलाज है। लेकिन फिर भी, किडनी दाताओं की लंबी प्रतिक्षा सूची है। उत्तर भारत समेत यूपी में ज्यादातर प्रत्यारोपण जीवित दाताओं से किए जाते हैं, मृत दाताओं से नहीं। संगोष्ठी के नेफ्रोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिलाष चंद्रा ने विभाग की उपलब्धियों पर बताया कि पिछले दशक में, भारत में स्थिति काफी सुधरी है, मृतक दाता प्रत्यारोपण 2013 में लगभग 300 से बढ़कर 2022 में सालाना 900 से अधिक हो गए हैं। पिछले 5 वर्षो में कुल 5000 से अधिक मृतक दाता प्रत्यारोपण दर्ज किए गए। एम्स दिल्ली के डॉ. दीपक गुप्ता और डॉ. दीपांकर भौमिक ने मस्तिष्क मृत्यु प्रमाण पत्र और मृतक दाता प्रत्यारोपण के प्रबंधन के बारे में बताया। नोटो दिल्ली से आये डॉ. अवधेश कुमार यादव और एसजीपीजीआई लखनऊ के सोटो के डॉ. हर्षवर्धन ने उत्तर प्रदेश में मृतक दाता के कानूनी पहलुओं और स्थिति के बारे मे अपने विचार प्रकट करते हुये इस कार्य की संवेदनशीलता पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में एसजीपीजीआई की प्रो. अनुपमा कौल और डॉ. संचित रुस्तगी ने बताया अकेले किडनी पुनर्प्राप्ति के चरणों के बारे में जानकारी दी। मोहन फाउंडेशन की पल्लवी पटेल ने मृतक दाता एवं किडनी प्रत्यारोपण में परिवार की अहम् भूमिका के बारे में बताया और परिवार की काउन्सलिंग करने के तरीकों के बारे में बताया। डॉ. सुभो बनर्जी ने गुजरात मॉडल के सफल मृतक गुर्दा प्रत्यारोपण के बारे में चर्चा की। धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष नेफ्रोलॉजी प्रो. अभिलाष चंद्रा द्वारा दिया और डॉ. नम्रता राव और डॉ. मजीबुल्लाह अंसारी द्वारा समर्थित किया गया।

## पड़ोसी शोहदे ने की युवती से छेड़छाड़ दी धमकी

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।**आशियाना क्षेत्र में पड़ोस में ही रहने वाले शोहदे ने युवती को अश्लील इशारे करते हुए छेड़छाड़ करना लगा और मंसूबा पूरा न होने पर धमकी तक दे डाली पीड़िता ने मामले की शिकायत स्थानीय आशियाना थाने पर की है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले विधिक कार्यवाई में जुटी है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने अपने घर के पड़ोस में ही रहने वाले पड़ोसी संतलाल पर आरोप लगा शिकायत किया है उसका पड़ोसी आये दिन उसे देख अश्लील इशारे करते है और परेशान करता है। शिवरात्रि पर्व पर वह अपने घर के निकट ही स्थित मंदिर से दर्शन कर घर वापस जा रही थी इस दौरान रास्ते में उसे अकेला पाकर आरोपित ने उसका हाथ पकड़ लिया था और जबरन उसे खींचने लगा उसके शोर मचाने पर जब भीड़ एकत्र होने लगी तो धमकी देते हुए फरार हो गया। जिससे छात्रा ने अपने घर पहुँच परिजनों को जानकारी देते हुए रविवार को आशियाना थाने पर पहुँच शिकायत की है।

## विभिन्न यूनियनों और भारतीय बैंक संघ के मध्य समझौता



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** 8 मार्च को बैंक कर्मियों की विभिन्न यूनियनों और भारतीय बैंक संघ के मध्य 12वें द्विपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। बैंक कर्मिर्मियों की तरफ से समझौते में प्रमख भूमिका निभाने वाले, इंडियन नेशनल बैंक ऑफिसर्स कॉग्रेस उत्तर प्रदेश के महासचिव सदीप सिंह ने बताया कि यह समझौता कई मामलों में ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि समझौते में वेतन मे अभूतपूर्व 17 प्रतिशत वृद्धि के साथ न सिर्फ बैंक कर्मियों की पुरानी माँग पांच दिवसीय सप्ताह को शामिल किया गया है, बल्कि बैंक कर्मियों के कल्याण से जुडी कई बातों को महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि समझौते को रिकार्ड समय में मूर्त रूप देने में बैंक कर्मियों की यूनियन ने अथक परिश्रम किया है। इंडियन नेशनल बैंक ऑफिसर्स कॉग्रेस के उत्तर प्रदेश के महासचिव संदीप सिंह ने बताया कि नए वेतन नवम्बर 2022 से लागू होंगे। उन्होंने बताया कि महिला दिवस पर मूर्तरुप से इस समझौते में महिला बैंक कर्मियों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। साथ ही बैंक कर्मियों को अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों के निर्वहन के लिए अधिक सक्षम बनाने के लिए प्रावधान किए गए हैं। संदीप ने कहा कि बैंक कर्मी देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। इसलिये इंडियन नेशनल बैंक ऑफिसर्स कॉग्रेस का मानवीय पहलू है। इस समझौते में विशेष रुप से क्षमता वाले बच्चों के माता-पि ता को साल में 30 दिन का अवकाश, अधिक उम्र के स्टाफ को पत्नी की बीमारी पर विशेष अवकाश आधे दिन की कैजवुल लीव, महिलाओं को माह में 1 दिन का चिकित्सा अवकाश इत्यादि के साथ 255 दिन की छुट्टी का नगदीकरण आदि नए प्रावधान हैं। इस समझौते में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की आवश्यकताओं का भी ध्यान रखा गया है। इस समझौते में बैंक कर्मियों लिए लीव बैंक योजना भी प्रस्तावित की गई।

## फिर हारेगी सपा की गुंडागर्दी, जीतेगी भाजपा : केशव

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को निशाना बना कर समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा की गयी टिप्पणी पर पलटवार करते हुये उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) की गुंडागर्दी की आगामी लोकसभा चुनाव में फिर से हार होगी जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और सहयोगी दल सभी 80 सीटों पर अपना परचम लहरायेंगे। श्री मौर्य ने रविवार को एक्स पर पोस्ट किया सपा मुखिया अखिलेश यादव जी ध्यान रखें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारत ही नहीं, विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं।भाजपा 2014, 2017, 2019 और 2022 का चुनाव (लोकसभा-विधानसभा) जीती और अब 2024 में भी जीतेगी।सपा की गुंडागर्दी फिर हारेगी। मोदी जी का अपमान, नहीं सहेगा हिन्दुस्तान, फिर एक बार मोदी सरकार।

गौरतलब है कि शनिवार को सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मोदी का नाम लिए बगैर इशारों में उनकी तुलना हिटलर से की थी।

## आर्ट ऑफ लिविंग के केंद्र में जुटे 2.5 लाख भक्त



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** आर्ट ऑफ लिविंग अन्तर्राष्ट्रीय केंद्र का भव्य गुरूपादुकावनम महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर वातावरण को शुद्ध करने वाले पवित्र मंत्रोच्चारण, भजन और ज्ञान से गूंज उठा। वैश्विक आध्यात्मिक गुरु गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर की उपस्थिति में 2.5 लाख से भी अधिक लोगों ने पवित्र ध्यान और मौन में भाग लिया। महाशिवरात्रि की संध्या पर, मंत्रोच्चारण और मधुर भजनों के बीच गुरुदेव ने पावन रुद्राभिषेकम् किया। यह एक वैदिक अनुष्ठान है, जो शिव के रुद्र रूप के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए किया जाता है। यह अनुष्ठान भक्तों को प्रसन्नता और समृद्धि प्रदान करता है और उनकी इच्छाओं की पूर्ति भी करता है। गुरुदेव ने कहा कि शिवरात्रि अर्थात शिव की शरण में आना। शिव अनंत, सौंदर्य और अद्वैत हैं। आप शिव की शरण में आते हैं क्योंकि आपका वास्तविक स्वरूप शिव ही है। शिव, समस्त ब्रह्मांड का ध्यानस्थ पक्ष है। गुरुदेव की उपस्थिति में संत आदि शंकराचार्य के जीवन और महिमा पर आधारित आर्ट ऑफ लिविंग की पहली वेब श्रृंखला के पोस्टर का भी विमोचन किया गया। श्री श्री पब्लिकेशंस ट्रस्ट के ट्रस्टी नकुल धवन ने कहा आदि शंकराचार्य भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण एवं प्रसिद्ध व्यक्तित्व हैं, लेकिन हर कोई उनके जीवन के विषय में नहीं जानता है। उनका जीवन बहुत छोटा लेकिन विविध घटनाओं से परिपूर्ण था, जिसमें उन्होंने पूरे देश की लंबाई और चौड़ाई में पैदल यात्रा की, जिससे देश के सांस्कृतिक ताने-बाने को एकजुट किया। उन्होंने जो परंपराएं और संस्थाएं शुरू कीं वे आज तक जीवित हैं और फल-फूल रही हैं। वे भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के वास्तुकार हैं। शिवरात्रि पर मध्य रात्रि को, शिव तत्व में डूबने के लिए दुनिया भर से आए लाखों लोगों ने गुरुदेव के साथ महाशिवरात्रि के विशेष ध्यान का अनुभव किया।

## इंडियन बैंक ने पंजाब नेशनल बैंक की क्रिकेट टीम को हराया

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** आर सी सानवाल के 32वें संस्करण के फाइनल का मुकाबला केडी सिंह बाबू स्टेडियम में पंजाब नेशनल बैंक और इंडियन बैंक के बीच खेला गया। इस मुकाबले में पहले बॉलिंग करते हुए इंडियन बैंक की तरफ से विजेंद्र सिंह मुकेश मौर्य ने जोरदार गेंदबाजी करते हुए पंजाब नेशनल बैंक को मात्र 90 रन पर ही समेट दिया। इसके उपरांत लक्ष्य का पीछा करते हुए इंडियन बैंक ने धमाकेदार शुरुआत की। जिसमें अक्षय आनंद और रविकांत की जोड़ी बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए मैच को 5 विकेट से जीत दिलाकर इंडियन बैंक के नाम कर दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रविकांत रहे। मैच जीतने के उपरांत कप्तान रोहित चौरसिया और पूरी टीम को इंडियन बैंक स्पोर्ट सेक्रेटरी शकील अहमद प्रणेश कुमार मंडल प्रमुख पंकज त्रिपाठी क्षेत्र महाप्रबंधक और रवीन्द्र सिंह मंडल प्रमुख बहराइच व हजरतगंज में इंडियन बैंक के वरिष्ठ मुख्य शाखा प्रबंधक रामनाथ शुक्ल ने बधाई दी।

## धूमधाम से निकाली सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा



**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** श्री श्याम ज्योत मंडल की ओर से ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में चल रहे 41वां श्री श्याम निशानोत्सव के तीसरे दिन रविवार को श्री श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। शोभायात्रा में सर्वप्रथम प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता गणेश स्वरूप हाथी सबको दर्शन देते हुए आराम से इठलाते हुए चल रहे थे। ऊंटों पर सैनिक, घोड़ों पर शिवजी, महाराणा प्रताप, लक्ष्मीबाई एवं महान सपूतों के विविध रूपों से सजे हुए युवक-युवतियां सवार होकर मदमस्त चाल चल रहे थे। शोभायात्रा के मध्य में बग्घियों वाले रथ पर राम-लक्ष्मण-सीता, शिवशंकर-पार्वती, कौशल्या-सुमित्रा-कैकेयी, गणेश-कर्तिकेय, कृष्ण-राधा, ज्ञान की देवी सरस्वती, दुर्गा, बाल हनुमान-माता अजंनी, महात्मा गांधी, चाचा नेहरू, मंगल पांडेय-चंद्रशेखर आजाद-भगत सिंह, सुभाषचंद्र बोस, अब्दुल कलाम एवं महान साधु-संतो के विविध रूपों से सजे बाल कलाकार शोभायात्रा में चार चांद लगा रहे थे। इसके पीछे श्याम भक्तों ने शीश पर राजस्थानी रंग-बिरंगी पंगडी बांधे हाथों में श्याम नाम की सतरंगी ध्वजा के मध्य बाबा श्याम का निशान को लहराते ध्वजावाहक कदम ताल करते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा के मध्य में उज्जैन, महाराष्ट्र एवं कोलकाता के कलाकारों ने संतरंगी ध्वजावाहक प्रेमियों महिलाओं, बच्चों एवं पुरूषों के साथ नृत्य एवं ध्वजा लहराते चल रहे थे सभी कलाकारों ने पूरे भारत के नृत्य को अलग अलग प्रस्तुत की.शोभायात्रा के दौरान लक्ष्मणनगरी के श्याम भक्तों की बाबा श्याम से यह प्रार्थना करते है कि वैसे तो आप पूरे साल तो मंदिर में रहते हैं फागन मास आ गया है अब तो मंदिर से बाहर आ जाओ लेकर आए हैं हम सभी भक्त रंगभरी पिचकारी अब हमें मौका मिला है नाचे गाये ता ता थइया मुरली की ताल छोड़ो ढोलक बजे हमारी। श्याम भक्तों ने मेरा श्याम बड़ा रंगीला मस्ती बरसेगी, लेके हाथो में निशान लेके श्यामजी नाम, श्याम भक्तों की टोली चली इत्यादि भक्ति गीतों पर बैंड बाजा ढोल नगाड़े की धुनों पर थिरकते हुए चल रहे थे।

## भाजपा सरकार में शिक्षा का स्तर गिरा है : अखिलेश

**लखनऊ (स्पष्ट आवाज)।** भाजपा सरकार में शिक्षा का स्तर गिरा है। भाजपा सरकार की शिक्षा नीति गरीबों को शिक्षा से दूर करने की है। यह आरोप लगाते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पदाधिकारियों की बैठक में कहीं। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कुलपति प्रो बी.पाण्डेय ने किया। बैठक में अखिलेश ने सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में शिक्षा का स्तर गिरा है। भाजपा सरकार की शिक्षा नीति गरीबों को शिक्षा से दूर करने की है। समाजवादी सरकार ने बच्चों को ताज और गर्म भोजन के लिए हॉट कुक्ड योजना शुरू की थी, जिसमें अक्षय पात्र के द्वारा बच्चों को ताजा और गरम भोजन मिलता था। उसे भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण प्राथमिक, माध्यमिक, पॉलिटेक्निक और आईटीआई में छात्रों का एडमिशन कम हो रहा है। परीक्षाओं के पेपर लीक हो रहे हैं। छात्रों की परीक्षाएं कैंसिल करनी पड़ रही हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है।

SA NEWS

**आवश्यकता है**

जिला/तहसील संवाददाताओं की बरेली, पीलीभीत तथा हरदोई में स्पष्ट आवाज लखनऊ संस्करण हेतु।

सम्पर्क करें। आनन्द सिंह

मो. : 9580770859, 9415003504

# गए थे 'रामलला' के दर्शन को, फिर नहीं लौटे 'लाल'

## बर्रा विश्वबैंक कालोनी के छह दोस्त सरयू में डूबे, तीन की दर्दनाक मौत






**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** विश्वबैंक आई ब्लॉक के रहने वाले छह दोस्त शनिवार सुबह ट्रेन से अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए गए थे। दर्शन के बाद रविवार को वह सरयू में नहाने लगे। जिसमें तीन की डूबने से मौत हो गई। जबकि तीन अन्य दोस्तों को गोताखोरों ने बचा लिया। हादसे के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। बर्रा थानाक्षेत्र के विश्वबैंक कॉलोनी आई ब्लॉक निवासी अतुल सहगल का बेटा कृष्णा सहगल, विनोद पाल का बेटा तनिष्क, ओमप्रकाश सिंह चौहान का बेटा प्रियांशु 18, ललित नारायण अवस्थी का बेटा हर्षित 18, मोहन मिश्रा का बेटा रवि 20 व सुरेन्द्र शर्मा का बेटा अमन सभी शनिवार को ट्रेन से अयोध्या प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए घर से निकले थे। दर्शन करने के बाद रविवार को सरयू में नहाने लेकिन गए। जहां रवि का पैर फिसल गया। उसे बचाने में हर्षित और प्रियांशु की भी सरयू में डूबने से मौत हो गई। जबकि कृष्णा, तनिष्क और अमन कसे गोताखोरों ने बचा लिया। कृष्णा, तनिष्क, प्रियांशु, हर्षित, रवि यह पांचों के एक ही गली में रहते है। जबकि अमन को दूसरी गली में रहता है। रवि, हर्षित व प्रियांशु की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए निकले छह दोस्त बहुत खुश थे। उन्होंने दर्शन करने के बाद फोटो खींचकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट में पोस्ट की थी। लेकिन कुछ ही देर बाद आई मौत की खबर ने सबको झकझोर दिया।

> अमन की मां ऊषा ने बताया कि रविवार सुबह साढ़े नौ बजे बेटे का फोन आया और बताया कि रवि नहाने के दौरान डूब गया। उसके बचाने गए प्रांसू व हर्षित का भी कुछ पता नहीं चल रहा है। ये सुनते ही उन्होंने सभी के परिवारों में सूचना दी, तो इलाके में सनसनी फैल गई। बर्रा इंस्पेक्टर तेज बहादुर सिंह ने बताया कि तीन के डूबने की सूचना मिली है। परिजन अयोध्या के लिए निकल गए हैं। फिलहाल किसी ने तहरीर नहीं दी है तहरीर मिलने पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

# डीसीपी को धमकाने वाला गिरफ्तार

**कानपुर।** पुलिस कमिश्नर के पीआरओ और डीसीपी साउथ को फोन कर अभद्रता और धमकी देने वाले आरोपी को बर्रा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कथित नेता गजेंद्र सिंह राजावत को देर रात गिरफ्तार किया। गौरतलब हो कि बर्रा के जरौली में बीती 28 जनवरी को निकली अपना दल एस की बाइक रैली में हिस्ट्रीशीटर अजय ठाकुर और उसके गुर्गों ने पथराव करते हुए मारपीट की थी, मामले में पुलिस ने अजय ठाकुर समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इससे पहले जब पुलिस अजय ठाकुर की तलाश कर रही थी, तब कथित बीजेपी नेता और खुद को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय मंत्री बताने वाले हनुमंत विहार निवासी गजेंद्र सिंह ने पुलिस कमिश्नर के पीआरओ और डीसीपी साउथ को फोन कर कार्यालय में चढ़ाई करने की धमकी तक दे डाली थी। बातचीत का ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसके बाद गजेंद्र सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई थी। शनिवार रात बर्रा पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# 'ऑनलाइन गेमिंग' ने ली नवनीत की जान


प्रतीकात्मक फोटो

**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** पूर्व प्रधान लालता प्रसाद शाक्य के बेटे नवनीत (19) ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। लालता अपने बड़े बेटे निर्देश को दिल्ली में सिविल सर्विसेज व नवनीत को शहर में नीट की तैयारी करा रहे थे। काकादेव में नवनीत अपने हमउम्र चाचा संदीप के साथ हॉस्टल में रहता था। पिता ने बताया कि सप्ताह भर पहले नवनीत ने छह हजार रुपये मांगे थे, जो उन्होंने तीन दिन पहले बेटे के खाते में भेजे थे। एक अन्य चाचा संजय ने बताया कि नवनीत ने उन्हें भी ऑनलाइन गेमिंग में पैसे लगाने पर मुनाफा कमाने की जानकारी दी थी। ट्रेडर विजय नाम की इंस्टाग्राम आईडी के विषय में बताया था। इसमें कम रुपये देकर ज्यादा मुनाफा कमाने के कई वीडियो पड़े हैं। वहीं, गांव के एक रिश्तेदार ने भी नवनीत द्वारा उन्हें ट्रेडर विजय नाम की आईडी से संपर्क करने के लिए कहा था, जिसमें 500 रुपये के निवेश पर 5000 रुपये मुनाफा कमाने का लालच दिया गया था। इधर, डीसीपी सेंट्रल आरके गौतम ने बताया कि छात्र के कमरे से मिले सुसाइट नोट में सट्टे या ऑन लाइन गेम में रुपये हारने का जिक्र नहीं है। फिर भी उसके मोबाइल की कॉल डिटेल और सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म को देखा जा रहा है। अगर ऑन लाइन गेमिंग की बात सामने आई तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बारादेवी से नौबस्ता तक मेट्रो पिलर का कार्य पूर्ण



**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** बारादेवी से नौबस्ता के बीच बन रहे एलिवेटेड सेक्शन के सारे पिलर्स का निर्माण पूरा हो गया। लगभग पांच किमी. लंबे इस सेक्शन में कुल 276 पिलर्स तैयार किए गए हैं। शनिवार और रविवार रात को यूपीएमआरसी के सिविल इंजीनियरों ने निर्माणाधीन बौद्ध नगर स्टेशन के पास निर्माण स्थल पर आखिरी पियर की कास्टिंग शुरू की, जो सुबह तक पूरी कर ली गई। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा, कि कानपुर मेट्रो परियोजना के बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन का सिविल निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमने इस सेक्शन के सारे पिलर्स तैयार कर लिए हैं और जल्द ही सभी पियर कैप्स और यू-गर्डर्स का काम भी पूरा हो जाएगा। बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन में निर्माण कार्यों का शुभारंभ 8 अगस्त 2022 को हुआ था। इस सेक्शन के अंतर्गत बारादेवी, किदवई नगर, वसंत विहार, बौद्ध नगर और नौबस्ता 5 मेट्रो स्टेशन निर्माणाधीन हैं। लगभग 1.5 माह पूर्व 29 जनवरी 2024 को उक्त सेक्शन की पाइलिंग, जिसे मेट्रो कॉरिडोर की नींव भी कह सकते हैं, का कार्य संपन्न हुआ था।

# विपक्ष निराश और अवसादग्रस्त: दिनेश शर्मा



**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** रविवार को जीएसवीएम कॉलेज सभागार में भाजपा की ओर से आयोजिक कानपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रबुद्ध समागम में मुख्य अतिथि पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि हम यूपी की सभी सीटें जीतने जा रहे हैं। शहर के उद्योगपति, व्यापारी, चिकित्सक, प्रोफेसर, शिक्षक, अधिवक्ता, प्रमुख खिलाड़ी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रमुख, सामाजिक संस्थाओं की मौजूदगी में डॉ. दिनेश शर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की। सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि विपक्षी पार्टियां कहती है कि भाजपा डिक्टेटरशिप वाली पार्टी है। वे लोग शायद भूल गए कि सपा सरकार में वे कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। क्या अयोध्या में राम भक्त कार्य सेवकों पर गोली चलाना, भगवान श्रीराम का नाम लेने वाले राम भक्तों को जेल में डाल देना, सन 1975 में इमरजेंसी के समय मीडिया द्वारा एक लाइन लिख देने पर जेल भेजना क्या यह डिक्टेटर नहीं था। जबरदस्ती रास्ते चलते लोगों को पकड़ पकड़ कर नसबंदी कराना डिक्टेटर नहीं था। आज देश को एकता और अखंडता को मजबूत करने का प्रयत्न हो रहा है। विपक्षी पार्टियों को भली भांति पता है कि इस बार का लोकसभा चुनाव कोई भी पॉलीटिकल पार्टी नहीं लड़ रही है, बल्कि देश की जनता स्वयं लोकसभा चुनाव लड़ रही है।

विपक्षी पार्टियां पहले उत्तर प्रदेश को उल्टा प्रदेश कहते थे, लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के बाद आज लोग उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश कह रहे हैं। प्रदेश में साढ़े पांच लाख सरकारी नौकरी दी गई। साढ़े तीन करोड़ लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया गया। आज प्रदेश में लंबे चौड़े हाईवे, वन डिस्टिक वन मेडिकल कॉलेज, 20 हवाई अड्डे, 20 विश्वविद्यालय खुल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हिटलर की मानसिकता सपाई मानसिकता थी।

जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, दीपू पांडे, अनिल मिश्रा, राहुल मिश्रा ने डॉ. दिनेश शर्मा का माला पहनाकर व गदा भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नेता शैलेंद्र द्विवेदी ने किया। प्रमुख रूप से नीलिमा कटियार, राम शरण कटियार, मणिकांत जैन, पदमेश दुबे, भूपेश अवस्थी आदि रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आयोजन मोतीझील में संपन्न




**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन के निर्देश पर उ0प्र0 सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत नगर निगम कानपुर द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन मोतीझील लॉन-1 में किया गया जिसमे कुल 38 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाह सम्पन्न कराया गया है।

जिसमें अनुसूचित जाति 31, पिछडा जाति 04 व सामान्य वर्ग के 03 जोडो का विवाह सम्पन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आयोजन में मुख्यरूप से प्रतिभा शुक्ला राज्यमंत्री सलिल विश्नोई सदस्य विधान परिषद, नीलिमा कटियार विधानसभा सदस्य, कल्यानपुर, भाजपा जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह एवं नगर निगम के जनप्रतिनिधिगण/अधिकारीगण भी उपस्थिति रहे। तथा उपस्थिति जोड़ों को शासन द्वारा निर्धारित उपहार सामग्री भी भेट स्वरूप दी गयी, साथ ही जोड़ों को नये जीवन में प्रवेश की शुभकामनाएं दी गईं व उनके परिवारिकजनो ने नगर निगम द्वारा की गयी व्यवस्थाओं की सराहना की। एवं उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों द्वारा भी नगर निगम द्वारा किये गये कार्यो की प्रशंसा की गयी।

# बेखौफ चोर: ताला तोड़ सात दुकानों में चोरी


प्रतीकात्मक फोटो

**कानपुर।** देर रात नौबस्ता के मछरिया में चोरों ने धमाचौकड़ी मचाते हुए सात दुकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। सुबह पर व्यापारियों ने दुकानों के ताले टूटे हुए देखे तो उन्हें चोरी की जानकारी हुई। चोरी की वारदात से आक्रोशित व्यापारी मौके पर ही धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। व्यापारियों का आक्रोश इस बात पर था कि करीब तीन महीने के अंदर क्षेत्र में यह चोरी की पांचवी वारदात है, इसके बावजूद पुलिस की सक्रियता नहीं बढ़ रही है। व्यापारियों ने क्षेत्रीय चौकी इंचार्ज पर भी गश्त न करने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि जब चौकी इंचार्ज को नहीं हटाया जाता है तब तक वह लोग धरने पर बैठे रहेंगे। नौबस्ता थाना प्रभारी ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन भी दिया।

# प्रेस क्लब के सहयोग से लगा हेल्थ कैंप



**कानपुर ( स्पष्ट आवाज )।** जीएसवीएम पीजीआई में कानपुर प्रेस क्लब और जीएसवीएम मेडिकल कालेज के सहयोग से हेल्थ कैंप का आयोजन हुआ। इस दौरान मीडिया से जुड़े लोगों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य का परीक्षण मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने कर उन्हें परामर्श दिया। कानपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरस वाजपेई और महामंत्री शैलेश अवस्थी ने बताया कि शिविर में मेडिकल कॉलेज के सभी विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं देते हुए स्वास्थ्य परीक्षण किया है, इसमें रोग की पहचान होने पर निशुल्क इलाज भी कराया जाएगा।

इस दौरान जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय काला, प्रमुख अधीक्षक आरके सिंह, डॉ मनीष सिंह, डॉ सीमा द्विवेदी, डॉ अनुराग राजौरिया एवं प्रेस क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

# कुष्मांडा देवी मंदिर का होगा कायाकल्प

**कानपुर।** वंदन योजना से कुष्मांडा देवी मंदिर को संवारने का काम किया जाएगा। इसमें सड़कें, विश्राम स्थल, टीन शेड के साथ लाइट और पानी की व्यवस्था होगी। एडीएम व विधायक ने स्थलीय निरीक्षण भी किया था। नगर पालिका ने दो करोड़ से होने वाले इन कार्यों का डीपीआर तैयार कर शासन को भेजा था, जिसकी मंजूरी मिल गई है। पालिका के अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि धनराशि जारी होने के बाद कार्य कराए जाएंगे।

# कमल खिलते ही बदलने लगा महमूदाबाद : आशा मौर्य

- तीस वर्षों तक उपेक्षित रहा विधान सभा इलाका, अब शुरू हुआ विकास



**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** भाजपा का कमल खिलते ही महमूदाबाद बदलने लगा है। 30 वर्षो तक महमूदाबाद तहसील इलाका उपेक्षित रहा। उनके शपथ ग्रहण लेने के बाद से ही महमूदाबाद में विकास कार्य शुरू हो गये। दो साल के विधायक कार्यकाल में महमूदाबाद इलाके की सूरत बदल गई। क्षेत्र में विकास कार्य कराने का संकल्प तेजी से पूरा हो रहा है। क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्य ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल पूर्ण होने पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। दो वर्षों के कार्यकाल में महमूदाबाद विधान सभा क्षेत्र की दशा और दिशा बदलने लगी है। उन्होंने कहा कि तीस वर्षों तक महमूदाबाद उपेक्षित रहा, सभी मुख्य मार्ग जर्जर थे। सड़कों की हालत खस्ता थी। हमने संकल्प लिया था कि महमूदाबाद में शपथ ग्रहण होते ही विकास कार्य होने लगेगा। महमूदाबाद विधानसभा क्षेत्र में 128 सड़कों का नवनिर्माण व उच्चीकरण किया गया। जाम की समस्या को देखते हुए सिधौली-महमूदाबाद मुख्य मार्ग पर ओवरब्रिज का निर्माण, महमूदाबाद-फतेहपुर मार्ग पर बाईपास का निर्माण, नूरपुर शारदा सहायक नहर पर 40 करोड़ की लागत से पुल की स्वीकृति के साथ ही सीएचसी पहला में 20 बेड स्वीकृति, महमूदाबाद व पहला सीएचसी पर नई डिजिटल एक्सरे मशीन स्थापना, ऐतिहासिक मां संकटा देवी धाम के लिये 2.5 करोड़ रूपये की स्वीकृति, कस्तूरबा आवासीय विद्यालयों में हॉस्टल का निर्माण, करीब एक दर्जन स्वागत द्वारों की स्थापना की गई है, जिसमें अधिकांश कार्य शुरू हो गये है और कुछ कार्य शीघ्र शुरू हो जाएंगे। हमारी योजना है कि महमूदाबाद रामकुण्ड चौराहा, सरैंया, गोड़ैचा चौराहों के सौन्दर्यीकरण के साथ क्षेत्र में एक अच्छा पार्क, बारात मण्डप, प्रेस क्लब की स्थापना, जसमड़ा हुसैनपुर जर्जर पुल का नवनिर्माण, छठ पूजा के शेष स्थलों का सौन्दर्यीकरण, विधायक निधि से सात जगह अतिथि गृहों का निर्माण आदि कार्य किया जाएंगे। क्षेत्र में विकास कार्या के अतिरिक्त गरीबों को गंभीर बीमारी से निजात दिलाने के लिये मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 48 लोगों को सहायता दिलाई गई। उन्होने क्षेत्रीय लोगों से विकास कार्या के लिये सुझाव देने की बात कही है।

# अचिन ने काटा फीता, सांसद रेखा ने पहलवानों को किया सम्मानित

- महिला पहलवानों के बीच रोमांचक मुकाबले को देख दंग रह गये लोग
- खालसा दंगल प्रतियोगिता में पहलवानों ने दिखाये दांव पेच



**झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** क्षेत्र के अर्रो खेमाजितपुर गांव में खालसा विराट दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक प्रकट सिंह व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने फीता काटने के बाद पहलवानों का परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर पहला मुकाबला लकी थापा नेपाल व सूरजमल पहलवान ग्वालियर के बीच हुआ। कुश्ती में लकी थापा ने सूरजमल को चित्त कर बाजी जीत ली। इसके पश्चात कुश्ती अयोध्या हनुमान गढ़ी के पहलवान उमाशंकर व मौसमी पहलवान राजस्थान के बीच हुई। कुश्ती में उमाशंकर बाबा जीते, मेरठ के राजा पहलवान व राजस्थान के शेरा पहलवान के बीच हुई, कुश्ती में राजा पहलवान विजयी रहे।

इलाहाबाद के संजय पहलवान व कानपुर के सोमवीर पहलवान बीच हुई कुश्ती में संजय पहलवान विजयी रहे। लकी थापा नेपाल व मौसमी पहलवान मध्य प्रदेश के बीच हुयी, कुश्ती मे लकी थापा विजयी रहे। महिला पहलवान प्रीती लखनऊ व काजल सिंह दिल्ली के बीच हुई कुश्ती में प्रीती पहलवान विजयी हुयी। पंजाब के राजवीर पहलवान व हरियाणा के परवेज पहलवान के बीच हुई कुश्ती बराबर पर छूटी। सभी जीते हुये पहलवानों को ग्राम प्रधान विक्रम सिंह व प्रकट सिंह द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

दंगल कार्यक्रम मे धौरहरा सांसद रेखा वर्मा ने पहुंचकर महिला पहलवानों का उत्साहवर्धन किया तथा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख परसेंडी राजेंद्र प्रसाद, भाजपा नेता मनोज त्रिवेदी, मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, प्रधान पिंकू सिंह, कपिल सिंह, फारूक, लतीफ अहमद, मंजीत सिंह, संजय वर्मा, रवी थापर आदि मौजूद रहे।

# लोकार्पण कार्यक्रम में 16 सड़कें जनता को समर्पित



**भरुआ सुमेरपुर (स्पष्ट आवाज)।** पिछले दो वर्षो के अंदर बनकर तैयार हुई जिले की 16 सड़कों का लोकार्पण रविवार को पारा रैपुरा मोड़ में आयोजित कार्यक्रम में जिले के दोनों विधायकों ने मौजूद रहकर किया। कार्यक्रम में बड़ी तादाद में ग्रामीणों के साथ अधिकारी मौजूद रहे। सुमेरपुर बांदा मार्ग के बिरखेरा मोड पर पारा रैपुरा गांव में आयोजित लोकार्पण में सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति और राठ विधायक मनीषा अनुरागी तथा ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव ने मौजूद रहकर पिछले दो वर्षों में बनकर तैयार हुई दोनों विधानसभा क्षेत्र की 16 सड़कों का लोकार्पण किया। इनमें ज्यादातर मुख्य मार्गो से जोड़ने वाले लिंक मार्ग हैं। इन मार्गों में सुमेरपुर ब्लाक के सुमेरपुर मवई जार मार्ग, कुंडौरा पौथिया मार्ग, अतरैया मार्ग, मौदहा के चमरखन्ना मार्ग, सिजनौडा करहिया खंडेह मार्ग, बिगहना भुगैचा मार्ग, चकदहा हिमौली मार्ग, मुस्करा ब्लॉक के मुस्करा चंदौरा मार्ग, राठ मार्ग से बड़ा डेरा मार्ग, इमिलिया तगारी मार्ग, सरीला के बंडवा मार्ग, राठ ब्लॉक के मुख्य मार्ग से बरदा, मुख्य मार्ग से झीना वीरा, मुख्य मार्ग से रौरों, मुख्य मार्ग से बरौली खरका, कुरारा ब्लॉक में बिलौटा मार्ग शामिल हैं। लोकार्पण के दौरान एडीएम न्यायिक डा. नागेंद्र नाथ यादव, प्रधान शिवदयाल प्रजापति, पूर्व प्रधान बिहारीलाल प्रजापति, पूर्व प्रधान अरुण कुमार सोनकर आदि रहे।

# संवाद मित्रों के सहारे चुनावी जंग फतह करेगी भाजपा




- जिलाध्यक्ष ने जमीनी स्तर पर चल रही चुनाव प्रबंधन का लिया जायजा

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** भारतीय जनता पार्टी इस बार संवाद मित्रों के सहारे लोकसभा चुनाव की जंग फतह करेगी। पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने रविवार को बैठक कर जमीनी स्तर पर चल रही चुनाव प्रबंधन तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में भाजपा के जिला पदाधिकारियों के अलावा मंडल अध्यक्ष और संवाद केंद्र के संवाद मित्र भी मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने संगठन को चुनावी धार देते हुए कहा कि भाजपा चुनाव के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। संवाद मित्रों का ऐसे में काफी दायित्व बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की सरकार के माध्यम से लगभग 300 से ज्यादा जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिन्हें संवाद मित्रों को सकुशल जन-जन तक प्रसारित करना है। जिलाध्यक्ष ने सभी मोर्चों के पदाधिकारियों और मंडल अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें यह ध्यान रखना है कि संगठन के कार्य को संपूर्ण अनुशासन के साथ समय से पूर्ण करना है इसमें कहीं भी कोई चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चुनावी समय के दो महीने संपूर्ण ऊर्जा से पार्टी के साथ लगने का आवाहन किया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय हित में किये जा रहे कार्यो का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 400 सीटे जीतने जा रही है। ऐसे में प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व बढ़ जाता है और उसे बड़ी गंभीरता के साथ अपना कार्य पूर्ण करना है। कार्यक्रम का संचालन विश्राम सागर राठौर ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, जिला महामंत्री रोहित सिंह, जिला मंत्री जया सिंह, संजय मिश्रा, नैमिष रतन तिवारी, करुणा शंकर त्रिपाठी, नीरज वर्मा झल्लर, उदित बाजपेयी, विष्णु मौर्य, अजय विश्वकर्मा, जितेंद्र मेहरोत्रा आदि मौजूद रहे।

# नलकूपों के बिजली बिल पर मिलेगी शत-प्रतिशत छूट

**सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** उत्तर प्रदेश शासन ने 1 अप्रैल 2023 से प्रदेश के किसानों को सिंचाई हेतु नलकूपों के बिजली बिल पर शतप्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था का शुभारम्भ मुख्यमंत्री ने आज इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया। जिसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, कृषक बन्धुओं एवं अन्य संबंधित अधिकारियों ने देखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि खाद्यान्न उत्पाद को देश का नम्बर एक बनाने में हमारे मेहनती किसानों का ही विशेष योगदान है, यहां की अच्छी उर्वरकता किसानों की मेहनत को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि किसान वर्ग जब तक खुशहाल नही होगा, तब तक हमारा देश खुशहाल नही होगा। इस योजना को सफल बनाने में ऊर्जा एवं कृषि विभाग एकजुट होकर कार्य करें तो बहुत जल्द इस योजना से जुड़े सपनों को साकार कर हमारे किसान भाईयों को अधिक से अधिक लाभान्वित किया जा सकता है। हम सबके लिये देश का हित सर्वोपरि है और इसी को आधार बनाकर हम सबको एकजुट होकर कार्य करना होगा तभी देश व प्रदेश आगे की ओर अग्रसर होगा।

# प्रधानमंत्री ने महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर : सुनील

हरगाँव-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पौराणिक सूर्य कुण्ड तीर्थ हरगाँव के प्रांगण में बुधवार को प्रधानमंत्री के नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी पर स्वयं सहायता समूह व एनजीओ की महिलाओं को दिखाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री सुनील मिश्र बब्बू ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति को सशक्त किया है। महिलाओं के उत्थान के लिए कई योजनाएं बनाई हैं। उज्जवला गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय तथा महिला आरक्षण विधेयक लाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष गफ्फार खाँ, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय मिश्र, मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, पतित पावन मिश्र, विजय मिश्र शेरा, महिला मोर्चा अध्यक्ष विमला सिंह, पंकज शुक्ल सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# संक्षिप्त समाचार

## दबंग ने पत्रकार के खेत से खोद डाली मिट्टी



**बांगरमऊ, उन्नाव।** एक पत्रकार ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपने निजी खेत से मिट्टी चोरी करने का आरोप लगाया है। पत्रकार ने पुलिस से जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम गौरिया कला निवासी पत्रकार रवि कुमार सिंह ने थानाध्यक्ष बेहटा मुजावर को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उसके खेत की गाटा संख्या 287 में दबंग ठेकेदारों द्वारा चोरी छुपे ढंग से मिट्टी खोद ली गई है। जिससे उसका खेत तालाब बन गया है। रवि कुमार सिंह ने इस प्रकरण की जांच कर दोषियों के खिलाफ शीघ्र कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## अनियंत्रित ट्रक हाईवे पर पलटा, चालक घायल




**भरुआ सुमेरपुर।** कबरई से कानपुर जा रहा गिट्टी भरा ट्रक अनियंत्रित होकर हाईवे पर पलट गया। जिससे चालक घायल हो गया। घायल को एम्बुलेंस से पीएचसी लाया गया। जहां इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। घाटमपुर निवासी ट्रक चालक रमेश (40) कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर जा रहा था।तभी रविवार सुबह करीब सात बजे नरायनपुर कुंदौरा के मध्य हाइवे पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया।जिससे रमेश घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस से इसे ट्रक से निकाल कर एम्बुलेंस की मदद से पीएचसी भेजा। जहां इलाज के बाद चालक को घर भेज दिया गया।

## ग्राम जेली में लगा दंत परीक्षण शिविर




**मैनपुरी।** श्री एकरसानंद आश्रम के पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद जी महाराज के निर्देशानुसार स्वामी भजनानंद ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री स्वामी भजनानंद दंत चिकित्सालय द्वारा रविवार को ग्राम जैली मे निऱशुल्क दंत एवं मुख परीक्षण शिविर लगाया गया । जिसमे मुख एवं दांत के रोगों के रोगियों का नि:शुल्क परिक्षण चिकित्सालय के दंत रोग विशेषज्ञ डा. केशव देव मिश्रा (एम डी एस) द्वारा किया गया। इस शिविर में लगभग 59 मरीजों को आवश्यक परामर्श दिया गया। इस अवसर पर कृष्ण कुमार मिश्र, सुधीर जी,डा. नेत्रपाल सिंह, कृष्ण वीर परिहार, इंद्रेश चौहान, जितेंद्र चौहान, सोनू, राम वरन सिंह आदि प्रमुख ग्राम वासियों ने उपस्थित रह कर इस सेवा में अपना अमूल्य सहयोग दिया। शिविर संयोजक राघव मिश्रा ने सभी सेवा भावियो को धन्यवाद ज्ञापित किया। चिकित्सालय के सचिव संदीप चतुर्वेदी ने बताया कि अगले रविवार दि 17 मार्च को नि:शुल्क दंत शिविर ग्राम टिंडोली मे आयोजित किया जाएगा।

## लकी इलेवन की टीम ने जीता फाइनल मैच



**उन्नाव।** कई वर्षों से हो रहे ग्राम गगौली में इस वर्ष भी मैच टूर्नामेंट 25 फरवरी से शुरू हुए टूर्नामेंट में 11 मार्च को फाइनल में पहुची टीमो द्वारा जबरदस्त मुकाबला रहा लकी इलेवन गगोली व दूसरी टीम छोटू इलेवन कानपुर में जबरदस्त मुकाबला होने पर लकी इलेवन ने छोटू इलेवन को 51 रन पर ही ढेर कर दिया क्रिकेट में मैन ऑफ द मैच यासीन व मैन ऑफ द सीरीज के हकदार लकी निगम हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में आये हुए प्रभात पांडे व गोपाल गोपाल कृष्ण द्विवेदी द्वारा विजेता टीम को 11 000 व उपविजेता टीम को रु. 2100 व ट्रॉफी भेंट कर खिलाड़ियों की सराहना की व खिलाड़ियों के लिए भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

# चकमार्ग पर तहसील प्रशासन का चला बुलडोजर

**महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)।** तहसील प्रशासन द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर चकमार्ग से जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटाया गया। महमूदाबाद के बरगदिया के ओम प्रकाश ने सम्पूर्ण समाधान दिवस व जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि मोहल्ले के गाटा संख्या 290, 296, 299 पर भूलेखों में चकमार्ग दर्ज है। चकमार्ग पर मोहल्ले के कुछ दबंगों द्वारा अवैधरूप से कब्जा करने का आरोप लगाया गया था। अवैध कब्जे की जांच करने गई राजस्व व नगर पालिका की संयुक्त टीम ने संतुति भी की थी। नगर पालिका, पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमलेखपाल अविनाश वर्मा, पुर्णेदु प्रकाश, रमाकांत रावत, अखिलेश वर्मा, सुरेंद्र कुमार, नगर पालिका के लिपिक राम नरेश, एसआई मनोज दुबे द्वारा पुलिसबल की मौजूदगी में बुधवार को चकमार्ग पर किया गया अवैध कब्जा जेसीबी की मदद से हटवाया गया। एसडीएम शिखा शुक्ला ने बताया कि चकमार्ग पर किए गए अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जा करने वालों पर जल्द ही अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

# 29 सड़क परियोजनाओं का प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल लोकार्पण

**● 34 हजार 700 करोड़ धनराशि लागत की 782 विकास परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण, शिलान्यास**

**बहराइच (स्पष्ट आवाज)।** प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा मंदुरी एयरपोर्ट परिसर आज़मगढ़ में आयोजित कार्यक्रम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अन्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में 34 हजार 700 करोड़ धनराशि लागत की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत जनपद बहराइच की रू. 164.729 करोड़ लागत की 29 सड़क परियोजनाओं जिसकी लम्बाई 200.92 कि.मी. का लोकार्पण किया गया।

जनपद बहराइच में रामगांव रोड पर मुर्गिहा के निकट आयोजित कार्यक्रम में आज़मगढ़ में आयोजित मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यक्रम का सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की एल.ई.डी. वैन के माध्यम से सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम के सजीव प्रसारण के पश्चात मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर ने अन्य अधिकारियों के साथ शिलेखों का अनावरण किया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी अनिल कुमार सिंह, लो.नि.वि. के अधिशासी अभियन्ता संजीव कुमार वर्मा व सुजीत कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन मौजूद रहे। लोकसभा क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड-2 (प्र.प.) बहराइच द्वारा विधानसभा क्षेत्र बहराइच में बी.बी.एस.सी. मार्ग से डिहवा मार्ग लम्बाई 4.790 कि.मी. लागत रू. 368.72 लाख, गोबरहा मार्ग फत्तेपुरवा (पटकौली) मार्ग लम्बाई 7.500 कि.मी. लागत रू. 565.53 लाख तथा पी.बी.बी. मार्ग से चिलवरिया वाया घरसवा लम्बाई 8.300 कि.मी. लागत रू. 642.55 लाख, विधानसभा क्षेत्र बलहा अन्तर्गत गायघाट से रामपुर धोबिया वैवाही मार्ग लम्बाई 16.000 कि.मी. लागत रू. 1111.19 लाख, मटेहीकलां से लौकाही मार्ग लम्बाई 5.050 कि.मी. लागत रू. 391.72 लाख, गोपिया मार्ग से लालपुर चादाझार मार्ग लम्बाई 6.000 कि.मी. लागत रू. 466.32 लाख, सुजौली मार्ग से जंगल गुलहरिया मार्ग लम्बाई 4.950 कि.मी. लागत रू. 256.91 लाख, गूढ हरखापुर से शोभापुरवा सेन्ट्ल स्टेट फार्म वाया बगिया लम्बाई 11.000 कि.मी. लागत रू. 840.11 लाख तथा पी.बी.बी. मार्ग से पेटरहा मार्ग लम्बाई 7.000 कि.मी. लागत रू. 536.66 लाख,

विधानसभा क्षेत्र महसी अन्तर्गत बहराइच कटाई घाट मार्ग से नेवादा खसहा तमाचपुर मार्ग लम्बाई 14.700 कि.मी. लागत रू. 980.05 लाख, नौतला मार्ग से मुनीमपुर कला मार्ग लम्बाई 6.250 कि.मी. लागत रू. 477.45 लाख, बी.बी.बी. रोड से गोलवा केशवापुर मार्ग लम्बाई 8.030 कि.मी. लागत रू. 605.86 लाख, इटहा से नौतला मार्ग लम्बाई 8.260 कि.मी. लागत रू. 639.60 लाख तथा बी.एस. मार्ग से आर.एस.आई. मार्ग वाया बेडनापुर खरचहा चौराहा लम्बाई 12.440 कि.मी. लागत रू. 964.69 लाख, विधानसभा क्षेत्र मटेरा अन्तर्गत पी.बी.बी. मार्ग से बेगमपुर मार्ग लम्बाई 5.470 कि.मी. लागत रू. 405.30 लाख तथा हुसैनपुर मंदूगी से बल्भदरपुर मार्ग लम्बाई 5.350 कि.मी. लागत रू. 412.07 लाख,

विधानसभा क्षेत्र नानपारा अन्तर्गत एन.आर. मार्ग से खैरहनिया मार्ग लम्बाई 5.730 कि.मी. लागत रू. 440.81 लाख, आर.टी.आई. कि.मी. 32 से मनिकापुर मार्ग लम्बाई 7.500 कि.मी. लागत रू. 588.22 लाख, एन.आर. मार्ग से बी.एम. मार्ग लम्बाई 16.000 कि.मी. लागत रू. 1249.01 लाख तथा बी.एम. मार्ग से जमदान मार्ग लम्बाई 5.960 कि.मी. लागत रू. 375.72 लाख इस प्रकार कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड-2 (प्र.प.) बहराइच द्वारा लोकसभा क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत रू. 12318.49 लाख की लागत से 20 मार्गों जिनकी लम्बाई 166.280 है का लोकार्पण किया गया।

इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा विधानसभा क्षेत्र महसी में बहराइच से कटाईघाट मार्ग लम्बाई 5.480 कि.मी. लागत रू. 499.35 लाख व आर.एस.आई. मार्ग से पूरे प्रसाद सिंह मार्ग लम्बाई 5.480 कि.मी. लागत रू. 499.35 लाख, विधानसभा क्षेत्र महसी व मटेरा अन्तर्गत बहराइच से कटाईघाट मार्ग लम्बाई 11.560 कि.मी. लागत रू. 1418.56 लाख तथा विधानसभा क्षेत्र मटेरा अन्तर्गत बहराइच से कटाईघाट मार्ग लम्बाई 5.000 कि.मी. लागत रू. 615.18 लाख इस प्रकार कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा लोकसभा क्षेत्र बहराइच में रू. 4154.42 लाख की लागत से 20 मार्गों जिनकी लम्बाई 34.640 है का लोकार्पण किया गया। लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज अन्तर्गत कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड-2 (प्र.प.) बहराइच द्वारा विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज में बी.बी.बी. मार्ग से भिलौरा बांसू मार्ग लम्बाई 8.000 कि.मी. लागत रू. 740.36 लाख, श्रमदान मार्ग (लदौर) से तीन सौ रेती मार्ग लम्बाई 8.500 कि.मी. लागत रू. 667.38 लाख व धनसरी मार्ग से गोंदौरा मार्ग लम्बाई 6.150 कि.मी. लागत रू. 458.12 लाख तथा विधानसभा क्षेत्र पयागपुर अन्तर्गत के.एच. मार्ग से कंचनापुर वाया बिबियापारा मार्ग लम्बाई 9.000 कि.मी. लागत रू. 676.32 लाख तथा कैनाल पटरी मार्ग से थोरिया मार्ग लम्बाई 5.425 कि.मी. लागत रू. 387.63 लाख इस प्रकार लम्बाई रू. 2929.81 लाख लागत के 05 मार्गों जिनकी लम्बाई 37.075 कि.मी. का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास किया गया।

## संक्षिप्त आवाज

### राजकीय वाहन चालकों के संघ का चुनाव सम्पन्न



**बहराइच (स्पष्ट आवाज)।** शनिवार को राजकीय वाहन चालक महासंघ बहराइच उत्तर प्रदेश का द्वितीय वार्षिक चुनाव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संघ भवन में संपन्न हुआ। महासंघ का अध्यक्ष,रामगोपाल मिश्रा (स्वास्थ्य विभाग), मंत्री सतीश चंद्र शुक्ला, (कृषि विभाग ),संरक्षक खादिम रसूल (स्वास्थ्य विभाग), उपाध्यक्ष जावेद हुसैन् (आबकारी ),उपमंत्री राजेश कुमार(विकास विभाग) ,संगठन मंत्री निरंकार मल्होत्रा( स्वास्थ्य विभाग),कोषाध्यक्ष- संजय कुमार श्रीवास्तव(स्वास्थ्य विभाग),ऑडिटर अयूब अली (स्वास्थ्य विभाग),प्रचार मंत्री देवानंद (सिंचाई विभाग) व सुभाष( विकास भवन) को चुना गया। जिले के सभी राजकीय वाहन चालकों ने महासंघ के सभी पदाधिकारियों को फूल माला लादकर बधाई दी है।

### लोकसभा चुनाव व आगामी त्योहारों के मद्देनजर किया गया पैदल मार्च

**महराजगंज,रायबरेली।** (स्पष्टआवाज) क्षेत्राधिकारी यादुवेंद्र बहादुर पाल व कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम के नेतृत्व में पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों ने आगामी त्योंहारों और लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए मऊ गर्वी और समसपुर हलोर सहित क्षेत्र के कई गांवों में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का एहसास दिलाया ।बताते चलें कि क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ सबसे पहले मऊ गर्वी उसके बाद समसपुर हलोर पहुंच कर पैदल मार्च किया। क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल ने सभी से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहारों को मनाने की अपील की। वहीं उन्होंने कहा कि अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एस.आई. सचिन शर्मा,एस.आई. दिनेश गोस्वामी, एस.आई. राहुल चौहान सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा ।

### जनपद में मिलेगी हवाई सेवा की सौगात, डीएम ने किया निरीक्षण



**बलरामपुर।** प्रधानमंत्री द्वारा श्रावस्ती एयरपोर्ट का रविवार को लोकार्पण किया गया। श्रावस्ती के साथ जनपद बलरामपुर को भी हवाई सेवा सुविधा की सौगात मिलेगी। जनपद में श्रावस्ती एयरपोर्ट के विस्तार हेतु राजस्व ग्राम बगाही व उसी का पूर्व एलहवा में 40.5 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण 1070 खातेदारों से किया जाएगा। श्रावस्ती एयरपोर्ट का विस्तार जनपद में किए जाने हेतु भूमि अधिग्रहण को अंतिम रूप दिए जाने का डीएम अरविंद सिंह द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है। इसी के क्रम में डीएम ने चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व ग्राम का नक्शा देखा एवं भूमि अधिग्रहित किए जाने को विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने भूमि अधिग्रहण में आने वाले सभी मकानों एवं पेड़ो का मूल्यांकन करते हुए खातेदारों से बैनामा कराए जाने की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ किए जाने का निर्देश दिया। पीडब्ल्यूडी के सड़क का भी मूल्यांकन का लिए जाने एवं सड़क के लिए जगह भी चिन्हित कर लिए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर एसपी केशव कुमार,एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### पं0 श्रीश चंद्र दीक्षित पर्यावरणीय पार्क का उद्यान मंत्री ने किया शिलान्यास



**रायबरेली।** (स्पष्टआवाज) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान,कृषि विपणन,कृषि विदेशी व्यापार एवं कृषि निर्यात उ0प्र0 दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली नगर क्षेत्र के देवानंदपुर में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत निर्मित एक विशाल पार्क के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस पार्क का नाम पूर्व सांसद और प्रशासनिक अधिकारी श्रीश चंद्र दीक्षित के नाम पर होगा। उद्यान मंत्री ने उनके पुत्र डॉ0 विजय दीक्षित के साथ इस पार्क के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। श्रीश चंद्र को याद करते हुए उद्यान मंत्री ने कहा कि उन्होंने एक राजनीतिज्ञ और प्रशासनिक अधिकारी होने के नाते देश और समाज को बहुत कुछ दिया है। उनके जीवन दर्शन से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पार्क के विकसित हो जाने से आसपास के लोगों को शुद्ध हवा मिलेगी, साथ ही पर्यावरण का भी संरक्षण होगा। पार्क में लोगों के घूमने फिरने के साथ योगस्थल और औषधीय पौधों का भी रोपण किया जाएगा। जिससे वनस्पति विद्यार्थियों को भी लाभ होगा। उद्यान मंत्री ने कहा कि इस पार्क का उद्देश्य लोगों की सेहत का ध्यान रखना है। जिससे स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण को भी बचाया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने जनपद स्तरीय गोष्ठि को भी संबोधित किया। जिसमें जनता की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता पर रखा जाएगा और सरकार और प्रशासन के सहयोग से उसका शीघ्र निस्तारण कराया जाएगा। इस अवसर पर उद्यान विभाग के कर्मचारी गण,जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी के अतिरिक्त आमजन उपस्थित रहे।

### गांधी परिवार को जवाब देगा मोदी का परिवारः अजय अग्रवाल



**रायबरेली।** (स्पष्टआवाज )गांधी परिवार के गढ़ माने जाने वाले रायबरेली में रविवार को पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अजय अग्रवाल ने पूरे भारत में पहली बार रायबरेली से मोदी का परिवार यात्रा की शुरुआत की। यात्रा में शामिल सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल तथा अन्य वाहनों में बैठे कार्यकर्ताओं ने हम हैं मोदी का परिवार के गगन भेदी नारे लगाकर पूरे क्षेत्र में सनसनी तथा रोमांच पैदा कर दिया । इसी यात्रा के दौरान रायबरेली के जगतपुर ब्लॉक के दोहाबा गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाते हुए कहा कि जिस प्रकार मोदी हमको परिवार मानते हैं, हम भी इस देश के प्रत्येक व्यक्ति को अपना परिवार मानेंगे तथा एक दूसरे की भलाई के लिए जीवन पर्यंत कार्य करेंगे। अजय अग्रवाल ने विपक्ष के नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग मोदी के लिए यह प्रश्न उठा रहे हैं कि मोदी का अपना परिवार नहीं है, तो मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि देश की 140 करोड़ जनता मोदी का परिवार है और मोदी भी हर एक व्यक्ति के परिवार का हिस्सा हैं। अजय अग्रवाल ने आगे कहा कि मोदी ने अपने 140 करोड लोगों के परिवार के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन न्योछावर कर दिया।

# लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शिक्षक प्रकोष्ठ की भूमिका का किया गया निर्धारण

**● भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ की हुई बैठक**



**रायबरेली।** (स्पष्टआवाज )भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ रायबरेली की बैठक भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी की अध्यक्षता में राजर्षि रामपाल सिंह वैदिक इंटर कॉलेज रायबरेली में आयोजित हुई। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत शिक्षक प्रकोष्ठ की भूमिका का निर्धारण किया गया एवं बूथ स्तर के मतदाताओं तक पहुंच की रणनीति तय की गई। उक्त बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से लोकसभा चुनाव संयोजक / सहसंयोजक नियुक्त किए गए 7 सरेनी विधानसभा क्षेत्र से चंद्रप्रकाश पांडे को संयोजक एवं अमरेश सिंह को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई 7 सदर विधानसभा से ऋषि राज त्रिपाठी को संयोजक, सुनील कुमार द्विवेदी को सहसंयोजक, हरचंदपुर विधानसभा से कृष्णकांत तिवारी को संयोजक तथा श्रीश कुमार तिवारी को सहसंयोजक, विधानसभा बछरावां से प्रेम शंकर मिश्र को संयोजक, अजय अवस्थी को सहसंयोजक , ऊंचाहार विधानसभा से नागेन्द्र बहादुर सिंह को संयोजक, इश्वरी प्रसाद तिवारी को सहसंयोजक, इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र सलोन में श्रवण कुमार अवस्थी को संयोजक एवं रविशंकर द्विवेदी को सहसंयोजक की जिम्मेदारी दी गई। इस बैठक में जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ दिलीप द्विवेदी, प्रधानाचार्य महासभा के जिला संयोजक नरेंद्र बहादुर सिंह प्रधानाचार्य बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज, चंद्र प्रकाश पांडे, धीरेंद्र कुमार मिश्रा, डॉक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह, मनोज कुमार अवस्थी, श्रवण कुमार अवस्थी, ने अपने विचार रखे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को दिशा दी है, वह सराहनीय है ।हमें सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है इस कार्य को शिक्षक ही बेहतर तरीके से कर सकते है इस अवसर पर शिक्षक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह प्रधानाचार्य बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज, ,वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्पेंद्र सिंह, ऋषिराज त्रिपाठी, नागेन्द्र बहादुर सिंह, श्रवण कुमार अवस्थी, सुनील कुमार द्विवेदी, चंद्र प्रकाश पांडे, प्रेम शंकर मिश्रा, डॉक्टर जितेंद्र प्रताप सिंह, संतोष कुमार मिश्रा, अमरेश सिंह, रवि शंकर द्विवेदी,प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक चंद्रधर शर्मा, जिला मंत्री शिक्षणेत्तर संघ रतन सिंह आदि मौजूद रहे ।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर कमलाकांत एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ दिलीप द्विवेदी ने किया ।बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धी लाल पासी को अवगत कराया कि लोकसभा चुनाव हेतु वह अजय सिंह चंदेल सचिव खेल विभाग माध्यमिक शिक्षा के साथ 356 माध्यमिक विद्यालयों जिनमें 46 राजकीय एवं 46 अशासकीय शेष वित्त विभिन्न विद्यालयों में भ्रमण कर विभिन्न शिक्षक दलों के साथ संपर्क कर उन्हें भाजपा का कमल रायबरेली जनपद में खिलाने हेतु निवेदन करेंगे एवं सभी शिक्षक संगठनों ने इस बार रायबरेली लोकसभा में कमल का फूल रायबरेली में खिलाने का भरोसा दिलाया।

## मूंग और उड़द का बीज वितरण किया

**बलरामपुर।** नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत दाल का बीज वितरण के सन्दर्भ में रविवार को 9वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बलरामपुर द्वारा सीमा चौकी सिरियानाका के नंदमेहरा गाँव में आर.के. तेजकुमार (उप कमांडेंट) नौवी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत दालों जिसमे मूंग और उड़द का बीज वितरण किया गया। वितरण के दौरान मुख्य अतिथि कैलाश नाथ शुक्ला विधायक तुलसीपुर द्वारा बताया कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा उठाया जा रहा यह कदम सराहनीय है जिससे इस योजना से सीमावर्ती ग्रामीणों के बेरोजगार युवाओं द्वारा बीज का उपयोग कर अपना खुद का व्यवसाय व आय बढ़ाने मदद मिलेगा।

## विशेष अभियान के तहत 24 नफर गैर जमानतीय वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 एंव त्योहारों को भयमुक्त वातारण में सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु अराजक तत्वों के विरूद्ध अभियान चलाकर अधिक से अधिक गिरफ्तारी करने के कड़े निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों को दिए गए हैं। उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के नेतृत्व में व समस्त क्षेत्राधिकारी गणों के मार्गदर्शन में जनपद के समस्त प्र0नि0/थानाध्यक्षों द्वारा थाना स्तर पर टीमों का गठन कर विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें समस्त थानों से कुल 24 नफर गैर जमानतीय वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है। जिनका विवरण निम्न है- थाना को0 नगर पुलिस द्वारा 06 वारण्टी अभियुक्तों, थाना को0 देहात पुलिस ने 02, थाना इटियाथोक पुलिस ने 04, थाना धानेपुर पुलिस ने 02, थाना परसपुर पुलिस ने 01, थाना नवाबगंज पुलिस ने 03, थाना कौडिया पुलिस ने 01, थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने 01, थाना वजीरगंज पुलिस ने 03 वारण्टी, थाना मोतीगंज पुलिस ने 01 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

# एस.जे.एस. लालगंज में संपन्न हुआ वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम



**रायबरेली।** (स्पष्ट आवाज) लालगंज क्षेत्र के बहुचर्चित व अग्रणी अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल लालगंज में वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध तंत्र समिति द्वारा मां वीणा-वादिनी का माल्यार्पण करके किया गया।

कार्यक्रम के इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की सह-प्रबंधिका डॉक्टर अनुश्री सिंह ने अपने संबोधन में विद्यालय प्रबंध तंत्र समिति की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किए गए सतत प्रयासों का विवेचन करते हुए आए हुए समस्त अभिभावकों व क्षेत्र वासियों को आने वाले पर्व होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं।

वहीं विद्यालय के प्रबंधक अग्रज सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता बनाए रखने के लिए तथा छात्रों को समाज का कुशल मार्गदर्शक बनाने के लिए विद्यालय व अभिभावक दोनों का योगदान होना अति आवश्यक है। साथ ही विद्यालय प्रबंधन की ओर से बनाई गई नई नीतियों के बारे में भी अभिभावकों को अवगत कराया। विद्यालय के प्रबंध तंत्र समिति द्वारा समस्त कक्षाओं के सभी वर्गों के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी के छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान करके उनको सम्मानित किया गया तथा चतुर्थ व पंचम श्रेणी के छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्हें होली की बहुत-बहुत अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

# मानक विहीन बनाई जा रही सड़क को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन



**रायबरेली।** (स्पष्टआवाज )महराजगंज रायबरेली क्षेत्र के बछरावां महाराजगंज रोड से हरदोई गांव को जाने वाली पक्की सड़क के निर्माण में गुणवत्ता पर लगातार प्रश्न चिन्ह लग रहे हैं ।सड़क की गुणवत्ता सही न होने के चलते ग्रामीणों ने अब विरोध का मन बना लिया है। रविवार को सैकड़ों की तादात में ग्रामीणों ने निर्माणाधीन सड़क के ऊपर इकट्ठा होकर निर्माण कर रही संस्था लोक निर्माण विभाग व ठेकेदार पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया और निर्माण कार्य को रुकवा दिया। बता दें कि बछरावां महाराजगंज रोड से हरदोई गांव को जोड़ने वाली लगभग 1 किलोमीटर सड़क काफी दिनों से जर्जर थी। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा कई बार विभागीय अधिकारियों और नेताओं से करने के बाद उस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो सका। सड़क मानक के अनुरूप न बनता देख ग्रामीणों ने रविवार को सड़क पर इकट्ठा होकर के जोरदार प्रदर्शन किया है और सड़क निर्माण में धांधली के गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीण अनुपम चौधरी, महेंद्र सिंह, बंटी, रजत चौधरी ,अमित आदि ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सड़क निर्माण में हो रही लगातार अनियमितता की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की गयी, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने कोई सुध नहीं ली और ठेकेदार द्वारा गांव की सड़क को मनमाने ढंग से बनाया जा रहा है। जितनी सड़क शनिवार को बनाई गई है उसकी रविवार को दूसरे दिन ही गिट्टी उखड़ कर सड़क पहले जैसी हो गई। इस पूरे मामले में जब लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता महिपाल सिंह से बात की गई, तो उन्होंने कहा मीडिया के माध्यम से मामला प्रकाश में आया है, जांच कर लापरवाही करने वाले ठेकेदार के ऊपर कार्रवाई की जाएगी।

## मोदी के शासन में जनता को मिला सर्वाधिक योजनाओं का लाभः कीर्ति बर्धन



**गोण्डा।** भारतीय जनता पार्टी के गोण्डा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी कीर्ति बर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने झंझरी मण्डल के ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर हरबंश में अपने चुनाव प्रचार का शुभारंभ करते हुए कहा कि देश को आजाद हुए 75 वर्ष में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब मजदूर असहाय को विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए भ्रष्टाचार व शोषण मुक्त शासन दिया। किसान मजदूर व महिलाओं के विकास में इतनी योजनाएं चलाई कि उन्हें गिनाना मुश्किल है। उन्होंने जनता से रुबरु होकर समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने का आश्वासन दिया।

जनसभा के आयोजक गाम प्रधान प्रतिनिधि राजू यादव ने सांसद का माल्यार्पण से स्वागत करते हुए शहर से जुड़े इस ग्राम सभा में जल निकासी की समस्या के निराकरण के लिए नाले का निर्माण कराने एवं गरीब बस्तियों में विद्युत पोल लगवाने, स्वच्छ जल के लिए पानी की टंकी व नाली निर्माण कराने में सहयोग का अनुरोध किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के प्रबुद्ध लोगों का सांसद श्री सिंह ने माल्यार्पण व पट्टाभिषेक कर सम्मानित किया।

## जल संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दौड़े युवा

**गोंडा स्पष्ट आवाज।** जनपद में जल संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य रविवार को पांच किलोमीटर जागरूकता मैराथन ड्ड वाटर फॉर पीस का आयोजन किया गया। शुरुआत सुबह 5.30 बजे रघुकुल विद्यापीठ के पास से की गई। यह पांच किलोमीटर की मैराथन जेल रोड से होती हुई झंझरी ब्लॉक में पूरी हुई। जल जीवन मिशन के तहत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जल पहुंचाने के कार्य में लगी संस्था एल.एंड.टी कन्स्ट्रक्शन्स की ओर से आयोजित इस मैराथन में संस्था के कर्मचारियों के साथ अन्य शामिल हुए। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को मैडल देकर सम्मानित भी किया गया। संस्था के इंडस्ट्रीयल रिलेशंस मैनेजर नागेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि आज पानी विश्व स्तर पर एक बड़ा एजेंडा हैं। इसके प्रति संवेदनशीलता बेहद आवश्यक है। इस मैराथन के माध्यम से वैश्विक जल संकट के प्रति समाज और युवाओं को जागरूक करने का प्रयास किया गया है। साथ ही, सबके लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की गई है। संस्था के फाइनेंस मैनेजर रंजन कुमार नायक ने बताया कि वैश्विक जल संकट से ऊबारने के लिए सभी को एक साथ मिलकर कार्य करने का आवश्यकता है। पानी एक ऐसा प्राकृतिक संस्थान है जिसपर सभी का समान रूप से अधिकार है। इसके साथ ही, इसका संरक्षण करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है। एल.एंड.टी कन्स्ट्रक्शन्स इस दिशा में लगातार कार्यरत है।

# अर्द्धसैनिक बल व पुलिस के जवानों ने किया फ्लैग मार्च

**● आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क**



**जरवलरोड बहराइच(स्पष्ट आवाज)।** आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पुलिस की तैयारियां जोरों पर हैं। पुलिस अधीक्षक बहराइच वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जरवलरोड थाना क्षेत्र में पुलिस और केंद्रीय बल के दर्जनों जवानों ने पुलिस उपाधीक्षक कैसरगंज रूपेंद्र गौड़ व थाना प्रभारी बृजराज प्रसाद के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकालकर कई गांवों का सघन भ्रमण किया है। उपाधीक्षक कैसरगंज ने संयुक्त बल के साथ घनी आबादी और संवेदनशील इलाकों से गुजरते हुए असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया कि आगामी त्योहारों में अशांति फैलाने व चुनाव प्रभावित करने का प्रयास किया तो खैर नहीं है। पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के फ्लैग मार्च कर आगामी लोक सभा चुनावों में निडर होकर आम जनमानस से निष्पक्ष मतदान करने की अपील करते हुए थानाध्यक्ष जरवलरोड बृजराज प्रसाद ने बताया की भड़काऊ पोस्ट वायरल करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने संवेदनशील इलाकों और संवेदनशील पोलिंग स्टेशनों का अर्द्धसैनिक बल के जवानों के साथ एरिया डोमिनेशन कर फ्लैग मार्च किया जा रहा है। इसी क्रम में अर्द्धसैनिक बलों के साथ जरवलरोड पुलिस ने थाना क्षेत्र के जरवल रोड बाजार,रेवढा, आदमपुर, तपेसिपाह, अलीनगर, आदमपुर, जतौरा हरचन्दा जरवल आदि क्षेत्रों में केंद्रीय सैनिक बल केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के साथ फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च के दौरान उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश सिंह लव कुमार सिंह दिनेश सिंह आदित्य कुमार हेड कांस्टेबल रंजय साहनी समेत दर्जनों जवान मौजूद रहे।

## कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**महराजगंज, रायबरेली।** (स्पष्टआवाज )रविवार को गाजे बाजे के साथ कस्बे में भव्य कलश यात्रा के साथ डाक बंगला? स्थिति परिसर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा दानेश्वर महादेव मंदिर से शुरू होकर संपूर्ण कस्बे में भ्रमण किया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं श्रद्धालु व मुख्य यजमान सत्यनारायण मोदनवाल व उनकी पत्नी संतोष कुमारी सिर पर कलश रखकर शामिल हुई ।इस दौरान गाजे बाजे की धुन पर लोग जमकर थिरके और खूब अबीर गुलाल उड़ा। कलश यात्रा के उपरान्त डाक बंगला स्थिति परिसर में आचार्यो द्वारा विधिवत पूजन अर्चन के बाद कथा का शुभारंभ हुआ। पीठाधीश्वर कष्टहरी धाम खैराबीरु बाराबंकी से आए हुए कथा व्यास पंडित कृष्ण दास महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण से जन्म-जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। श्रीमद् भागवत कथा जहां भी होती है, वह पूरा क्षेत्र सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। इस मौके पर रिंकू जायसवाल, संदीप वैश्य, विजय धोनी, श्याम सुंदर, मुकेश, सुरेश कुमार, शिव कुमार, ओम प्रकाश ,शिव प्रकाश, चंद्र प्रकाश सहित भारी मात्रा में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गर्भवती महिलाओं का किया गया अल्ट्रासाउंड



**बलरामपुर।** शनिवार को जनपद बलरामपुर के दो जिला स्तरीय चिकित्सालय जिला संयुक्त चिकित्सालय जिला महिला चिकित्सालय बलरामपुर, नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा नौ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों सहित कुल बीस स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान मनाया। जनपद में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में कुल 1073गर्भवती महिलाओं की जांच की गयी। 116 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क प्रिग्नेंसी के रूप में चिन्हित किया, कुल 507 महिलाओं का निः शुल्क अल्ट्रा साउंड करवाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंसडी में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण में चिकित्सक समेत कुल चार कर्मी अनुपस्थित पाए गए। सभी अनुपस्थित कर्मियों का अनुपस्थित अवधि का वेतन रोकने हेतु अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गैंसड़ी डॉ सुरेंद्र कुमार को निर्देशित किया। निरीक्षण के समय तक कुल 36 गर्भवती महिलाओं की जांच की गयी थी। उन्होंने वहां पर मौजूद मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गैंसड़ी डॉ सुरेंद्र कुमार को निर्देशित किया कि सभी गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व समस्त जांचें अवश्य कर लिया जाये। सीएमओ बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि इस दिन गर्भवती महिलाओं, विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान की जाती है और उनका इलाज किया जाता है और उनके लिए उचित जन्म योजना तैयार की जाती है, क्योंकि उन्हें विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को विशेष देखभाल प्रदान करके मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सकता है। इस दौरान प्रसव से पहले, प्रसव के दौरान और बाद में सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया। निरीक्षण के समय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गैंसड़ी के समस्त स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

## जिला कारागार में चिकित्सा शिविर आयोजित

**बलरामपुर।** रविवार को अपरान्ह में डा मुकेश कुमार रस्तोगी, मुख्य चिकित्साधिकारी, बलरामपुर, डा सन्तोश कुमार श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा महेश वर्मा, अध्यक्ष, प्रान्तीय चिकित्सा सेवा संघ, बलरामपुर, अजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष, इण्डियन रेड कास सोसाइटी, बलरामपुर, डा मेघावी, महिला चिकित्सक एवं डा रत्न सेन वर्मा जेल चिकित्साधिकारी के सहयोग से जिला कारागार बलरामपुर में वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में संयुक्त चिकित्सीय टीम में जिला कारागार, बलरामपुर के 100 से अधिक महिला एवं पुरूष बंदियों की जांच कर उन्हें दवा वितरित किया। महिला बंदियों को हाईजेनिक किट तथा कम्बल एवं पुरूष बंदियों को टी-शर्ट एवं कम्बल वितरित किया।

**DR. RAM MANOHAR LOHIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
VIBHUTI KHAND, GOMTI NAGAR, LUCKNOW- 226 010 (UP)
Phone: 0522-4918504, Website : www.drrmlims.ac.in
E-mail: directordrrmlims@gmail.com

**E-Bid Ref No:4228/RMLIMS/M/2024** dated:- 9.03.2024

**Re-E-Bid Notice**

E-Bids are invited from experience contractor/Agency for Arts & Designing painting of Overhead Tank at the Institute in Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow. E-bid by the advertisement no.-3280/RMLIMS/M/2024 dated 23.01.2024 has been cancelled. Therefore, those who have already submitted their offers against advertisement no.-3280/RMLIMS/M/2024 dated 23.01.2024 are also required to submitted again there fresh offer with earlier proof of deposit of EMD, as they are not required to deposit EMD again, but they are required to deposit tender document cost. New bidders are required to deposit EMD and tender document cost both. All bidders are required to give EMD and tender document cost detail in the technical bid.

The detailed NIT complete with bid document shall be available for downloading on e-tender portal : https://etender.up.nic.in from 11.03.2024, 9:00 AM to 27.03.2024 up to 5:00 PM. The e-bids (Technical bid & Price bid) can be submitted online in the above e-tender site till 27.03.2024 up to 5:00 PM and the same shall be opened on 28.03.2024 at 11:30 AM. The Director reserves the right to accept or reject any or all E-Bids or annual the bidding process without assigning any reason thereof. **Director**

स्पष्ट आवाज़
SA NEWS
लखनऊ, सोमवार, 11 मार्च, 2024
विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, प्रतिप्रदा (कृष्ण पक्ष)



आलोचना से बचने का एक ही तरीका है : कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो।
**अरस्तु**

# विपक्षी नेताओं के बयानों का विवाद

किसी भी चुनाव की गर्मी में नेताओं की तीखी बयानबाजी बहुत आम है। पार्टियां और नेता एक दूसरे पर हमला करते हैं। कई बार विवादित बयान भी दिए जाते हैं, जिनका मकसद किसी खास चीज की ओर ध्यान खींचना होता है। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी पार्टियों की ओर से कुछ ऐसे बयान दिए जा रहे हैं, जो रैंडम नहीं लग रहे हैं। यानी ऐसा नहीं लग रहा है कि बिना सोचे समझे चुनाव प्रचार की गर्मी में बोल दिया। ये बयान सुनियोजित लग रहे हैं और पिछले कुछ समय से कही जा रही बातों की निरंतरता उनमें दिख रही है। यह अलग बात है कि डीएमके सांसद ए राजा जो बयान दे रहे हैं, कांग्रेस उसकी आलोचना कर रही है और कांग्रेस नेता राहुल गांधी जो बयान दे रहे हैं उनकी पार्टी के ही नेता उसकी आलोचना करके पार्टी छोड़ रहे हैं। लालू प्रसाद के बयान पर अलग बहस छिड़ी हुई है। सवाल है कि विपक्षी नेता क्या इससे किसी ऐसे ध्रुवीकरण की उम्मीद कर रहे हैं, जिससे उनको फायदा होगा?

कई बार विवादित बयान भी दिए जाते हैं, जिनका मकसद किसी खास चीज की ओर ध्यान खींचना होता है। लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी पार्टियों की ओर से कुछ ऐसे बयान दिए जा रहे हैं, जो रैंडम नहीं लग रहे हैं। यानी ऐसा नहीं लग रहा है कि बिना सोचे समझे चुनाव प्रचार की गर्मी में बोल दिया। ये बयान सुनियोजित लग रहे हैं और पिछले कुछ समय से कही जा रही बातों की निरंतरता उनमें दिख रही है। यह अलग बात है कि डीएमके सांसद ए राजा जो बयान दे रहे हैं, कांग्रेस उसकी आलोचना कर रही है ।

डीएमके नेता ए राजा ने भारत को एक देश मानने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि देश उसको कहते हैं, जिसमें एक जैसे लोग रहते हैं और एक जैसी भाषा बोलते हैं। भारत में जाति, धर्म और भाषा की विविधता के आधार पर उन्होंने भारत को एक देश की बजाए एक उप महाद्वीप कहा है। दक्षिण एशिया के देशों को भारतीय उप महाद्वीप कहा जाता है। लेकिन ए राजा ने भारत को देश नहीं मानने की बात कहते हुए अपनी और पार्टी की द्रविडियन पहचान को आगे रखा। उन्होंने जय श्रीराम का नारा लगाने का भी विरोध किया। ध्यान रहे वे पहले भी सनातन विरोध का बयान दे चुके हैं। ए राजा और उदयनिधि स्टालिन ने सनातन को बीमारी बताते हुए उसे खत्म करने का संकल्प जताया था।

इस बीच राहुल गांधी का भी एक बयान चर्चा में आया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला करते हुए कहा कि उनको तो खुद प्रधानमंत्री बनना है लेकिन वे चाहते हैं कि बाकी लोगों के बच्चे जय श्रीराम बोलते हुए भूख से मर जाएं। वे सीधे भूख से मर जाने की बात भी कर सकते थे या जैसा पहले कहा था कि मोदी चाहते हैं कि देश के बच्चों को मोबाइल की लत लग जाए और वे कोई काम नहीं करें, वैसा भी कह सकते थे। लेकिन उन्होंने जय श्रीराम नारे का जिक्र किया। गौरतलब है कि गुजरात में अर्जुन मोढवाडिया और अन्य लोगों ने इसी बात को मुद्दा बनाया कि कांग्रेस भगवान राम का विरोध कर रही है।

## आज का इतिहास

1669 - इटली में एटना ज्वालामुखी फटने से 15,000 लोगों की मौत।
1689 - औरंगजेब ने शिवाजी के पुत्र संभाजी की हत्या की।
1779 - अमेरिकी सेना ने कोर ऑफ़ इंजीनियर्स की स्थापना की।
1810 - नेपोलियन ने ऑस्ट्रिया की मैरी-लुईस से शादी की।
1881 - रामनाथ टैगोर की प्रतिमा कलकत्ता के टाउन हॉल में स्थापित हुई, वह पहले भारतीय हैं जिनकी प्रतिमा टाउन हॉल में लगाई गई।
1895 - स्पैनिश जहाज रीना रेजेंटा जिब्राल्टर में डूबने से 400 यात्रियों की मौत।
1915 - क्रिकेट खिलाड़ी विजय हजारे का जन्म।
1917 - ब्रिटिश फौजों ने बगदाद पर कब्जा किया।
1918 - मास्को रूस की राजधानी बनी।
1931 - डेविड सैमनाज ओकाम्पो पेरू के राष्ट्रपति बने।
1948 - देश के पहले आधुनिक पोत जल उषा का विशाखापत्तनम में जलावतरण।
1963 - सोमालिया ने ब्रिटेन के साथ राजनयिक संबंध तोड़े।
1978 - इजरायली शहर तेल अवीव में हुए आतंकी हमले में 45 लोगों की मौत।
1981 - चिली में संविधान लागू हुआ, राष्ट्रपति पिनोशे का दूसरा कार्यकाल शुरू।
1985 - राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव सोवियत संघ के सर्वोच्च नेता बने।
1990 - लिथुआनिया ने स्वतंत्रता की घोषणा की।
1999 - इंफोसिस नेस्डैक स्टाक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने वाली पहली भारतीय कंपनी बनी।

# विपक्ष को भारी पड़ेगा मोदी का परिवार अभियान

**आशीष वशिष्ठ**

20 सितंबर 2018 को कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने राजस्थान में आदिवासी जिले डूंगरपुर के सागवाड़ा में एक जनसभा में एक कहावत का उपयोग करते हुए राफेल मामले में प्रधानमंत्री पर अमर्यादित टिप्पणी की। इस दौरान उन्होंने पीएम पद की गरिमा का खयाल भी नहीं रखा। राहुल गांधी की चौकीदार चोर की टिप्पणी के बाद पूरे देश में इस शब्द को लेकर ही आंदोलन शुरू हो गया था। भाजपा के तमाम नेताओं ने अपने नाम के आगे 'मैं भी चौकीदार' जैसे शब्द लिखने शुरू कर दिए थे। बाद में, अपने इस बयान को लेकर राहुल गांधी ने सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी थी।

3 मार्च 2024 को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में जन विश्वास महारैली में इंडी अलायंस की रैली में बोलते हुए राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री मोदी पीएम मोदी के परिवारवाद वाली टिप्पणी का जवाब देते हुए कहा था कि उनकी कोई संतान नहीं है। वो पत्नी के साथ नहीं रहते। कैसे जानेंगे कि परिवार क्या होता है? लालू प्रसाद की आपत्तिजनक टिप्पणी के अगले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के अदिलाबाद में जनसभा को संबोधित कर रहे थे तो उन्होंने विपक्ष की ओर से उनके परिवार को लेकर किए गए हमले का परोक्ष रूप से जवाब दिया। पीएम ने कहा, 'मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी मेरा परिवार हैं। जिनका कोई नहीं है, वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत ही मेरा परिवार है।' पीएम मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद ही भाजपा ने नए अभियान की शुरुआत कर दी। अभियान का नाम दिया गया 'मोदी का परिवार।' फिर क्या था बीजेपी के तमाम आला नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना बॉयो बदल दिए। वास्तव में, लालू के हमले को ही मोदी ने हथियार बनाते हुए अपने चुनावी अभियान में शामिल कर लिया। साल 2019 में भी पीएम मोदी ने विपक्ष के हमले से ही एक ऐसा हथियार निकाला और इस तरह अभियान चलाया कि राहुल गांधी और कांग्रेस की सारी कोशिशें ध्वस्त हो गई थीं और भारतीय जनता पार्टी 2014 की तुलना में बड़ी जीत के साथ सत्ता में वापसी की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी ने एक्स पर अपने बॉयो में 'मैं भी चौकीदार' लिखकर इस अभियान की शुरुआत की थी। यह अभियान तेजी से वायरल हो गया और बड़ी संख्या में बीजेपी के छोटे-बड़े नेताओं ने अपनी बॉयो में 'मैं भी चौकीदार' लिखना शुरू कर दिया। गली-गली पोस्टर लग गए। सिर पर टोपी आई जिस पर लिखा था- मैं भी चौकीदार। हर बड़ी हस्ती खुद को चौकीदार बताने लगी थी। चायवाला बनकर अगर पीएम रिक्शा, रेहड़ी-पटरी वाले तबके से जुड़ते हैं तो 'मैं भी चौकीदार' से उन्होंने एक बड़े तबके को खुद से जोड़ने की कोशिश की। वो प्रयोग सफल रहा। यह अभियान चुनाव खत्म होने तक जारी रहा।

# कैसे देखते–देखते बदलने लगा कश्मीर

**आर.के. सिन्हा**

अगर किसी ने फैसला ही कर लिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करना नहीं छोड़ेगा तो बात अलग है, पर हाल ही में उनकी (मोदी जी) श्रीनगर यात्रा के समय जिस तरह का उमंग और उत्साह के साथ स्वागत हुआ उससे सारा देश आश्वस्त महसूस कर रहा है। एक यकीन होने लगा है कि अब कश्मीर देश की मुख्यधारा से जुड़ गया है। प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब अविश्वसनीय था। सभास्थल बख्शी स्टेडियम में मोदी जी का भाषण सुनने के लिए हजारों लोगों की वक्त से बहुत पहले से ही लाइनें लग गई थीं। इनमें कश्मीरी औरतें भी भारी संख्या में थीं। याद नहीं आता कि जब किसी प्रधानमंत्री का घाटी में इतना गर्मजोशी से स्वागत किया गया हो। इसके पहले लगभग चालीस वर्ष पहले पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का लगभग ऐसा ही स्वागत हुआ था श्रीनगर में। प्रधानमंत्री की सभा की समाप्ति के बाद लोगों के चेहरों पर प्रसन्नता और आशा की मिली-जुली रेखाओं को पढ़ा जा सकता था। एक खबरिया टीवी चैनल पर स्थानीय निवासी गुलाम भट्ट कह रहे थे, ÷मुझे यकीन है कि पीएम मोदी हमारी सेवाओं को नियमित कराएंगे। वह अकेले ही इसे पूरा कर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में अब तक सभी सरकारों ने हमसे केवल खोखले वादे किए हैं।÷

रैली में इतनी बड़ी संख्या में आए लोगों की सुरक्षा के प्रबंधन में स्थानीय पुलिस सबसे आगे थी। जनता ने पुलिस द्वारा बताए गए हर सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया। जम्मू-कश्मीर पुलिस के उप-निरीक्षक सुलेमान खान ने कहा, ÷यह पीएम मोदी की वजह से हुआ है। अब हमारी वर्दी का सम्मान है। हमने कश्मीर में वह दौर भी देखा है, जब पुलिसकर्मी पत्थरबाजों और राष्ट्र-विरोधी तत्वों के डर से अपना पहचान पत्र नहीं रखते थे। कश्मीर में यह परिवर्तन किसने संभव किया? यह मोदीजी और उनका दृढ़ संकल्प है कि कश्मीर में कानून का शासन वापस आया।÷

मुझे मेरे कश्मीर में रहने वाले कई मित्रों ने बताया कि रैली के बाद लोग कश्मीर में अपने परिवार और दोस्तों के साथ रैली के बारे में जिस तरह से बातें कर रहे हैं, उससे यह स्पष्ट है कि लोग स्वेच्छा से वहां पहुंचे थे। हजारों लोग गर्व से बता रहे हैं कि उन्होंने बख्शी स्टेडियम में मोदी जी का भाषण सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इस अनुपम अवसर का भरपूर फायदा उठाया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को देश का मुकुट बताते हुए प्रदेश का डवलपमेंट प्लान सबके सामने रख दिया। उन्होंने कहा कि एक विकसित जम्मू-कश्मीर विकसित भारत की प्राथमिकता है। जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है क्योंकि वह खुलकर सांस ले रहा है। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। इस नए जम्मू कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। अगर बात प्रधानमंत्री मोदी की रैली से हटकर करें तो कश्मीर की जनता देख रही है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में कितने बदतर हालात हैं। वहां दिन में कम से कम दसेक घंटे तक बिजली नहीं आती। वहां रोजगार नाम की कोई चीज नहीं है। सोशल मीडिया के दौर में अब कुछ भी छिपा नहीं है। कश्मीर घाटी की जनता यह भी देख रही है कि पीओके में पाकिस्तान सरकार की जन



प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब अविश्वसनीय था। सभास्थल बख्शी स्टेडियम में मोदी जी का भाषण सुनने के लिए हजारों लोगों की वक्त से बहुत पहले से ही लाइनें लग गई थीं। इनमें कश्मीरी औरतें भी भारी संख्या में थीं। याद नहीं आता कि जब किसी प्रधानमंत्री का घाटी में इतना गर्मजोशी से स्वागत किया गया हो। इसके पहले लगभग चालीस वर्ष पहले पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का लगभग ऐसा ही स्वागत हुआ था श्रीनगर में।

विरोधी नीतियों के खिलाफ उग्र प्रदर्शन हो रहे हैं। पिछले छह महीनों से महंगाई, अप्रत्याशित बिजली बिल और अन्य करों के विरोध में प्रदर्शन जारी है। इतना ही नहीं, वहां पर प्रशासन के खिलाफ सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू हो गया है। बिजली के भारी बिलों और करों को लेकर लोगों का आंदोलन शुरू किया था। इस बीच, अब बहुत साफ है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 का कोई मसला ही नहीं रहा। एक तरह से आप कह सकते हैं कि राज्य की जनता अब अनुच्छेद 370 से आगे निकल चुकी है। जैसी उम्मीद थी कि इसे हटाए जाने के बाद राज्य का सर्वांगीण विकास और रफ्तार पकड़ लेगा, अब वही हो रहा है। केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में सबको विश्वास में लेकर ही आगे बढ़ना चाहती है। इसका प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्य के 14 शिखर नेताओं से मिल भी चुके हैं। हालांकि अफसोस होता है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को हटाने के सवाल पर कांग्रेस का रवैया बेहद खराब रहा है। कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह कहते रहे हैं कि केन्द्र में उनकी पार्टी की सरकार आएगी तो वे संविधान के अनुच्छेद 370 को दोबारा बहाल कर देंगे।


देखिए, आपको कश्मीर घाटी के बदले हुए मिजाज को देखने-समझने के लिए राजधानी के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट में गोवा जाने वाली फ्लाइट के मुसाफिरों को देख लेना चाहिए। यकीन मानिए कि हरेक फ्लाइट में कई कश्मीरी परिवार भी यात्रा कर रहे होते हैं। चूंकि श्रीनगर से गोवा की कोई डायरेक्ट नहीं है तो ये दिल्ली से गोवा मौज-मस्ती के लिए जा रहे होते हैं। यानी जिस कश्मीर में शेष भारत से लोग पहुंचते हैं, वहां के लोग गोवा छुट्टियां मनाने के लिए जाते हैं। यह कश्मीरी गोवा जाने से पहले कुछ दिन दिल्ली में अपने रिश्तेदारों के साथ रहते हैं। यह उसके बाद गोवा जाते हैं। गोवा से वापसी के बाद भी दिल्ली में रुकते हैं। मुझे कुछ कश्मीरियों ने बताया कि उन्हें गोवा का खुला माहौल पसंद आने लगा है। जब कश्मीर जाड़ों में ठिठुर रहा होता है तो सैकड़ों कश्मीरी गोवा का रुख कर लेते हैं। कश्मीरियों के दिल में बसने लगे हैं गोवा के बीच (समुद्र का किनारा), वहां की डिशेज और समावेशी समाज। आपको साऊथ और नॉर्थ गोवा के होटलों में हर सीजन में बहुत सारे कश्मीरी परिवार मिलेंगे। जम्मू-कश्मीर बदलता जा रहा है। वहां अब पृथकतावादी ताकतों के लिए जगह नहीं है। संविधान के दायरे में रहकर आप सरकार से जो चाहें मांग करें, यह आपका हक है। पर वहां या कहीं भी देश विरोधी ताकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब देश का सिर्फ एक लक्ष्य है विकास करना।

# पाकिस्तान में हिन्दू मंदिर

**अजय दीक्षित**

अविभाजित भारत में किसी भी राज्य में किसी एक धर्म या सम्प्रदाय के लोगों की बहुतायत नहीं थी । यह सत्य है कि बंगाल और पंजाब के कुछ हिस्सों में मुसलमान ज्यादा थे तो और हिस्सों में हिन्दू ज्यादा था । आरोप यह है कि ब्रिटिश की कूटनीति थी कि भारत को विभाजित करके उसकी शक्ति घटाई जाये । एक समय था जब तिब्बत श्रीलंका आज का बांग्लादेश और पाकिस्तान, अफगानिस्तान, भूटान, वर्मा यहां तक कि अदन अदन तक भारत फैला था । धीरे-धीरे ब्रिटिश कूटनीति ने भारत के हिस्से कर करके वर्मा, भूटान, तिब्बत आदि को अलग देश मान लिया । तिब्बत में हमारे इष्ट देवता हैं । क्या कोई विदेश में इष्ट देवता स्थापित करेगा । मानसरोवर भारत का पुण्य तीर्थ है । पहले श्रीलंका को स्वतंत्रता दी गई, फिर भूटान और फिर वर्मा को अलग देश बनाया गया ।

जब इंग्लैण्ड में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वहां की अर्थव्यवस्था चरमराने लगी और वहां लेबर पार्टी का शासन आ गया तो उन्होंने भारत को आजादी देने का फैसला किया । परन्तु ब्रिटेन में चाहे लेबर पार्टी का साथ हो या कंजरवेटिव पार्टी का । वे सब भारत की धर्म आस्था से चिढ़ते थे ।



अविभाजित भारत में प्रत्येक शहर में मस्जिद और मंदिर थे । कहीं-कहीं तो मंदिर और मस्जिद सटे हुए थे । उसे समय की राजनीति उदार लोगों के हाथ में थी । आज भी भारत में अनेक बहुत प्रसिद्ध मस्जिदें हैं और नई दिल्ली स्थित हजरत निजामुद्दीन औलिया (महबूबे इलाही)या अजमेर में हजरत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती मुस्लिम आस्था का प्रतीक आज भी पूजनीय माना जाता है । पिछले दिनों स्वयं प्रधानमंत्री मोदी जी ने अजमेर की दरगाह पर चादर चढ़ाने का आयोजन किया था ।

आज के पाकिस्तान में कई हिन्दू मंदिर हैं जो अपने समय में ख्याति प्राप्त थे । आज इन मंदिरों की सजावट में लगी चांदी या सोने को चरमपंथियों ने लूट लिया है । मंदिर से सटी भूमि पर अवैध कब्जा कर लिया गया है । ब्लूचिस्तान में स्थित हिंगलाज मंदिर एक सती पीठ है । ब्लूचिस्तान के पठान हिन्दूओं से घृणा नहीं करते अपितु इस मंदिर की देखभाल में कई मुस्लिम पठान लगे हुए हैं । अन्य प्रसिद्ध मंदिर हैं -- करांची का दुर्गा का शिवाहरकारय या करवीपुर मंदिर, पेशावर में गोरखनाथ मंदिर, मुल्तान में सूर्य मंदिर, पंजाब में कटास राजमंदिर, हिंगलाज माता का मंदिर बहुत प्रसिद्ध और पवित्र माना जाता है । यह एक पुरानी घाटी पर बना हुआ है । कहते हैं सती की मृत्यु के बाद शिव जी ने क्रोधित होकर यहां ताण्डव नृत्य किया था । विष्णु ने पृथ्वी नष्ट न हो जाये इसलिए उन्होंने अपने चक्र से सती के शरीर के कई टुकड़े कर दिये और इस कारण शिवजी का ताण्डव नृत्य रुका ।

लगभग सभी शहरों में अभी तक हिन्दू मंदिरों के अवशेष मिल जायेंगे । पाकिस्तान की फौजी सरकार और वहां के चरमपंथी संगठन हिन्दू मंदिरों को तोड़कर अपना सुख पाते हैं परन्तु आज का आम पाकिस्तानी हिन्दुस्तान और विशेषकर मोदी जी की तारीफ में कसीदें काढ़ता है ।

वहां की नौजवान बालिकाएं राम नाम कहकर अयोध्या के राम मंदिर की भव्यता का गुणगान करती हैं । टी.वी. चैनलों में इन पाकिस्तान मुसलमान लड़के, लड़कियों के डायलॉग अब समरसता की बात करते हैं । और उन्हें हिन्दू देवी-देवताओं से कोई परहेज़ नहीं है । अपितु वे तो उनकी स्तुति भी करते हैं । जबकि इस्लाम में बहुत सी बुत परस्ती की मनाही है । आज की 20वीं सदी में सभी को एक दूसरे की आस्था का सम्मान करना चाहिए । ऐसा भी हो सकता है कि आज का पाकिस्तान निर्धारित हो जाये और कुछ हिस्सा वापस भारत में मिल जाये । हम तो परस्पर सहयोग की बात को बढ़ावा देते हैं ।

# लोकतंत्र के शुभ को आहत करने वाले अपराधी नेता



**- ललित गर्ग**

आपराधिक छवि वाले या जघन्य अपराधों में लिप्त लोगों को राजनीति दलों का संरक्षण मिलना भारतीय लोकतंत्र की बड़ी विडम्बना है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को संदेशखाली हिंसा, जमीन घोटाले, स्कूल घोटाले, देह व्यापार के धंधे व यौन उत्पीड़न के आरोप में आखिर सीबीआइ के सुपुर्द कर दिया गया। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार लगातार अदालती आदेशों की धज्जियां उडाती रही, ममता ने शाहजहां शेख को सीबीआई को सुपुर्द करने के मामले में जो गैरजिम्मेदाराना एवं अलोकतांत्रिक रवैया अपनाया वह आश्चर्यजनक और चिंताजनक है। यह कैसी विवशता है राजनीतिक दलों की? अक्सर राजनीति को अपराध मुक्त करने के दावे की हकीकत ऐसे ही अवसरों पर सामने आती है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के दुबारा आदेश के बावजूद संदेशखाली मामले के आरोपी को सीबीआइ के सुपुर्द करने में देरी होना न केवल समझ से परे है बल्कि यह लोकतंत्र एवं न्याय व्यवस्था की अवमानना है। इस पूरे प्रकरण से राजनीति समझ में आती है जो एक आरोपी को लेकर हो रही है। लोकसभा चुनाव आने वाले हैं और राज्य में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस शेख के मामले को एक राजनैतिक मुद्दा बनाने पर तुले हुए हैं। आज भारत की आजादी का अमृत महोत्सव की परिसम्पन्नता पर एक बड़ा प्रश्न है भारत की राजनीति को अपराध मुक्त बनाने का। यह बेवजह नहीं है कि देशभर में अपराधी तत्त्वों के राजनीति में बढ़ते दखल ने एक ऐसी समस्या खड़ी कर दी है कि शेख पर गंभीर आरोपों के बावजूद ममता सरकार उसे बचाने में लगी रही। शेख अपने इलाके संदेशखाली में महिलाओं का उत्पीड़न करता था और देह व्यापार के धंधे में भी संलग्न था। ये आरोप गंभीर हैं जिनकी गहनता से जांच होनी चाहिए। मगर हो यह रहा है कि राज्य सरकार शेख की रक्षा में नजर आ रही है और भाजपा लगातार आक्रमण कर रही है। विडम्बना यह है कि शाहजहां शेख कोई समाजसेवी न होकर वर्तमान दौर का मुनाफेबाज नेता, व्यभिचारी, हिंसा एवं अराजकता फैलाने का आरोपी है। वैसे तो ममता दीदी की सरकार में कई घोटाले हुए हैं मगर स्कूल घोटाले में शाहजहां शेख का नाम आने पर प्रवर्तन निदेशालय ने उसके खिलाफ जब जांच शुरू की तो हंगामा बरपा हो गया। प्रवर्तन निदेशालय की टीम विगत जनवरी माह के पहले सप्ताह में जब शाहजहां शेख के यहां संदेशखाली पहुंची तो स्थानीय तृणमूल कार्यकर्ताओं ने उस टीम पर हमला बोल दिया। इनमें अधिसंख्य शेख के समर्थक ही थे। तृणमूल कांग्रेस एवं उनके नेताओं पर लगे गंभीर आरोपों के बाद एक बार फिर इस सवाल ने जोर पकड़ा है कि जो लोग राजनीति को अपराधीकरण से मुक्त बनाने की बात करते हैं, वे हर बार मौका मिलने पर अपने संकल्प एवं बेदाग राजनीति के दावों से पीछे क्यों हट जाते हैं? तृणमूल कांग्रेस में शेख जैसे नेताओं की कमी नहीं हैं। संदेशखाली से महिलाओं के यौन उत्पीड़न और जमीनों के कब्जे को लेकर आ रही खबरें डराने वाली हैं। इन खबरों में कितनी सच्चाई है, इसका फैसला तो अदालत ही करेगी। तो फिर आरोपी को बचाने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार एड़ी-चोटी का जोर क्यों लगाती रही? यहां सवाल तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी का अथवा किसी अन्य दल का नहीं है। सवाल है, महिलाओं की अस्मिता से खेलने के आरोपियों को सजा दिलाने का। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री स्वयं महिला हैं और उन्होंने एक महिला के अस्तित्व एवं अस्मिता को नौंचने वाले नेता को क्यों राजनीतिक संरक्षण दिया?

आज राजनीति की दशा बदतर है कि यहां जनता के दिलों पर राज करने के लिये नेता अपराध, भ्रष्टाचार एवं चरित्रहीनता का सहारा लेते हैं।

जातिवाद, प्रांतवाद, साम्प्रदायिकता को आधार बनाकर जनता को तोड़ने की कोशिशें होती है। पर हम कितना भ्रम पालते हैं। पहचान चरित्र के बिना नहीं बनती। बाकी सब अस्थायी है। चरित्र एक साधना है, तपस्या है। जिस प्रकार अहं का पेट बड़ा होता है, उसे रोज़ कुछ न कुछ चाहिए।

# चांदी की किरणें, तन्हाईयाँ जगायेंगी

**ओम प्रकाश तिवारी**

डॉ. नीरज कनौजिया के कविता संग्रह ;दर्द की लकीरें की कविताओं में पीड़ा के संत्रास के साथ ही जीवन संघर्ष और उम्मीदें भी हैं

*कौन यहां किसका*
*अपना है*
*जग केवल कोरा*
*सपना है*
*छलना तो केवल*
*छलना है*
*साँसों के हर तार*
*बंधे हैं*
*जीवन को बरबस*
*जलना है*
*दर्द की लकीरों के*
*साथ चलना है।*

उपर्युक्त पंक्तियाँ डॉ. नीरज कनौजिया के काव्य संग्रह दर्द की लकीरें की प्रतिनिधि कविता है। इन पंक्तियों में कवयित्री के मनोजगत की अनुभूतियों की प्रतिध्वनि है। कवियत्री ने जीवन में जो भोगा है, उसे बिना लाग - लपेट के शब्दों में पिरोया है। डॉ. नीरज कनौजिया ने समीक्ष्य काव्य संग्रह के आमुख में स्वयं स्वीकार किया है, दर्द की लकीरें मेरे अंतस की मुक्तामाला है, जिसका आस्तित्व ही मेरे जीवन की गति है। संग्रह की प्रतिनिधि कविता विपरीत परिस्थितियों में भी जीवन में संघर्ष के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। अभिव्यक्ति की तलाश में इस संकलन की पहली कविता है। यह कविता जीवन के सत्य के मर्म को उद्घाटित करती है। इस संकलन में शामिल नीरज की अन्य कविताओं में भी पीड़ा के संत्रास के साथ ही जीवन संघर्ष और उम्मीदें भी हैं।

पुस्तक समीक्षा




एकाकीपन की अनुभूतियाँ भी हैं। मानव मन के सहज भाव को उकेरती प्रवणता भी है। संकलन की एक कविता है - भटकता पक्षी। इस कविता का शीर्षक ही बहुत कुछ कह देता है। इस कविता में कवियत्री ने शायद एकाकी अवचेतन को समझाने का प्रयास किया है। इस कविता के अंत में स्वार्थी संसार से विरत शून्य में लीन हो जाने का करुणामय निवेदन भी है। संकलन की अधिकांश कविताओं में दर्द का एहसास है। इन्हे पढ़ने से लगता है कि दर्द ही जीवन का स्थाई भाव है। गौतम बुद्ध के चार आर्य सत्य में दुःख प्रथम और प्रमुख है। जिस तरह बुद्ध ने दुःख के निवारण का मार्ग बताया है, उसी तरह कवियत्री नीरज कनौजिया ने भी अपनी कविता दर्द की चादर में उम्मीदों का दिया जलाया है - रातें धरा पर चांदी, बरसाएंगी। चांदी की किरणें, तन्हाईयाँ जगायेंगी। टूटे मन पर तेरी याद, के साये होंगे। और एक रात यूँ ही, खामोश गुजर जायेगी। दर्द की चादर ओढ़कर। समीक्ष्य संकलन की कविताओं को पढ़कर महादेवी वर्मा की काव्य वेदना की अनुभूति होती है। उनकी कविता मैं नीर भरी दुःख की बदली की वेदना और भाव नीरज कनौजिया की कविताओं में सहज है - कांटों का पथ मेरा है, चारो ओर अन्धेरा है। कवियत्री स्त्री अस्मिता का सवाल भी उठाती है, - हम तो बाबुल तोरे आंगन की चिड़िया, फिर काहे समझे है बोझ यह कविता स्त्री के मन के संत्रास को बया करती है। यही नहीं नीरज की कविताओं में भावनात्मकता, प्रेम, प्रकृति और स्त्री मन की छटपटाहट भी है। कुछ कविताओं में स्त्री के एकाकीपन को स्वर देने की कोशिश की गई है - जिंदगी का सन्नाटा, दिनों दिन गहरा होता जा रहा है। रात की शाख पर उग आया है सन्नाटा।

नीरज की कविताओं में स्त्री मन की छटपटाहट है। उन्मुक्त आसमान में उड़ने की चाहत है तो स्त्री के प्रेम का सामर्थ्य भी है - दूर से बुला लूंगी तुम्हे, अपने गीतों के सुरों में। इसी तरह इस संकलन की कई कविताओं में स्मृतियों के दुखद अध्याय भी हैं - तन्हा खामोश रातों में अक्सर, नींद आने से पहले, आहिस्ता - आहिस्ता पलकों में साकार होते, वह धुंधले से एहसासों के साये। यह कहना समीचीन होगा कि नीरज कनौजिया की कविताएं आत्मगत हैं। इन कविताओं के मर्म को वही समझ सकता है, जिसकी अपनी अनुभूतियाँ हों। फैसला संकलन की अंतिम कविता है। यह कविता जीवन संबंधों और खासतौर से स्त्री जीवन की पीड़ा के उदात्त स्वरूप को उजागर करती है। संकलन की कविताओं को पढ़ने से सहज अनुभूति होती है कि कवियत्री ने अपनी संवेदात्मक अनुभूतियों को शब्दों में गूंथ कर एक सुंदर माला तैयार की है। संकलन के आमुख में कवियत्री स्वयं लिखती है - जिंदगी में जो कुछ भी करीब से छूकर गुजरा है, उन सब अनुभूतियों को यों की त्यों बिना किसी कलात्मकता के मौलिक रूप में दर्द के धागे में पिरोकर इस किताब में दर्ज़ कर रही हूँ। समीक्ष्य संकलन की कवितायें अनुभूतियों की, प्रेम की, वियोग की, बिछुड़न की एवं दर्द के साथ ही उम्मीदों की किरण भी हैं। इन कविताओं में उर की आह है तो प्रेम की सुगंध भी है। यह संकलन काव्य रसिकों को रुचिकर लगेगा, ऐसा विश्वास के साथ कह रहा हूँ।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

# मृत्युभोज जैसी कुरीतियाँ समाज के लिए अभिशाप : प्रीतम पटेल

कौशाम्बी। हाशिमपुर छबीलेपुर निवासी समाज सेवी दरियाव सिंह पटेल का विगत दिनों निधन हुआ। जिसके क्रम में चर्चित समाजसेवी प्रीतम पटेल की पहल पर स्व.दरियाव सिंह पटेल पुत्र मानसिंह पटेल ने अपने दिवांगत पिता का मृत्युभोज तेरहवीं नही करने का निर्णय लिया।इस दौरान परिवार के सदस्यों एवं गणमान्य लोगो ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि व्यक्त किया।स्वर्गीय दरियाव सिंह पटेल के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद समाजसेवी प्रीतम पटेल ने उपस्थित लोगों से मृत्युभोज यानी तेरहवीं संस्कार एवं समाज में व्याप्त पाखंडवादी व्यवस्था, अंधविश्वास एवं कुरीतियों के प्रति जागरूक करते हुए लोगों को ऐसी पाखंडवादी व्यवस्था को अविलंब बन्द करने पर जोर दिया। लोगों को अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। समाजसेवी प्रीतम पटेल ने कहा कि मृत्यु भोज उत्सव एक पशुवत प्रवृत्ति है। यह समाज के ऊपर एक आर्थिक बोझ है। इसे हमारे समाज के लोग झूठी शान बढ़ाने के लिए भारी मात्रा में कर्ज लेकर हजारों लोगों को पूडी - पकवान खिलाने का दिखावा करते हैं। जबकि अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए, फीस भरने के लिए, किताब खरीदने के लिए, ड्रेस खरीदने के लिए, अच्छे स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के लिए उनके पास पैसे नहीं होते हैं। वर्तमान समय में मृत्यु भोज उत्सव मनाए जाने पर सवाल खड़ा करते हुए प्रीतम पटेल ने कहा कि मृत्युभोज जैसी कुरीतियाँ समाज के लिए आर्थिक बोझ ही नहीं बल्कि घोर अभिशाप है।गौरतलब हो कि विगत दिनों समाज सेवी प्रीतम पटेल के पिता का भी निधन हुआ था। जिसमें उन्होंने भी अपने दिवंगत पिता की तेरहवीं यानी मृत्युभोज न करके एक बड़ा संदेश समाज को दिया और समाज में फैली इस कुरीति का बहिष्कार अपने घर से प्रारंभ किया था। जिलापंचायत सदस्य नेपाल सिंह पटेल ने कहा कि समाज के बच्चे जब शिक्षित होंगे तो अपने आप कुरीति खत्म होगी और समाज सेवी रमाकान्त सिंह पटेल ने श्रद्धांजलि सभा में लोगों से अपील किया कि तेरहवीं के साथ साथ समाज में तमाम व्याप्त कुरीतियों को भी खत्म करना चाहिए। जिससे समाज आगे बढ़ सके।इस दौरान राधेश्याम पटेल पूर्व एमएलसी, धर्मराज पटेल पूर्व सांसद ,शैलेन्द्र कुमार पूर्व सांसद , रमाकान्त सिंह पटेल ,सनाउल इस्लाम ,श्याम लाल पटेल , बीडीओ सुनील सिंह पटेल , सन्तोष पटेल,सुरेश पटेल,दीपक पटेल ,राजेश पटेल शम्भू नाथ पटेल सहित गणमान्य लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये ।

# मीडिया क्रिकेट में जुटेंगे देश भर के क्रिकेटर्स, फाइनल मुकाबला कल

कौशाम्बी।रविवार को मीडिया खेल महोत्सव केपीएल के तत्वावधान में जिला खेल स्टेडियम में क्रिकेटर्स के साथ एथलेटिक के खिलाड़ियों का जमावड़ा रहा। सौहार्द मुकाबले में प्रशासन एकादश ने पत्रकार एकादश को मात दे दी। टॉस जीतकर पत्रकार एकादश ने सात ओवर में 57 रन बनाए। पत्रकार एकादश की तरफ से अंशुमान ने 14 और आमिर ने 16 रन बनाए। प्रशासन एकादश की तरफ से अतुल यादव ने 2 विकेट हासिल किए। प्रशासन एकादश ने एक ओवर रहते ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। बब्लू यादव ने सर्वाधिक स्कोर बनाया। प्रशासन एकादश की कप्तानी सिराथू के क्षेत्राधिकारी अवधेश विश्वकर्मा कर रहे थे। उन्होंने युवाओं को केपीएल जैसे मंच देने पर खुशी जाहिर किया है। आयोजन के चौथे दिन केपीएल टी10 मुकाबलों के तीन प्रोफेशनल मैच खेले गए। पहला मुकाबला रिजवी सुपर जायंट्स और उत्तम ब्लेजर्स के बीच खेला गया। एक तरफ रिजवी सुपर जोएंट्स की तरफ से यूपी अंडर 19 में खेलने वाले तालिब खेल रहे थे ,लेकिन उत्तम ब्लेजर्स में कुछ नेशनल लेवल कैनवास बाल के खिलाड़ी खेल रहे थे। नतीजतन उत्तम ब्लेजर्स ने आसान मुकाबले में रिजवी की टीम को मात दे कर अगले राउंड में प्रवेश कर गई। दूसरा मुकाबला खालिद स्ट्राइकर और शहजादपुर लैजिंड्स के बीच खेला गया। यह मुकाबला मुकाबला बहुत ही दिलचस्प रहा। लो स्कोरिंग इस मुकाबले में शहजादपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दस ओवर में 73 रन बनाए। जवाब में खालिद स्ट्राइकर्स की आधी टीम 30 रन पर वापस जा चुकी थी। लेकिन महेश यादव एक तरफ जमे रहे और अपनी टीम को जीत दिलाई। शाहबाज और बलराम पाण्डेय,तालिब अब्बास, जीशान, जैसे खिलाड़ी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। जिले के खिलाड़ियों ने सनी यादव जैसे खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

# कौशाम्बी में बेरोजगारी के चलते लोग कर रहे पलायन

**देश एक सविधान एक तो चुनाव भी सब एक साथ होने चाहिए:सुशील जयहिंद**

कौशाम्बी। जय जवान जय किसान मंच की एक बैठक रविवार को चायल तहसील में संपन्न हुई। बैठक में किसानों के मुद्दे पर चर्चा हुई और कहा गया कि नलकूप का बिल माफ करने के बाद भी किसानों को लाभ नहीं मिल सका है। सरकार को किसान और बेरोजगारों के लिए योजनाएं चलाई जानी चाहिए। लेकिन सरकार किसान और बेरोजगार के हित में योजनाएं चलाने के लिए गंभीर नहीं है। जिससे बेरोजगारी बढ़ी है।बेरोजगार युवक के साथ-साथ किसान परेशान है। बैठक की अध्यक्षता संगठन के संयोजक सुशील जय हिंद ने किया। उन्होंने कहा कि जब देश एक है संविधान एक है तो फिर चुनाव भी सब एक साथ होने चाहिए ,लेकिन बार-बार चुनाव करा करके आम जनता पर बोझ डाला जा रहा है। हर 6 महीने पर कोई न कोई चुनाव जनता की पीड़ा बना हुआ है। जिसकी वजह से देश का विकास नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद से कई साल पहले कौशाम्बी जनपद का गठन हुआ था, लेकिन आज भी कौशाम्बी जनपद विकास के नाम शून्य है। ना कोई यहां स्वास्थ्य की अच्छी सुविधा है न ही यहां कोई उद्योग धंधे लगाए गए। कौशाम्बी में बेरोजगारी चरम सीमा पर है। रोजगार के चलते कौशाम्बी के बेरोजगार पंजाब हरियाणा गुजरात राजस्थान महाराष्ट्र पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने जहां नलकूप का लोगों का कर्जा माफ किया है। इससे आम किसान को कोई फायदा नहीं हुआ है। आम किसान नलकूप वाले से 100 रुपया प्रति घंटा की दर से अपने खेतों की सिंचाई करता है। नलकूप वाले 100 रुपया से कोई भी पैसे कम नहीं लेते हैं। आज भी गरीब किसान दुखी है। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बेरोजगार नौजवान रो रहा है। देश का किसान रो रहा है। सरकार को बेरोजगारी के खिलाफ कठोर कदम उठाने चाहिए ,तथा गरीब किसानों को राहत हेतु नई-नई योजनाएं और स्कीम लानी चाहिए। बैठक में भरत लोचन बिपिन पटेल वीरेंद्र चौरसिया अतुल शिवलाल अनिल यादव सुभाष केसरवानी सुरेन्द्र पासी अजय पासी संतलाल कमलेश अखिलेश तथा संगठन के सैकड़ो लोग मौजूद है।

## संक्षिप्त आवाज

### रामलला के दर्शन के लिये 16 बसें हुई रवाना

बांदा। रविवार को भारतीय जनता पार्टी बांदा एवं सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी द्वारा विधानसभा बांदा सदर के चारों मण्डलों से चार-चार बसे कुल 16 बसे में बांदा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र से दर्शनार्थी एवं भाजपा पदाधिकारियों को आयोध्याधाम दर्शन हेतु भेजा गया, जिसमें लगभग कुल 800 दर्शनार्थी भगवान श्रीराम दर्शन हेतु अध्योध्याधाम गये, उक्त बसों को जी0आई0सी0 मैदान में विधायक प्रकाश द्विवेदी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष संजय सिह, जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक प्रेमनारायण द्विवेदी, जिला मंत्री पंकज रैकवार, ब्लाक प्रमुख बडोखर स्वर्ण सिंह सोनू, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, नगर पालिका चेयर मैन प्रतिनिधि अंकित बासू, नगर अध्यक्ष दक्षिणी राकेश गुप्ता दद्दू, मण्डल अध्यक्ष महुआ रामकृष्ण शुक्ला, मण्डल अध्यक्ष बिसण्डा रंजीत सिंह नगर महामंत्री उत्तरी संतोष राजपूत, नीलू तिवारी, नगर अध्यक्ष यू0मो0 राहुल द्विवेदी एवं अन्य भाजपा पदाधिकारियों के साथ सभी बसों को हरी झण्डी दिखाकर एवं जय श्रीराम के नारे के साथ आयोध्याधाम के लिए रवाना किया गया। विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि आगे भी इसी तरह विधानसभा के सभी ग्रामों, मजरों, पुरवों, एवं बांदा नगर के सभी वार्डो/मोहल्लों से दर्शनार्थियों को भेजा जायेगा।

### आज होगा कन्याओं का सामूहिक विवाह

बांदा। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशों के क्रम में 11 मार्च को जनपद के खंड विकास कार्यालय नरैनी में तथा तिंदवारी विकासखंड के ग्राम जसईपुर, बड़ोखर खुर्द विकासखंड के पंडित दीनदयाल पुरम में एवं बबेरू विकासखंड के लव कुश इंटर कालेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत निर्धन एवं गरीब बालिकाओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने बताया है कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का कार्यक्रम जनपद के उक्त चार विकासखण्ड में आयोजित किया जा रहा है ,जिसमें लगभग 690 गरीब एवं निर्धन बालिकाओं को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान करते हुए उनका वैवाहिक कार्यक्रम विधिवत विधि विधान से पूर्ण किया जाएगा।

### पश्चिम शरीरा पुलिस ने की गश्त

कौशाम्बी। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पैरामिलिट्री फोर्स के साथ रविवार को एरिया डोमिनेशन किया गया व ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया तथा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया । मतदान के दौरान बाहर से ड्यूटी हेतु आने वाले फोर्स के ठहरने के स्थानों की सुविधाओं का जायजा लिया गया ।

### महेवाघाट पुलिस ने पैरामिलिट्री फोर्स के साथ किया फ्लैग मार्च

कौशाम्बी। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में थाना महेवा घाट पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत पैरामिलिट्री फोर्स के साथ एरिया डोमिनेशन किया गया व ड्रोन के माध्यम से निगरानी की गयी तथा निर्भीक एवं स्वतंत्र मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया गया तथा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पड़ने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया । मतदान के दौरान बाहर से ड्यूटी हेतु आने वाले फोर्स के ठहरने के स्थानों की सुविधाओं का जायजा लिया गया ।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया 18 सड़कों का लोकार्पण



कौशाम्बी।रविवार को पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा पीएमजीएसवाई के तहत बनाई गई 18 सड़कों का वर्चुअल लोकार्पण किया गया। आयोजित कार्यक्रम मे जिलापंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर ने सीडीओ की उपस्थिति में रविवार को जिला पंचायत परिसर में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा नव निर्माणधीन 18 सड़कों का लोकार्पण किया।आयोजित कार्यक्रम का संचालन अवर अभियंता आरपी सोनकर ने किया। इस अवसर पर केपी मिश्रा, शिव मोहन मौर्य,राम नरेश,फूल सिंह,विजय पाल ,बुद्धराम पाल,इंदल, अरूण कुशवाहा,जितेन्द्र कुमार सोनकर, जयसिंह पटेल , आईपीयू अधिशाषी अभियंता विपुल चंद्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### पंडित रामावतार शास्त्री का निधन



कौशाम्बी।जनपद के महान शिक्षाविद धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार के संस्थापक पूर्व प्रधानाचार्य रामावतार त्रिपाठी का लखनऊ में रविवार को निधन हो गया।प्रख्यात शिक्षाविद् केन अझुआ निवासी पंडित रामावतार शास्त्री का निधन रविवार को हो गया। यह खबर जैसे ही मिली कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को लखनऊ के हॉस्पिटल में उनका निधन हो गया। लोगों ने ईश्वर से शास्त्री जी जैसे सिद्ध पुरुष की आत्मा को शांति प्रदान कर अपने श्री चरणों में स्थान देने की शोक संवेदना व्यक्त किया है।.

### संयुक्त किसान मोर्चा ने प्रदर्शन कर दी गिरफ्तारी

बांदा। अशोक लाट में बुंदेलखंड किसान यूनियन के किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। किसानो की समस्याओं को लेकर के देशभर में रविवार को विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। बुंदेलखंड किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल शर्मा की अगुवाई में किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात। एमएसपी विल व किसान ऋण माफी तथा ओलावृष्टि पर किसानों को मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। अशोक लाट चौराहे पर सैकड़ो की तादाद में उपस्थित किसानों ने विरोध प्रदर्शन करते हुये जनपद के किसानों की समस्याओं की मांग की है।

# तीन दिवसीय प्रदर्शनी में दी जायेगी लोगों को योजनाओं की जानकारी



बांदा। रविवार को निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेशानुसार जनपद बांदा में सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास नामक तीन दिवसीय नामक प्रदर्शनी का रविवार को शुभारंभ संकट मोचन मंदिर के सामने विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी द्वारा किया गया और जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई तथा यह भी जनपदवासियों से अपील किया कि सभी लोग आए और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग बांदा द्वारा लगी प्रदर्शनी का अवलोकन कर शासन की योजनाओं से लाभांवित हो जैसे कि एक जनपद एक उत्पाद वकवच, को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान, डबल इंजन की सरकार, विकास की दो गुनी रफ्तार निवेश फ्रेंडली नीतियां, सिंगल विंडो, पोर्टल निवेश मित्र के माध्यम से ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध, इज आफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में अग्रणी राज्य, सर्वाधिक उपभोक्ताओं वाला प्रदेश, एक्सप्रेसवे, इंटरनेशनल एयरपोर्ट, पांच शहरों में मेट्रो संचालित एवं 5 में निर्माणाधीन तथा कुछ में प्रस्तावित सर्वाधिक डैडम् वाला राज्य, इंडस्ट्रियल लैंड बैंक, ग्लोबल डेटा सेंट्रल हब एवं एजुकेशन व मेडिकल हब बनने की पूर्व अग्रसर ,निर्बाध विद्युत आपूर्ति,प्रचुर जल संसाधन, खाद्यान्न, दुग्ध,चीनी, आलू, एथेनॉल उत्पादन में देश में प्रथम स्थान आदि लाभान्वित करने वाली नीतियों की प्रदर्शनी लगी। विधायक सदर बांदा द्वारा एवं मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, जिला सूचना अधिकारी राम जी दुबे, सूचना विभाग समस्त स्टाफ व पत्रकार बंधुगण उपस्थित रहे।

# युवक को गोली मारकर उतारा मौत के घाट

कौशाम्बी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के डेढ़ावल गांव में ठाठ और खपरा हटा कर भीतर घुसे बदमाशों ने युवक को गोली मार दी है। जिससे युवक की तड़प कर मौत हो गई । ठाट और खपरे के रास्ते से बदमाश फरार हो गए हैं। मौके पर युवक अकेला था । उसके परिवार के लोग दिल्ली में रहते हैं। मामले में युवक के पाटीदारों ने आत्महत्या किए जाने की बात कही है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने संदिग्ध शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर बरामद तमंचा का फिंगरप्रिंट युवक की मौत से पर्दा उठा सकता है। मिली जानकारी केअनुसार शनिवार की शाम 4 बजे युवक द्वारा गोली मारकर आत्महत्या किए जाने की बात करने वाले पाटीदारों ने दूसरे दिन रविवार को सुबह पुलिस को युवक के मौत की सूचना दिया हैं। पाटीदारों का यह बयान उन्हें सवालों के घेरे में खड़ा कर रहा है। पाटीदारों का कहना है कि सुबह लोगो ने दरवाजा खोलने के लिए आवाज लगाई तो दरवाजा नहीं खुला। तो दरवाजा तोड़कर देखा गया तो उसका रक्तरंजित शव संदिग्ध हालत में पड़ा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के डेढावल गांव के अमित यादव के मां की मौत बहुत पहले हो चुकी है। उसका पिता भाई अन्य लोग दिल्ली में रहते हैं। वह कुछ दिन पहले गांव लौटा था। रविवार को उसके घर के अंदर संदिग्ध हालत में खून से लथपथ उसकी लाश मिली है। आशंका है कि उसे गोली मारकर मौत के घाट उतारा गया है। जिस कमरे में उसकी लाश पड़ी थी। उस कमरे के ऊपर खपरा हटाया गया था । ठाठ तोड़ा गया था। जिससे अंदर आसानी से लोगों का प्रवेश हो सके। लोग बताते है कि शनिवार को शहर से काम कर शाम को 4बजे अमित आया और घर में दरवाजा बंद करके अवैध तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सवाल उठता है कि उसने 4 बजे गोली मार कर आत्महत्या कर ली। लोगों ने फायर की आवाज सुनी तो मामले की सूचना 16 घंटे तक पुलिस को क्यों नहीं दी गई ।पाटीदारों का कहना है जब अमित ने सुबह दरवाजा नहीं खोला तो ग्रामीणों ने अमित को उठाने के लिए आवाज दी । दरवाजा खटखटाएं तो ग्रामीणों को संदेह हुआ की कोई मामला हुआ है, तभी मौके पर ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस को सूचना दी गई ।मौके पर पुलिस पहुंचकर दरवाजा तोड़कर देखा तो अमित रक्तरंजित अवस्था में जमीन पर पड़ा था। ठाठ का तोड़ा जाना और खपरा का हटाया जाना मामले में बहुत कुछ कह रहा है। पुलिस ने अवैध तमंचे को कब्जे में ले लिया और शव को पीएम के लिए भेज दिया। पाटीदारों के बयान पर पुलिस ने सूक्ष्म जांच की तो अमित की मौत से पर्दा उठ सकता है।

# ......तो डूब जायेगी आरके पटेल की नैया?



चित्रकूट। मत पूंछ मेरे सब्र की इन्तेहा कहां तक है, तू कर ले सितम तेरी हसरत जहां तक है- सांसद आरके सिंह पटेल को लेकर कहीं सांसद पुत्र सुनील सिंह पटेल का विरोध हो रहा है तो कहीं सांसद आरके सिंह पटेल के क्रियाकलापों को लेकर विरोध जारी है। ऐसे में सांसद आरके सिंह पटेल ने समय रहते विरोध को नियंत्रित नहीं किया तो उनकी चुनावी नैया डूब सकती है?

सांसद आरके सिंह पटेल का जिस अंदाज में लोग विरोध कर रहे हैं, उससे प्रतीत होता है कि चुनावी परिणाम का अंजाम कुछ भी हो सकता है। आज रविवार को मऊ-मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में मानिकपुर क्षेत्र के लोग सांसद आरके सिंह पटेल व जिलाध्यक्ष मुर्दाबाद के नारे लगा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि अयोध्या में राम मन्दिर के दर्शन को बूथ व सेक्टर के लोगों ने कहा था कि सवेरे छह बजे बसें जायेंगी। तमाम लोग क्षेत्र में दूर-दराज से अयोध्या जाने को तैयार होकर आ गये। बसों का अता-पता न होने पर लोगों ने खासी नाराजगी जताई। नाराजगी को लेकर नारेबाजी भी की। पहले 46 बसें अयोध्या जानी थी, अब कितनी बसें अयोध्या गई- ये कोई बताने वाला नहीं है। इस बारे में सांसद आरके सिंह पटेल के प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर से पूंछा गया तो उन्होंने कोई जवाब देने की जरूरत नहीं समझी। भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी से पूंछा तो उन्होंने कहा कि बूथ-सेक्टर से जानकारी कर रहे हैं। उनके व्हाट्सअप पर वीडियो भेजा गया, उन्होंने वीडियो देखने से अनभिज्ञता जताते हुए कहा कि जानकारी की जा रही है। सांसद आरके सिंह पटेल व उनके पुत्र सुनील सिंह पटेल को लेकर जिस तरह से संसदीय क्षेत्र में कहीं रौली गोंडा भरतकूप तो कहीं किसी कोल महिला का तो कहीं भरतकूप के आदिवासियों का वीडियो वायरल हो रहा है। इसे लेकर लोगों में तरह-तरह की बातें उछल रही हैं। विरोध के ये स्वर समय रहते न थमें तो चुनावी परिणाम का अंजाम कुछ भी हो सकता है। न पूंछो सितम सनम के और सितम गर का लहजा, दिल से आती है आवाज सहे जा, ये भी सहे जा- बस बात यहीं पर खत्म।

# कल्याणी क्लब ने जरूरतमंद महिलाओं को दी सिलाई मशीन



उरई (जालौन)आज शहर के प्रतिष्ठित होटल राधिका इन में दोनो क्लब उरई कल्याणी और उरई गोल्डन कल्याणी ने मिलकर डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन संध्या गुप्ता जी का भव्य् स्वागत किया। शहर के प्रवेश द्वार और राजमार्ग पर जगह जगह उनके स्वागत की तैयारियां की गई,हर जगह इनरव्हील के बैनर और पोस्टर लगाए गए ।अतिथि देवो भव। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उरई कल्याणी की प्रेसिडेंट सुधा पाल और उरई गोल्डन कल्याणी की प्रेसिडेंट कल्पना कनकने ने चेयरमैन संध्या गुप्ता जी को हल्दी अक्षत का तिलक करके पुष्पमाला इत्यादि पहनाकर स्वागत किया। सर्वप्रथम् डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन ने शहर के राठ रोड स्थित गुरुकुलम लाइब्रेरी मे इनेरव्हील क्लब ऑफ उरई कल्याणी द्वारा प्रदान की गयी प्रतियोगी परीक्षा की किताबों सहित अलमारी का लोकार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने एग्जीक्यूटिव मीटिंग मे दोनो क्लबो के आय व्यय एवं कार्यो का लेखा जोखा देखा।डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन दोनो क्लबो के कार्यो से संतुष्ट नजर आयी।इसके पश्चात कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ देव स्तुति एवं इनरव्हील प्रेयर द्वारा हुआ।गणेश वंदना की प्रस्तुति साक्षी चित्रांशी एवं उषा सेठ एवं किरण सेठ स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। दोंनो ही क्लब की सी.जी.आर.अरुणा सक्सेना नेऑनलाइन अपने स्वागत गीत की प्रस्तुति भेजी। कार्यक्रम का संचालन उरई कल्याणी की जॉइंट सेक्रेटरी वंदना श्रीवास्तव एवं गोल्डन कल्याणी की अर्चना द्विवेदी द्वारा किया गया।उरई कल्याणी क्लब की प्रेजिडेंट सुधा पाल ने अपने स्वागत उद्बोधन मे डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सहित सभी का स्वागत किया।दो जरूरतमंद महिलाओ को सिलाई मशीन भी उरई कल्याणी की ओर से प्रदान की गयी।तत्पश्चात क्लब की सेक्रेटरी अपराजिता ने पूरे वर्ष की रिपोर्ट पढ़ी । उरई गोल्डन कल्याणी की सेक्रेटरी संगीता द्विवेदी ने भी अपने क्लब द्वारा साल भर किए गए कार्यों का ब्योरा रिपोर्ट पढ़कर दिया । उरई कल्याणी क्लब की ज्वाइंट सेक्रेटरी वंदना श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि के जीवन पर प्रकाश डाला।तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने सभागार में उपस्थित सभी सदस्यों को संबोधित किया,और निरंतर अच्छे कार्य करने के लिए उन्मुक्त कंठ से दोनों ही क्लब की सराहना की ओर कैसे उन्नति के मार्ग पर बढ़ा जा सकता है इसका मार्गदर्शन भी किया ।कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को दोनों ही क्लब के प्रेजिडेंट द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ाकर,स्मृति चिन्ह उपहार स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के साथ सभी सदस्यों ने मिलकर सामूहिक रूप से फोटो निकलवाई । उरई गोल्डन कल्याणी की प्रेसिडेंट कल्पना कनकने ने कार्यक्रम की समाप्ति मुख्य अतिथि को धन्यवाद देते हुए की । अंत में राष्ट्र गान गाया गया।उरई गोल्डन कल्याणी क्लब से प्रेसिडेंट कल्पना कनकने ,सेक्रेटरी संगीता द्विवेदी , आई एस ओ ऊषा सिंह ,एडिटर रचना गुप्ता ,अर्चना द्विवेदी ,निशा राजपूत ,संगीता पाठक ,पूनम महतेले ,संध्या शिवहरे ,ममता सिंह ,श्वेता अग्रवाल,रश्मि गुप्ता इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे । इस अवसर उरई कल्याणी क्लब से प्रेसिडेंट सुधा पाल ,सेक्रेटरी अपराजिता चार्टर प्रेजिडेंट नीलम श्रीवास्तव, जॉइंट सेक्रटरी वंदना श्रीवास्तव जेड.पी.सी. सुमन गिरहोत्रा,प्रीती गिरहोत्रा ट्रेज़रर उषा सेठ सहित शशि महेश्वरी,मंजू रावत,मीना महेश्वरी,उषा निरंजन बिटोलीजया मनीषा,आनंद सिंह, राजकुमारी, रागिनी, प्रीत सक्सेना, आदि उपस्थित रही।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कार्य मण्डल पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड गोरखपुर**

**अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

इस मण्डल के अधीनस्थ विद्युत माध्यमिक कार्य खण्ड-गोरखपुर के अन्तर्गत निविदा के माध्यम से कार्य कराये जाने हेतु ई-निविदा दिनांक 28.03.2024 को अपरान्ह 16.00 बजे तक आनलाइन आमन्त्रित की जाती है, जिसका प्रथम भाग (टेक्निकल बिड) दिनांक 30.03.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे के पश्चात् खोला जायेगा। इस निविदाओं हेतु धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है तथा अप्रतिदेय अद्योहस्ताक्षरी के भारतीय स्टेट बैंक, गोरखपुर के Account No. 10490682045 IFS Code SBIN0005608 में RTGS/NEFT द्वारा जमा की जायेगी। कृपया पूर्ण निविदा प्रपत्र का विवरण डाउन लोडिंग एवं स्पष्टीकरण/विस्तारीकरण/संशोधन , शुद्धीकरण सम्बन्धित सूचनाओं हेतु वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखें। अल्प0 ई - निविदा संख्या : 48/ वि0 का0मं0(गो0)/2023-24: बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 (फेज - I) के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल - द्वितीय, गोरखपुर, जनपद-गोरखपुर में 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र गजपुर की क्षमतावृद्धि का कार्य एवं विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों के सुदृढ़ीकरण, लाइनों तथा उपकेन्द्रों की मरम्मत तथा उपकरण बदलने के विविध कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई - निविदा संख्या : 49/वि0का0मं0 (गो0) /2023-24 : बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 (फेज - I) के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल, देवरिया, जनपद - देवरिया में 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों भटनी एवं खेमादेई की क्षमतावृद्धि का कार्य एवं विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों के सुदृढ़ीकरण, लाइनों तथा उपकेन्द्रों की मरम्मत तथा उपकरण बदलने के विविध कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई-निविदा संख्या : 50/ वि0 का0 मं0 (गो0)/2023 - 24 : बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 (फेज - I) के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल, कुशीनगर, जनपद - कुशीनगर में 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों पटहेरवा, कुबेरस्थान, कोटवा एवं मनिकौरा की क्षमतावृद्धि का कार्य तथा विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों के सुदृढ़ीकरण, लाइनों तथा उपकेन्द्रों की मरम्मत तथा उपकरण बदलने के विविध कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई-निविदा संख्या : 51/ वि0 का0 मं0 (गो0)/2023-24 : बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 (फेज-1) के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल, महराजगंज, जनपद- महराजगंज में विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों के सुदृढ़ीकरण, लाइनों तथा उपकेन्द्रों की मरम्मत तथा उपकरण बदलने के विविध कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई - निविदा संख्या : 52/वि0का0मं0 (गो0)/2023-24 : बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 (फेज - I) के अन्तर्गत विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, गोरखपुर, जनपद-गोरखपुर में विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों के सुदृढ़ीकरण, लाइनों तथा उपकेन्द्रों की मरम्मत तथा उपकरण बदलने के विविध कार्य सेमी टर्नकी आधार पर । धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई - निविदा संख्या : 53/वि0का0मं0 (गो0)/2023-24 : बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 (फेज - II) के अन्तर्गत विद्युत नगरीय वितरण मण्डल - गोरखपुर एवं विद्युत वितरण मण्डल - प्रथम, गोरखपुर, जनपद-गोरखपुर में 33 के0वी0 शिरोपरि एवं भूमिगत लाईनों के निर्माण का कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic. in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई-निविदा संख्या : 54/वि0का0मं0 (गो0)/2023-24 : बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 (फेज - II) के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल - द्वितीय, गोरखपुर, जनपद-गोरखपुर में 33 के0वी0 शिरोपरि एवं भूमिगत लाईनों के निर्माण का कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic. in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई - निविदा संख्या : 55 /वि0का0मं0(गो0)/2023-24 : बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 (फेज - II) के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल - महराजगंज, जनपद - महराजगंज में 33 के0वी0 शिरोपरि एवं भूमिगत लाईनों के निर्माण का कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई-निविदा संख्या : 56/वि0का0मं0 (गो0)/2023-24 : बिजनेस प्लान वर्ष 2024 - 25 (फेज - II) के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल - कुशीनगर जनपद - कुशीनगर में 33 के0वी0 भूमिगत लाईन के निर्माण का कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic. in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई - निविदा संख्या : 57/वि0का0मं0 (गो0)/2023-24 : बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 (फेज - II) के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल - द्वितीय, गोरखपुर के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों सेवई बाजार, सहजनवा तहसील, उनवल, कौड़ीराम, मझगांवां, घुरयापार, हरिहरपुर, विधनापार, हरपुर एवं विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, गोरखपुर, जनपद-गोरखपुर के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों रूस्तमपुर तथा रानीबाग की क्षमतावृद्धि का कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई-निविदा संख्या : 58/वि0का0मं0(गो0)/2023-24 बिजनेस प्लान वर्ष 2024 - 25 ( फेज - II) के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल - देवरिया, जनपद- देवरिया के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों गौरीबाजार, खुखुन्दू, मझौलीराज, रामलीला मैदान एवं विद्युत वितरण मण्डल, महराजगंज, जनपद- महराजगंज के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों भिटौली, सिसवा तथा बृजमनगंज की क्षमतावृद्धि का कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई-निविदा संख्याः 59 /वि0का0मं0 (गो0)/2023-24 : बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 (फेज-II) के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल - कुशीनगर, जनपद- कुशीनगर के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों मथौली, गोपालगढ़, खड्डा एवं पड़रौना की क्षमतावृद्धि का कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic. in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई - निविदा संख्या : 60 /वि0का0मं0(गो0)/2023-24 बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 (फेज - II) के अन्तर्गत विद्युत नगरीय वितरण मण्डल, गोरखपुर, विद्युत वितरण मण्डल - प्रथम, गोरखपुर, विद्युत वितरण मण्डल - द्वितीय, गोरखपुर, जनपद-गोरखपुर में विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों के सुदृढ़ीकरण, लाइनों तथा उपकेन्द्रों की मरम्मत तथा उपकरण बदलने के विविध कार्य सेमी टर्नकी आधार पर। धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई-निविदा संख्या : 61/वि0का0मं0 (गो0)/2023-24 : बिजनेस प्लान वर्ष 2024 - 25 (फेज - II) के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल - देवरिया, जनपद-देवरिया में विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों के सुदृढ़ीकरण, लाइनों तथा उपकेन्द्रों की मरम्मत तथा उपकरण बदलने के विविध कार्य सेमी टर्नकी आधार पर । धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अल्प0 ई-निविदा संख्या : 62/वि0का0मं0 (गो0)/2023-24 : बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 (फेज-II) के अन्तर्गत विद्युत वितरण मण्डल - कुशीनगर, जनपद- कुशीनगर में विभिन्न 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों के सुदृढ़ीकरण, लाइनों तथा उपकेन्द्रों की मरम्मत तथा उपकरण बदलने के विविध कार्य सेमी टर्नकी आधार पर । धरोहर धनराशि तथा निविदा शुल्क की धनराशि वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य मण्डल, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, 14-श्रीरामपुरम, मोहद्दीपुर, गोरखपुर**
**पत्रांक : 230/वि.का.मं.(गो.)/निविदा, दिनांक : 10.03.2024**

**'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'**

# मोदी ने पूरा किया अपना वादा: सीएम योगी



**आजमगढ़।** मंदुरी एयरपोर्ट के लोकार्पण अवसर पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मोदी ने जो वादा किया उसे पूरा किया। उन्होंने कहा था कि हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज में बैठेगा। आज उसी वादे को पूरा करते हुए प्रदेश पांच एयरपोर्ट का लोकार्पण उनके द्वारा किया जा रहा है। 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब पूर्वांचल एक्सप्रेस वे का शिलान्यास करने के लिए आए थे तो उन्होंने कहा था मेरा सपना है कि हवाई चप्पल पहनने वाला हवाई जहाज में उड़े। आज वह वादा पूरा हो रहा है। आज प्रधानमंत्री यहां पर होली से पहले 2400 करोड़ से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण करने के लिए हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग आजमगढ़ के नाम से भयभीत होते थे। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण आजमगढ़ विकास के पथ पर अग्रसर है। आज जिले को विश्वविद्यालय मिला। हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय खुल रहा। जिसका निर्माण चल रहा है। सीएम ने कहा कि 22 हजार करोड़ से अधिक की लागत से बना पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे आजमगढ़ के विकास की धुरी बन चुका है। इसने पूर्वी उप्र की अर्थव्यवस्था को नई पहचान देने का कार्य किया है। आजमगढ़वासी मात्र दो घंटे में लखनऊ पहुंचते हैं। प्रधानमंत्री द्वारा आजमगढ़ के एयरपोर्ट का उद्घाटन होने जा रहा है, इसके साथ ही वायुसेवा भी प्रारंभ हो जाएगी। पीएम के सहयोग से आज उप्र को पांच नए एयरपोर्ट प्राप्त होने जा रहे हैं, डबल इंजन सरकार ने प्रयास किया है कि यहां बेहतरीन सुविधा प्राप्त हो। सीएम ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने आजमगढ़ की कला को नई पहचान देने के लिए हरिहरपुर में संगीत महाविद्यालय के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है तो आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए स्थानीय उत्पादों को एक जिला, एक उत्पाद के रूप में देश-दुनिया में पहचान दी है। ब्लैक पॉटरी और मुबारकपुर की रेशमी साड़ियों को भी सात वर्ष के अंदर नई पहचान प्राप्त हो रही है। श्रमिकों के बच्चों के लिए अटल आवासीय विद्यालय भी बनकर तैयार हुआ है। पहले आजमगढ़ के नाम पर लोग भयभीत होते थे, वही आजमगढ़ आज कला, शिक्षा-साहित्यकारों व विकास के लिए देश-दुनिया के अंदर पहचान बना रहा है।

# विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत में महिलाओं का योगदान अहम: स्मृति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को यहां एनबीटी ऑल वुमन बाइक रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही हैं।

हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित हुई यह ऑल वुमन बाइक रैली कनॉट प्लेस से शुरू हुई। इस 15 किलोमीटर की रैली में करीब 2,000 महिलाओं और लड़कियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान स्मृति



ईरानी के अलावा दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना और केंद्रीय रेल राज्य मंत्री एवं कपड़ा राज्य मंत्री दर्शना जरदोश भी मौजूद थी। दर्शना जरदोश ने इस मौके पर खुद स्कूटी चलाकर महिलाओं के हौसला को बढ़ाया। स्मृति ईरानी ने ट्विटर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टैग करते हुए लिखा, प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी जी के विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपना अहम योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि यह रैली नारी शक्ति के अदम्य साहस एवं शक्ति का प्रस्तुतिकरण है।

सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता की भावना के साथ नए भारत के निर्माण हेतु देश की प्रत्येक बेटी आज आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है।

इस रैली में महिलाएं सिर्फ शक्ति और साहस के रूप में नहीं, बल्कि संकल्प के रूप में उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि इन सड़कों ने जीवन की आपाधापी देखी है, कई जुलूस, मार्च, आंदोलन देखे हैं, लेकिन आज मातृशक्ति के सकारात्मक आंदोलन ने इस बाइक रैली के तौर पर परचम लहराया है।

दर्शना जरदोश ने कहा कि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जहां महिलाएं आगे नहीं बढ़ रही हैं। रेलवे में भी महिलाएं काफी आगे हैं। वंदेभारत भी महिलाएं चला रही हैं, लोको पायलट भी हैं और ट्रैक मेंटेनेंस भी करती हैं।

# क्या सीईसी या मोदी सरकार से मतभेद के कारण गोयल ने इस्तीफा दिया : कांग्रेस

**नई दिल्ली** । अरुण गोयल के निर्वाचन आयुक्त पद से इस्तीफा देने के एक दिन बाद कांग्रेस ने इस पर रिएक्ट किया है। कांग्रेस ने पूछा कि क्या उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) या नरेंद्र मोदी सरकार के साथ किसी मतभेद के कारण यह कदम उठाया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूछा कि क्या अरुण गोयल ने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया है। जैसा कि उन्होंने अपने त्याग पत्र में इसका उल्लेख किया है या कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की तरह बीजेपी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया है। जयराम रमेश ने कहा कि कल अरूण गोयल ने इस्तीफा दिया इससे मेरे मन में सवाल उठ रहे।



उन्होंने जो सवाल किए वो इस प्रकार हैं-

1. क्या अरुण गोयल ने वास्तव में मुख्य निर्वाचन आयुक्त या मोदी सरकार के साथ मतभेदों के कारण इस्तीफा दिया
2. या फिर उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया
3. या उन्होंने, कुछ दिन पहले कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की तरह, बीजेपी के टिकट पर आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए इस्तीफा दिया है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि निर्वाचन आयोग आठ महीने से वोटर वेरिफाएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के मुद्दे पर विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल दलों से मिलने से इनकार कर रहा है। वहीं हेरफेर को रोकने के लिए वीवीपैट बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के भारत में हर गुजरता दिन लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर अतिरिक्त आघात करता है। अरुण गोयल के इस्तीफे के बारे में पूछे जाने पर खरगे ने कहा कि मैं सोच रहा था कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने इस्तीफा दे दिया और अगले दिन भाजपा में शामिल हो गए। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को अपशब्द कहने लगे।

# जब तक राहुल कांग्रेस में हैं, पार्टी को कोई नहीं बचा सकता : आचार्य प्रमोद



**संभल** । कांग्रेस से निष्कासित नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने रविवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जब तक वह (राहुल) पार्टी में हैं, कांग्रेस को कोई नहीं बचा सकता। कृष्णम ने संवाददाताओं से बातचीत में यहां कहा कि कांग्रेस की बर्बादी के लिए केवल एक व्यक्ति जिम्मेदार है, जिसका नाम राहुल गांधी है। जब तक राहुल गांधी कांग्रेस में हैं, कांग्रेस को कोई नहीं बचा सकता।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा के बारे में उन्होंने कहा कि वह खुद अपने अस्तित्व के लिये लड़ रही हैं। उन्हें भी पार्टी में सम्मान नहीं मिल रहा है। उन्हें भी कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई है, जबकि वह कांग्रेस पार्टी की सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं।

कल्कि धाम के पीठाधीश्वर कृष्णम को फरवरी में कांग्रेस पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

# कांग्रेस ने छह बार संसदीय सीट पर किया था कब्जा

**हमीरपुर लोकसभा**



**हमीरपुर।** हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी की संसदीय सीट पर अब तक कांग्रेस छह बार कब्जा कर चुकी है, लेकिन इस बार होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा इस रिकार्ड को तोड़ सकती है। अठाहरवीं लोकसभा के चुनाव को लेकर फिलहाल कांग्रेस और भाजपा समेत अन्य प्रमुख दलों ने तैयारियां शुरू कर दी है। हमीरपुर, महोबा, तिंदवारी लोकसभा क्षेत्र में साढ़े सत्रह लाख से अधिक मतदाता है। इनमें पिछड़ी और क्षत्रिय ब्राह्मण मतदाता की एकजुटता से चुनाव के समीकरण उम्मीदवारों के गड़बड़ा जाते हैं। जातीय मतों पर नजर डालें तो 28 फीसदी दलित, मुस्लिम नौ फीसदी, ब्राह्मण 14 फीसदी, यादव, लोधी, कुशवाहा सात-सात फीसदी व 13 फीसदी क्षत्रिय के अलावा अन्य बिरादरी के मत हैं। संसदीय क्षेत्र में शुरू से अब तक हुए आम चुनाव के नतीजे पर नजर डालें तो यहां की सीट पर कांग्रेस ने लगातार हैट्रिक लगायी है। वर्ष 1952 के लोकसभा चुनाव में एलएल द्विवेदी ने जीत का परचम फहराया था। उन्हें उस जमाने में 32.7 प्रतिशत वोट मिले थे। एमएल द्विवेदी वर्ष 19957 के लोकसभा चुनाव दोबारा सांसद बने थे। उन्हें 28.6 फीसदी मत मिले थे। वर्ष 1962 के लोकसभा चुनाव में एमएल द्विवेदी ने तीसरी बार कांग्रेस का मान रखते हुये जीत का परचम फहराया था। उन्हें 47.9 फीसदी वोट मिले थे। वर्ष 1967 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनसंघ पार्टी ने यहां की सीट पर कब्जा कर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस को बाहर कर दिया था। भाजसं प्रत्याशी स्वामी ब्रह्मानंद को 54.1 फीसदी मत मिले। वर्ष 1971 के लोकसभा चुनाव में स्वामी ब्रह्मानंद ने भारतीय जनसंघ पार्टी छोड़ कांग्रेस के टिकट से अपनी किस्मत आजमायी और दोबारा जीत कर वह लोकसभा पहुंचे। उन्हें 52.0 प्रतिशत मत मिले। वर्ष 1977 के आम चुनाव में बीएलडी के प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह ने पहली बार हमीरपुर संसदीय सीट पर जीत का परचम फहराया। उन्होंने सर्वाधिक 54.1 प्रतिशत मत हासिल किये। वर्ष 1980 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने फिर बाजी मारी। कांग्रेस प्रत्याशी डूंगर सिंह ने 44.2 प्रतिशत मत पाये। वर्ष 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने दोबारा सीट पर कब्जा जमाया। कांग्रेस उम्मीदवार स्वामी प्रसाद सिंह ने जातीय समीकरणों के कारण 52.6 फीसदी मत हासिल किये। वर्ष 1989 के लोकसभा चुनाव पहली बार जनता दल ने हमीरपुर महोबा संसदीय सीट पर कब्जा किया। जनता दल प्रत्याशी गंगाचरण राजपूत ने 42.9 प्रतिशत मत हासिल किये। अयोध्या में रामजन्म भूमि के मुद्दे पर भाजपा की पूरे देश में लहर चली और 1991 के लोकसभा चुनाव में पंडित विश्वनाथ शर्मा ने भाजपा के टिकट से चुनाव लड़ा और 24.5 फीसदी मत हासिल कर यहां की सीट पर जीत दर्ज करायी। वर्ष 1996 के आम चुनाव में जनता दल छोड़ भाजपा में आये गंगाचरण राजपूत ने भारी मतों से जीत दर्ज करायी। भाजपा प्रत्याशी को 39.72 प्रतिशत मत मिले। वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने तीसरी बार सीट पर कब्जा किया। भाजपा प्रत्याशी गंगाचरण राजपूत को 35.1 प्रतिशत मत मिले। वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में पहली बार बसपा ने जातीय समीकरणों के उलटफेर से यहां की सीट पर जीत का परचम फहराया। बसपा प्रत्याशी अशोक सिंह चंदेल ने 34.99 प्रतिशत मत पाये। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में पहली बार समाजवादी पार्टी ने हमीरपुर-महोबा संसदीय सीट पर कब्जा किया। सपा प्रत्याशी राजनारायण बुधौलिया ने 36.5 प्रतिशत मत हासिल किये। 2009 में बसपा से विजय बहादुर सिंह तथा 2014 में भाजपा से पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल चुने गये। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी की लहर पूरे देश में चली जिसमें भी दल इधर उधर बिखर गये। पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल, भाजपा के टिकट से पहली बार चुनाव लड़े और कांग्रेस प्रत्याशी सिद्ध गोपाल साहू को कड़ी चुनौती देते हुये जीत का परचम फहराया। उन्हें 453884 मत मिले जबकि सपा प्रत्याशी विशम्भर प्रसाद निषाद को 187096 मत मिले। 176356 मत पाकर तीसरे स्थान पर रही जबकि कांग्रेस 78229 मत पाकर चौथे स्थान पर चली गयी।

वर्ष 1952 से लेकर 1962 तक हमीरपुर महोबा संसदीय सीट पर लगातार कांग्रेस का कब्जा रहा है लेकिन 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस के मजबूत गढ़ को ध्वस्त कर यहां की सीट पर कब्जा कर लिया था।

# बढ़ती गर्मी गेहूं के लिए घातक, किसान परेशान

**औरैया।** बढ़ती गर्मी इंसानों के साथ-साथ फसलों को भी प्रभावित कर रही है। किसानों को डर है कि बढ़ती गर्मी कहीं उनके अरमानों को झुलसा न दे। पहले बरसात ने उनके अरमानों पर पानी फेरा था। अब इन दिनों हो रही चटक धूप फसल को नुकसान पहुंचा सकती है।



सोमवार को न्यूनतम तापमान 15 व अधिकतम तापमान 30 डिग्री दर्ज किया गया। जो गेहूं की फसल के लिहाज से मुफीद नहीं है। मौसम वैज्ञानिक गेहूं की फसल में 15 से 20 फीसदी तक नुकसान की आशंका जता रहे हैं। इस बार गेहूं की फसल पर शुरू से ही मौसम की मार रही है। सर्दियों में बेमौसम बरसात से गेहूं की फसल प्रभावित हुई। जलभराव होने से किसानों को भारी नुकसान हुआ। अब अचानक गर्म मौसम से गेहूं की फसल को नुकसान है। इन दिनों किसान बेहद चिंतित हैं अधिकतम तापमान 30 व न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। गेहूं की अच्छी पैदावार के लिए अधिकतम तापमान 16 से 18 डिग्री सेल्सियस चाहिए। जबकि इन दिनों तापमान बहुत अधिक बढ़ा हुआ है। कृषि विभाग के ब्लॉक प्रभारी डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि ऐसा मौसम गेहूं की फसल के लिए नुकसान दायक साबित हो सकता है।

# मीरजापुर में 82 लोगों पर हुई जिला बदर की कार्रवाई

## लोकसभा चुनाव के मध्येनजर पुलिस अपराधियों पर रख रही है नजर



**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाही एवं पैरवी के फलस्वरूप जनपद के कुल 82 अपराधियों को जिलाबदर कराया गया है। ऐसे लोगों को चेतावनी दी गई है कि जिलाबदर अवधि में जनपद की सीमा में पाये जाने पर की जायेगी कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 तथा आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी पीयूष मोर्डिया व पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आरपी सिंह के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन के नेतृत्व में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए सर्किल नगर, सदर, लालगंज, चुनार व ऑपरेशन क्षेत्र के थानों पर पंजीकृत–महिला सम्बन्धित अपराध अपहरण, छेड़खानी व दुष्कर्म, गो-तस्करी, गोवध, मादक पदार्थों की तस्करी, गैंगेस्टर, अवैध शराब निर्माण व बिक्री, लूट, अपहरण, सरकारी कार्य में बाधा, जबरदस्ती वसूली, बलवा, हत्या का प्रयास, अवैध हथियार, चोरी करना व चोरी, लूट का माल बरामद होना, धोखाधड़ी, आपराधिक न्यासभंग, अपराध की साजिश, गंभीर चोट पहुंचाना, चोरी की योजना बनाने से सम्बन्धित अपराधों में चिह्नित अभियुक्तों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट के तहत जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष रिपोर्ट प्रेषित कर प्रभावी पैरवी कराते हुए कुल 82 अभियुक्तों को जिलाबदर घोषित कराया गया है। जिला बदर अपराधियों को निर्धारित समयावधि के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित किया गया है। जनपदीय पुलिस अधिकारीगण द्वारा जिलाबदर अपराधियों के घर एवं गांवों में मुनादी, डुग्गी के साथ घोषणा की जा रही है कि जिलाबदर अपराधी यदि जिलाबदर अवधि में जनपदीय सीमा में लुक-छिपकर निवास करते हुए पाये जाते है तो इनके विरूद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। आम जनमानस से भी अपील की जाती है कि जिला बदर अपराधी यदि आपके गांव या आसपास लुक-छिपकर निवास कर रहे हो तो इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को देने का कष्ट करें। सर्किल नगर के थानों द्वारा 11 जिलाबदर, सर्किल सदर के थानों द्वारा 20 जिलाबदर, सर्किल लालगंज के थानों द्वारा 14 जिलाबदर, सर्किल चुनार के थानों द्वारा 16 जिलाबदर व सर्किल ऑपरेशन के थानों द्वारा 21 जिला बदर इस प्रकार कुल 82 है।

# देश के निर्माण क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा लखनऊ का लाइट हाउस प्रोजेक्ट

**लखनऊ,।** राजधानी लखनऊ के शहरी गरीब परिवारों के लिए रविवार का दिन यादगार बन गया। अपने आशियाने का सपना देख रहे 1040 परिवारों को आखिरकार प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत उनके सपनों का घर मिल गया। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार की ओर से जब लाभार्थियों को उनके अपने मकान की चाभी सौंपी गई तो उनके चेहरों पर मुस्कान तैर गई। उल्लेखनीय है कि अपने दो दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लखनऊ में निर्मित लाइट हाउस प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया। प्रोजेक्ट के तहत इन आवासों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग किया गया है। निर्मित मकान आपदारोधी व पर्यावरण के अनुकूल हैं। माना जा रहा है कि लखनऊ में बना लाइट हाउस प्रोजेक्ट प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के निर्माण क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा।

**नवीनतम तकनीक का प्रयोग**

आजमगढ़ में प्रधानमंत्री मोदी के लाइट हाउस प्रोजेक्ट का लोकार्पण करते ही अवध विहार योजना तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी। मौके पर मौजूद बड़ी संख्या में लाभार्थियों के चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि राज्य नगरीय विकास अभिकरण सूडा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अंतर्गत लखनऊ में लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण कराया गया है। योजना में 1,040 आवास बनाए गए हैं। इन आवासों के निर्माण में नवीनतम तकनीकी का प्रयोग किया गया है। निर्मित मकान आपदारोधी व पर्यावरण के अनुकूल हैं।

# होमगार्ड और पुत्र को पीटने पर छह हमलावर नामजद

हमीरपुर। होमगार्ड और उसके पुत्र को आधा दर्जन लोगों ने लाठी से हमला कर सिर फोड़ दिया था। रविवार को पुलिस ने घायल होमगार्ड के पुत्र की तहरीर पर छह हमलावरों पर नामजद मुकदमा दर्ज किया है। राठ कोतवाली के कुर्रा गांव निवासी जीतेन्द्र अहिरवार ने बताया कि गांव के योगेन्द्र राजपूत ने फोन करके ई रिक्शा को लेकर बैंक के पास बुलाया। जैसे ही वह ई रिक्शा लेकर पहुंचा तो वहां मौजूद योगेन्द्र, उमेश राजपूत, सतीश यादव, आशीष उर्फ डबूला, भूपेंद्र राजपूत, मुमताज व आधा दर्जन लोग जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उस पर लाठी से हमला कर दिया। मारपीट की सूचना पर पहुंचे पिता गयाप्रसाद व मां फूला रानी को भी लाठियों से जमकर पीटा। मारपीट से उसके पिता बेहोश हो गए। उसे व उसके पिता को सिर पर गंभीर चोटें आईं हैं।